

सौरभ गांगुली का विराट-रोहित...

हिन्दी दैनिक
# दबंग हिन्द
जन की बात, सबके साथ
RNI NO. JHAHIN/2013/54377
रांची संस्करण





.15 मई से पहले केजरीवाल के ...

वर्ष : 12 | अंक : 110 | रांची (झारखंड) | E-mail : dabanghind@gmail.com | मंगलवार, 23 अप्रैल 2024 | website : www.dabanghind.com | मूल्य - ₹ 2

## एक नजर

### बिना चुनाव लड़े बीजेपी ने सूरत लोकसभा सीट जीती

**अहमदाबाद।** गुजरात की सूरत लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार मुकेश दलाल निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिए गए हैं। कांग्रेस



उम्मीदवार निलेश कुंभानी का नामांकन पत्र रद्द हो गया है और बसपा समेत अन्य निर्दलीय उम्मीदवारों द्वारा पर्चा वापस लेने के बाद दलाल निर्विरोध निर्वाचित हो गए। इससे पहले मध्य प्रदेश के खजुराहो में सपा और कांग्रेस के संयुक्त प्रत्याशी का नामांकन रद्द हो गया था। हालांकि खजुराहो में चुनाव होगा। सूरत में कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी का नामांकन रद्द होने के बाद सभी निर्दलीय उम्मीदवारों ने भी अपना पर्चा वापस ले लिया। इसलिए भाजपा प्रत्याशी मुकेश दलाल को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया। निर्वाचन अधिकारी ने दलाल को निर्वाचित होने का प्रमाण पत्र भी दे दिया है।

### राखी सावंत पर लटकी गिरफ्तारी की तलवार

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड की ड्रामा क्वीन राखी सावंत हमेशा किसी न किसी वजह से चर्चा में रहती हैं। फिलहाल राखी सावंत अपनी पर्सनल लाइफ के



कारण सुर्खियों में हैं। राखी सावंत को उनके पूर्व पति आदिल दुर्रानी का अश्लील वीडियो लीक होने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा झटका दिया है। बॉम्बे हाई कोर्ट के आदेश के मुताबिक सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें चार हफ्ते के अंदर सरेंडर करने का आदेश दिया है। इसके साथ ही एक्ट्रेस ने कुछ दिन पहले सुप्रीम कोर्ट में जमानत के लिए याचिका दायर की थी, जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया था।

### कन्नौज से लालू के दामाद को टिकट

**कन्नौज।** समाजवादी पार्टी ने कन्नौज लोकसभा सीट के लिए अपने उम्मीदवार चयन को लेकर चल रही अटकलों पर स्पष्टता ला



दी है। उम्मीदवारों की हालिया घोषणा में, पार्टी ने सोमवार को तेज प्रताप सिंह यादव को कन्नौज लोकसभा सीट के लिए अपना उम्मीदवार नामित किया। गौरतलब है कि यह घोषणा अखिलेश यादव के कन्नौज सीट से चुनाव लड़ने की बढ़ती अटकलों पर पूर्ण विराम लगाने के बाद हुई है। 2015 में तेज प्रताप ने लालू प्रसाद यादव और राबड़ी देवी की सबसे छोटी बेटी राज लक्ष्मी यादव से शादी की थी। इसके अलावा तेज प्रताप यादव की उम्मीदवारी की घोषणा के साथ ही पार्टी ने बलिया सीट से सनातन पांडे को भी मैदान में उतार दिया है। कन्नौज उत्तर प्रदेश के लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में से एक है। राज्य में 80 संसदीय सीटें हैं।

# 29 अप्रैल को कल्पना गांडेय सीट के लिये करेंगी नामांकन



दबंग हिंद संवाददाता

**रांची।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना मुर्मू सोरेन 29 अप्रैल को गांडेय सीट के लिये नामांकन दाखिल करेंगी। कल्पना सोरेन अब सक्रिय रूप से राजनीति हिस्सा बन गई हैं। वह लगातार एक के बाद एक सभाओं को संबोधित कर रही हैं। रविवार को ही उन्होंने उलगुलान महारैली जैसे बड़ी सभा में हुंकार भरी थी। बता दें कि बीजेपी ने गांडेय विधानसभा उपचुनाव के लिए दिलीप कुमार वर्मा को अपना प्रत्याशी बनाया है। गांडेय उपचुनाव 20 मई को होना है, यह चुनाव काफी दिलचस्प होगा।

### 31 दिसंबर से खाली है सीट

गौरतलब है कि गांडेय विधानसभा क्षेत्र के लिए उपचुनाव 20 मई को होंगे। गिरिडीह जिले की गांडेय सीट झारखंड मुक्ति मोर्चा विधायक सरफराज अहमद के इस्तीफे के बाद खाली हुई है। 31 दिसंबर को विधानसभा सचिवालय की एक अधिसूचना में कहा गया था कि जनता को सूचित किया जा रहा है कि झारखंड विधानसभा अध्यक्ष ने गांडेय के विधायक सरफराज अहमद का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। यह सीट 31 दिसंबर, 2023 से खाली है।

बता दें कि हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी 31 जनवरी को हुई है। उनकी गिरफ्तारी के कुछ दिनों के बाद से ही कल्पना ने राजनीति ज्वाइन कर ली है और अब वह केंद्र की भाजपा सरकार के साथ आंख में आंख मिलाकर बात करते हीं।

# युवक ने परिवार के तीन सदस्यों की धारदार हथियार से की हत्या

- दो अन्य घायल
- देर रात शराब के नशे में घटना को दिया अंजाम
- चचेरे भाई और उनकी पत्नी को भी किया घायल

दबंग हिंद संवाददाता

**लातेहार :** झारखंड के लातेहार जिला अंतर्गत डबरी गांव में एक युवक ने पिता सहित परिवार के तीन लोगों को धारदार हथियार से काट डाला। उसने दो अन्य लोगों पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया। वारदात रविवार देर रात की है, जिसकी जानकारी पुलिस को सोमवार को मिली। आरोपी युवक का नाम रंजन उरांव है, जो फिलहाल फरार है। बताया गया कि वह देर रात शराब के नशे में घर आया। शोर-शराबा होने पर उसने सामने आए चचेरे भाई अमलेश उरांव और उनकी पत्नी हीरामनी देवी पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया। सोमवार सुबह सरयू थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।



### देर रात शराब के नशे में घटना को दिया अंजाम

आरोपी युवक का नाम रंजन उरांव है, जो फिलहाल फरार है। बताया गया कि वह देर रात शराब के नशे में घर आया। इसके बाद किसी बात को लेकर विवाद होने पर उसने पहले पिता सूरज उरांव की हत्या कर दी। बीच-बचाव में आई भाभी अनुपमा देवी और रिश्तेदार मंसूरिया देवी पर भी उसने कुल्हाड़ी से हमला कर दोनों की जान ले ली।

### चचेरे भाई और उनकी पत्नी को भी किया घायल

शोर-शराबा होने पर उसने सामने आए चचेरे भाई अमलेश उरांव और उनकी पत्नी हीरामनी देवी पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया। सोमवार सुबह सरयू थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

### अमित शाह ने नक्सलियों को दी चेतावनी, बोले-

# आत्मसमर्पण करें नहीं तो जड़ से उखाड़ दिया जाएगा

**रायपुर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 22 अप्रैल को दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने देश से आतंकवाद को खत्म कर दिया है जबकि नक्सलवाद खत्म होने की कगार पर है। छत्तीसगढ़ के कांकेर शहर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए, शाह ने नक्सलियों से आत्मसमर्पण करने के लिए भी कहा, अन्यथा उन्हें दो साल में राज्य से जड़ से उखाड़ दिया जाएगा।

शाह ने कहा कि 17 अप्रैल, 2024 को हम सबने अपने जीवन का अनुपम दृश्य देखा। 500 वर्षों से टेंट में बैठे रामलला ने अपना जन्मदिन भव्य मंदिर में मनाया, जहां उनका सूर्यतिलक किया गया। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने बीते 10 वर्षों में बहुत



बड़ा परिवर्तन किया। मोदी जी ऐसे प्रधानमंत्री हैं, जिनके पास 10 साल का ट्रैक रिकॉर्ड भी है और आने वाले 25 वर्षों का एजेंडा भी है। अब आगे के लिए मोदी जी की गारंटी है कि 70 वर्ष से अधिक के आयु वाले बुजुर्गों को भी आयुष्मान योजना के तहत मुफ्त इलाज दिया जाएगा। विपक्ष पर वार करते हुए कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे जी कहते हैं कि छत्तीसगढ़ का जम्मू-कश्मीर से क्या लेना देना है। खड़गे जी, आपकी और राहुल बाबा की चाहे जो सोच हो... लेकिन कश्मीर के लिए छत्तीसगढ़ का बच्चा-बच्चा अपनी जान देने के लिए तैयार है। शाह ने कहा कि इस देश से नरेन्द्र मोदी ने आतंकवाद को समाप्त किया और नक्सलवाद समाप्ति की कगार पर है।

### 'देश से बड़ा कुछ नहीं', अलीगढ़ में बोले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी-

# विकसित भारत की चाबी भी आपके ही पास है

**अलीगढ़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ में एक चुनावी सभा को संबोधित किया। अपने संबोदन में मोदी ने कहा कि पिछली बार जब मैं अलीगढ़ आया था, तब मैंने आप सबसे अनुरोध किया था कि सपा और कांग्रेस के परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण की फैक्टरी में ताला लगा दीजिए। आपने ऐसा मजबूत ताला लगाया कि दोनों शहजादों को आज तक इसकी चाबी नहीं मिली है। मोदी ने कहा कि अच्छे भविष्य, विकसित भारत की चाबी भी आपके ही पास है। अब देश को गरीबी से पूरी तरह मुक्त करने, देश को भ्रष्टाचार से पूरी तरह मुक्त कराने का, देश को परिवारवादी राजनीति से मुक्त कराने का समय आ गया है। इसके लिए जरूरी है - फिर एक बार मोदी सरकार। उन्होंने कहा कि देश से बड़ा कुछ नहीं होता। देश का इतना महत्वपूर्ण चुनाव चल रहा है, हमें सारे काम छोड़कर वोट करना चाहिए। सुबह-सुबह धूप



निकलने से पहले, जलपान से पहले आपको मतदान करना चाहिए। नरेंद्र मोदी ने कहा कि पहले आर्टिकल 370 के नाम पर जम्मू-कश्मीर में अलगाववादी शान से जीते थे और हमारे फौजियों पर पत्थर चलाते थे। अब इन सब पर फुल स्टॉप लग गया है। उन्होंने कहा कि दंगे, हत्या, गैंगवार, फिरौती आदि तो सपा सरकार का ट्रेडमार्क ही था, यही उनकी पहचान थी और उनकी राजनीति भी इसी से चलती थी। लेकिन अब योगी जी की सरकार में अपराधियों की हिम्मत नहीं है कि वो नागरिकों का अमन-चैन बिगाड़ें। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस और सपा जैसी पार्टियों ने हमेशा तुष्टिकरण की राजनीति की और मुसलमानों के राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक उत्थान के लिए कभी कुछ नहीं किया। जब मैं पसमांदा मुसलमानों की मुसीबत की चर्चा करता हूं, तो इनके बाल खड़े हो जाते हैं। क्योंकि ऊपर के लोगों ने मलाई खाई और पसमांदा मुसलमानों को उनके हालात पर जीने के लिए मजबूर कर दिया गया। उन्होंने कहा कि तीन तलाक से पीड़ित कितनी ही बेटियों का जीवन तबाह हो गया था। अब मोदी ने तीन तलाक के खिलाफ कानून बनाकर उनका जीवन सुरक्षित किया है। उन्होंने कहा कि आज न सिर्फ भारत का हज कोटा बढ़ा है बल्कि वीजा नियमों को भी आसान बनाया गया है। सरकार ने महिलाओं को बिना महरम हज जाने की अनुमति भी दी है। उन्होंने कहा कि आजकल मैं कहता हूं कि 10 साल में जो किया वो तो ट्रेलर है, हमें तो अभी बहुत सारा काम करना है। जब मैं इतनी सारी बातें करता हूं, तो सपा और कांग्रेस वालों के कुछ समझ में ही नहीं आता। विपक्ष पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा कि ये इंडी गठबंधन वाले इतनी निराशा में डूबे हुए हैं कि भविष्य की ओर देखने के लिए इनमें हौंसला ही नहीं रहा। ये कहते हैं कि मोदी विकसित भारत की बात क्यों करता है, ये कहते हैं कि मोदी भारत को तीसरी बड़ी आर्थिक ताकत बनाने की बात क्यों करता है? ये लोग अपने परिवार और सत्ता के लोभ के अलावा कुछ नहीं करते और जनता से छलावा करते रहते हैं।

# पद्म पुरस्कार: वेंकैया नायडू, मिथुन चक्रवर्ती समेत कई हस्तियों को राष्ट्रपति मुर्मू ने किया सम्मानित

**नई दिल्ली।** पद्म पुरस्कारों के लिए चुनी गई हस्तियों को राष्ट्रपति मुर्मू ने सोमवार को पुरस्कार दिए. पूर्व उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू, अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती, सिंगर उषा उत्थुप, भजन-गायक कालूराम बामनिया, तेजस मधुसूदन पटेल, बांग्लादेश की गायिका रेजवाना चौधरी व अन्य हस्तियों ने पुरुस्कार लिए.

पद्म पुरस्कारों के लिए चुनी गई हस्तियों को राष्ट्रपति मुर्मू ने सोमवार को राष्ट्रपति भवन में पुरस्कार दिए. इन महान शख्सियतों को सम्मानित किए जाने के मौके पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री एस. जयशंकर समेत मोदी



कैबिनेट के तमात नेता मौजूद रहे. राष्ट्रपति ने पूर्व उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू को सार्वजनिक कार्यों, अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती को कला के क्षेत्र, सिंगर उषा उत्थुप और बिंदेश्वर पाठक (मरणोपरांत) को सामाजिक कार्यों को सम्मानित किया. बिंदेश्वर पाठक की पत्नी अमोला पाठक ने पुरस्कार लिया.

राष्ट्रपति मुर्मू ने भजन-गायक कालूराम बामनिया को कला के क्षेत्र में, चिकित्सा के क्षेत्र में तेजस मधुसूदन पटेल को, बांग्लादेश की गायिका रेजवाना चौधरी बान्या को कला के क्षेत्र में, नसीम बानो कला के क्षेत्र में, टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना, द्रोण भुइयां कला के क्षेत्र में, चिकित्सा के क्षेत्र में मनोहर कृष्ण डोले व विज्ञान और इंजीनियरिंग के क्षेत्र में राम चेत चौधरी को पद्मश्री से सम्मानित किया. इसके साथ ही पैरा स्विमर सत्येंद्र सिंह लोहिया व्हील चेयर पर पुरुस्कार लेने पहुंचे. राष्ट्रपति ने आगे आकर उन्हें सम्मानित किया.

# एनआईए ने श्रीनगर में टेरर फंडिंग मामले में 9 ठिकानों पर छापेमारी

**श्रीनगर।** एनआईए ने श्रीनगर में आतंकवादी संगठनों के ठिकानों पर बड़े पैमाने में छापेमारी की. इस दौरान बड़ी मात्रा में आपत्तिजनक डेटा और दस्तावेजों वाले कई डिजिटल उपकरण भी जब्त किए गए.

श्रीनगर में आतंकवादी संगठनों और उनकी शाखाओं पर बड़े पैमाने पर कार्रवाई की गई. राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने सोमवार को पूरे कश्मीर में नौ स्थानों पर छापेमारी की. लश्कर-ए-तैयबा जैसे प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों की नवगठित शाखाओं और सहयोगियों से जुड़े हाइब्रिड आतंकवादियों और ओवरग्राउंड वर्कर्स के ठिकानों पर भी छापेमारी की गई.



इस दौरान बड़ी मात्रा में आपत्तिजनक डेटा और दस्तावेजों वाले कई डिजिटल उपकरण जब्त किए गए. साथ ही एलईटी, जैश-ए-मोहम्मद, हिज्ब-उल-मुजाहिदीन एचएम, अल-बद्र, अल-कायदा, आदि संगठनों के समर्थकों और कैडरों के परिसरों की भी बड़े पैमाने पर तलाशी ली गई.

### हिंसा फैलाने की साजिश

एनआईए आतंकवाद विरोधी एजेंसी द्वारा दर्ज किए गए मामले की छानबीन में जुट गई. जांच के दौरान सुबह कई संपत्तियों पर कार्रवाई की गई और तलाशी ली गई।

# गर्मी और लू की लहर से निपटने को चुनाव आयोग की हाई लेवल मीटिंग, स्पेशल टास्क फोर्स का गठन

**नई दिल्ली।** भीषण गर्मी के बीच चल रहे लोकसभा चुनावों को लेकर भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) ने सोमवार को हीटवेव और उमस के प्रभाव की समीक्षा करने के लिए एक टास्क फोर्स का गठन किया, जो प्रत्येक मतदान चरण से पांच दिन पहले ऐसा करेगी। शुक्रवार के दूसरे चरण के लिए, ईसीआई ने कहा, भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने सूचित किया है कि हीटवेव के संबंध में कोई बड़ी चिंता नहीं है और मौसम का पूवार्नुमान सामान्य है।

बैठक में लिए गए चार प्रमुख निर्णयों में टास्क फोर्स के गठन का निर्णय भी शामिल था। चुनाव आयोग ने कहा कि टास्क फोर्स में चुनाव पैनल, आईएमडी, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) और स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के अधिकारी होंगे। इसके अतिरिक्त,



चुनाव निकाय ने स्वास्थ्य मंत्रालय को चुनाव संचालन को प्रभावित करने वाली स्थितियों के लिए तैयारी के लिए आवश्यक निर्देश जारी करने का निर्देश दिया।

मतदान केंद्रों के लिए शामियाना (टेंट), पीने के पानी, पंखे और अन्य सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाओं जैसी पर्याप्त व्यवस्था करने के लिए राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ) के साथ एक अलग समीक्षा बैठक आयोजित करने का भी निर्णय लिया गया। ईसीआई ने मतदान केंद्रों वाले क्षेत्रों में गर्मी के प्रभाव को कम करने के लिए एहतियाती उपायों (क्या करें और क्या न करें) के बारे में जनता के बीच जागरूकता फैलाने के लिए गतिविधियां चलाने का भी निर्णय लिया।

बयान में कहा गया है कि आयोग मौसम रिपोर्टों पर बारीकी से नजर रख रहा है और मतदान कर्मियों, सुरक्षा बलों,

### झारखंड में 'राहत' की बारिश के आसार

दबंग हिंद संवाददाता

**रांची :** झारखंड के मौसम में एक बार फिर बदलाव देखने को मिल रहा है। तीन-चार दिनों तक तेज धूप के बाद आसमान में बादल छाये रहने से थोड़ी राहत मिली है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य के विभिन्न हिस्सों में हल्की बारिश से दो दिनों तक राहत मिलने की उम्मीद है, लेकिन इसके बाद एक बार फिर से अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की जाएगी। राजधानी रांची में भी सोमवार सुबह से आसमान में बादल छाए रहने से भीषण गर्मी से परेशान लोगों को थोड़ी राहत मिली है।

**रांची में दो दिनों तक हल्की बारिश की संभावना**

झारखंड में कुछ शहरों का अधिकतम तापमान रविवार को 46 डिग्री तक पहुंच गया है। जबकि अधिकांश शहरों का अधिकतम तापमान 40 डिग्री से ऊपर है। मौसम विभाग की ओर से सोमवार दोपहर बाद रांची और आसपास के इलाके में बारिश की संभावना जताई गई है। इससे तापमान में दो से तीन डिग्री की गिरावट दर्ज हो सकती है। मौसम विभाग ने अधिकतम तापमान 37 डिग्री तक रहने की संभावना व्यक्त की है। रांची और आसपास के क्षेत्रों में मंगलवार को भी कहीं-कहीं हल्की बारिश का अनुमान है। मौसम विभाग के अनुसार 22 और 23 अप्रैल को रांची के अलावा गुमला, खूंटी, लोहरदगा और सिमडेगा सहित राज्य के दक्षिणी और मध्य हिस्से में बारिश होने की संभावना है। इस दौरान आंधी भी चलेगी। वज्रपात भी हो सकता है। बारिश के बाद इन दिनों के अधिकतम तापमान में 3 से तीन डिग्री तक गिरावट की उम्मीद है।

# बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाला : 23000 टीचर्स को झटका, सैलरी लौटाने का आदेश

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के 23 हजार टीचर्स की नौकरी खतरे में पड़ गई है। आज कलकत्ता हाईकोर्ट ने साल 2016 के शिक्षक भर्ती घोटाले में फैसला सुनाते हुए ममता बनर्जी सरकार और टीचर्स को झटका दिया है। हाईकोर्ट ने 2016 में हुई शिक्षक भर्ती को रद्द कर दिया है। स्कूल सेवा आयोग द्वारा स्थापित अवैध पैनल को रद्द कर दिया है।

पूरे पैनल को निरस्त करने को कहा है, जिसके परिणामस्वरूप 23 हजार शिक्षकों को अपनी नौकरी से हाथ धोना पड़ेगा। उनको 6 सप्ताह के अंदर सैलरी लौटाने का आदेश भी दिया गया है। वहीं हाईकोर्ट के आदेश हैं कि उइक अपनी जांच जारी रखे और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करे। स्टाफ सेलेक्शन कमीशन भर्ती के लिए नया पैनल गठित करे।

जानें क्या है घोटाला और पूरा मामला? मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, साल 2014 में पार्थ चटर्जी के शिक्षा मंत्री रहते ह ए



पश्चिम बंगाल के स्टाफ सेलेक्शन कमीशन ने टीचर्स भर्ती का नोटिफिकेशन जारी किया। 2016 में भर्ती प्रक्रिया पूरी हुई, लेकिन आवेदकों ने गड़बड़ी के आरोप लगाते हुए कोलकाता हाईकोर्ट में याचिका दायर की। आरोप लगाया कि भर्ती में सिफारिशी आवेदकों को प्राथमिकता दी गई। नंबर कम होने के बावजूद नौकरियां दी गईं, जबकि नौकरी पाने वाले ज्यादातर लोगों ने ळएळ क्लीयर नहीं किया था।

5 साल चली सुनवाई के बाद मई 2022 में हाईकोर्ट ने सीबीआई को भर्ती की जांच करने के आदेश दिए, सबूत हाथ लगने पर एऊने उस समय शिक्षा मंत्री रहे पार्थ चटर्जी और उनकी करीबी अर्पित मुखर्जी को गिरफ्तार किया। इस कार्रवाई के बाद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पार्थ चटर्जी को पद से हटाते हुए पार्टी से निष्कासित कर दिया।

**जमानत याचिकाएं खारिज हुईं, विधायक गिरफ्तार किए गए**

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, मामले की जांच पूरी करने के बाद उइकने सितंबर 2023 में चार्जशीट दाखिल की, जिसमें पार्थ चटर्जी समेत 16 लोगों को आरोपी ठहराया गया। पार्थ जुलाई 2022 से ही जेल में दिन बिता रहे हैं।

## राजमिस्त्री सरवर हत्याकांड के अभियुक्त गिरफ्तार



**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**बेड़ो।** थाना क्षेत्र के कराँजी गाँव निवासी राजमिस्त्री सरवर हत्याकांड कांड सं0-40/24, धारा-302/201/34 भा०द०वि० के अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। हत्याकांड के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु वरीय पुलिस अधीक्षक राँची के द्वारा पुलिस अधीक्षक ग्रामीण रॉंची के निर्देशन में डीएसपी अखिल नितिश कुजूर के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए मृतक का पेशन प्रो मोटरसाईकिल नं0-खल01उ्ळ-4705 घटनास्थल से करीब 500 मीटर की दूरी पर खेत मे बरामद किया गया है। और प्रा०अभि० 1. पंचम उरांव 20 वर्ष, पिता एतवा उरांव, 2. शंकर उरॉव उम्र करीब 23 वर्ष, पिता-सुकरा उरॉव, दोनों सा०-चरिमा पो० ईटा, थाना-बेड़ो, जिला-रॉची, 3. महावीर उरांव उम्र करीब 24 वर्ष पिता सोमा उरांव पता ग्राम तुरिअंबा थाना भरनो, जिला गुमला को छापामारी कर गिरफ्तार किया गया। तथा घटना में शामिल दो विधि विरूद्ध निरूद्ध किशोर को निरूद्ध किया गया। पुछ-ताछ के दौरान सभी के द्वारा अपना अपराध स्वीकार किया गया। पुलिस के द्वारा अग्रिम कार्रवाई कि जा रही है। छापामारी टीम में पुलिस उपाधीक्षक बेड़ो, अखिल नितिश कुजूर, पु०अ०नि० नकुल साह, थाना प्रभारी बेड़ो, पु०अ०नि० देव प्रताप प्रधान थाना प्रभारी नरकोपी पु०अ०नि० संतोष यादव थाना प्रभारी लापुंग पु०अ०नि० अभिषेक राय थाना प्रभारी नगड़ी पु०अ०नि० अभिषेक कुमार थाना प्रभारी ईटकी पु०अ०नि० नन्दु पैड़ा बेड़ो थाना पु०अ०नि० अनिल टोप्पो बेड़ो थाना व सशस्त्र बल शामिल थे।

# भाजपा का असली चेहरा लोग देख चुके, कांग्रेस की जीत सुनिश्चित : बंधु तिर्की

**रांची लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत रातू प्रखण्ड के कमड़े पंचायत के ग्राम दहिसोत बनहोरा में आम लोगों से मिले कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष श्री बंधु तिर्की।**



**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**रांची।** पूर्व मंत्री, झारखण्ड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य एवं झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि झारखण्ड सहित पूरे देश के लोग भारतीय जनता पार्टी का असली चेहरा देख चुके हैं और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की असलियत जान चुके हैं। उन्होंने कहा कि आम मतदाताओं के बलबूते आगामी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की जीत सुनिश्चित है। आज रांची लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत रातू प्रखण्ड के कमड़े पंचायत के ग्राम दहिसोत बनहोरा में आम लोगों से मुलाकात के दौरान श्री तिर्की ने कहा कि झारखण्ड में कांग्रेस की सहभागिता और मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के नेतृत्व में काम कर रही गठबंधन सरकार बढ़िया काम कर रही है। उन्होंने विशेष रूप से अबुआ आवास योजना का जिक्र करते हुए कहा कि जब केन्द्र सरकार के द्वारा पैसे को रोक दिया गया तब झारखण्ड सरकार ने अपना मजबूत कदम उठाते हुए दृढ़ इच्छाशक्ति का परिचय दिया और अबुआ आवास के तहत बड़ी संख्या में लोगों को लाभ पहुँचाया। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा कि झारखण्ड सरकार ने अपनी अन्य लाभकारी योजनाओं से लोगों को सीधा फायदा पहुँचाने के लिये मजबूत कदम बढ़ाया है और सरकार सही दिशा में काम करती रहेगी। मौके पर पार्टी कार्यकर्ता पंचायत मुखिया नीलम तिर्की, पूर्व मुखिया संजय तिर्की, समाजसेवी संजय तिर्की, प्रकाश तिर्की एवं अन्य उपस्थित रहे।

## गुमला पॉलिटेक्निक में चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**गुमला।** हर साल 22 अप्रैल को वर्ल्ड अर्थ-डे यानी विश्व पृथ्वी दिवस मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का मुख्य उद्देश्य लोगों को पर्यावरण को लेकर जागरूक करना है। वर्ष 2024 में विश्व पृथ्वी दिवस का थीम था प्लेनेट बनाम प्लास्टिक। धरती को जननी कहते हैं। धरती जानवरों से लेकर इंसानों तक को जीवन देती है। जिंदा रहने के लिए श्वास, जल और भोजन देती है। हालांकि इंसान पृथ्वी से प्राप्त तत्वों का भरपूर दोहन कर रहे हैं और उसे नुकसान पहुंचा रहे हैं। दिन पर दिन पृथ्वी और इसका वातावरण दूषित हो रहा है। ऐसे में विश्व प्रतिवर्ष 22 अप्रैल को अर्थ डे यानी पृथ्वी दिवस मनाता है। पृथ्वी दिवस मनाने का उद्देश्य वातावरण को संरक्षित करने के लिए लोगों को जागरूक करना है। इस दिन को मनाने की शुरूआत अमेरिकी सीनेटर जेराल्ड नेल्सन ने 1970 में की थी। पर्यावरणीय खतरे को कम करने के लिए लोगों को पृथ्वी द्वारा प्रदत्त चीजों के लिए धन्यवाद देना चाहिए और पृथ्वी दिवस पर प्रकृति के संरक्षण का संकल्प लेना चाहिए। गुमला पॉलिटेक्निक में भी आज विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया साथ ही सेमिनार के माध्यम से संस्थान के कर्मचारियों और छात्रों को पृथ्वी के संरक्षण हेतु क्या क्या कदम उठाने चाहिए, उसकी विस्तृत जानकारी प्रेजेंटेशन के माध्यम से दी गयी। साथ ही शपथ भी दिलाई गई। प्राचार्य डॉ शीबा नारायण साहू और मुख्य प्रशासनिक अधिकारी अजीत कुमार शुक्ल ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में ऑनलाइन जुड़ते हुए संस्थान के निदेशक श्री अभिजीत कुमार ने वातावरण पर प्लास्टिक के घातक प्रभाव पर प्रकाश डाला साथ ही सभी को प्लास्टिक कम से कम उपयोग करने की सलाह दी। चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर क्रमशः प्रिया कुमारी (इलेक्ट्रिकल ब्रांच), लक्ष्मी कुमारी (सिविल ब्रांच) और करीना टोप्पो (माइनिंग ब्रांच) रहे। साथ ही निबंध प्रतियोगिता में आकांक्षा गुरिया (इलेक्ट्रिकल ब्रांच), लक्ष्मी कुमारी (सिविल ब्रांच), अजित ताना भगत (ऑटोमोबाइल ब्रांच) क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे।




## धनबाद सीट से ढुल्लू महतो के खिलाफ चुनाव लड़ेंगे सरयू राय

**कहा- मुझे बीजेपी से कोई दिक्कत नहीं**



**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**जमशेदपुर।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा ने घोषणा कर दी है कि वह धनबाद लोकसभा सीट से चुनावी मैदान में उतरेगी, एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि पार्टी यहां से प्रत्याशी मैदान में उतारेगी. उन्होंने कहा कि पार्टी अगले 24 घंटे में प्रत्याशियों की घोषणा कर देगी. सरयू राय ने कहा की उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह को समर्थन नहीं दिया है. सरयू राय ने कहा कि अनुपमा सिंह उनसे मिलने जरूर आई थी लेकिन उन्होंने व्यक्तिगत आशीर्वाद दिया था जो एक बेटी और बहू को दिया जाता है। सरयू राय ने केंद्र की बीजेपी के पर जमकर प्रहार किया और कहा कि भाजपा के प्रदेश महामंत्री ने चुनाव आयोग में जो एफिडेविट दिया है उसके अनुसार भाजपा प्रत्याशी ढुलु महतो पर अभी 19 मामले लंबित है और केवल दो मामलों में ही सजा हुई है. जबकि वर्ष 2022 में धनबाद के एसपी ने झारखंड उच्च न्यायालय में एक रिपोर्ट दी थी जिसके अनुसार भाजपा प्रत्याशी ढुलू महतो पर इससे कहीं ज्यादा मामले लंबित है. साथ ही उन्हें चार मामलों में सजा हुई है. उन्होंने कहा कि लंबित मामलों में कई संगीन धाराएं वाले भी हैं, जिसमें 5 से 10 वर्ष तक की सजा हो सकती हैं। पार्टी की माने तो सरयू राय खुद धनबाद लोकसभा सीट से चुनाव लड़ सकते हैं. वह फिलहाल जमशेदपुर पश्चिमी सीट से विधायक हैं. यह सीट उन्होंने तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास की हराकर जीती थी. अगर सरयू राय धनबाद लोकसभा सीट से चुनाव लड़ते हैं तो बीजेपी और कांग्रेस दोनों के लिए परेशानी हो सकती है. सरयू राय ने हाल में बीजेपी प्रत्याशी ढुलू महतो के उपर हमलावर दिखे हैं. वह लगातार उनपर हुए केसों पर निशाना साधते नजर आ रहे हैं।

**जेल अदालत का सफल आयोजन**

## बिरसा मुण्डा केंद्रीय कारा से 02 बंदी हुए रिहा



**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**रांची।** झालसा, राँची के निदेशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार, राँची द्वारा आज दिनांक 21.04.2024 को बिरसा मुण्डा केन्द्रीय कारा होटवार, राँची में जेल अदालत-सह-विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन श्री कृष्णकांत मिश्रा, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, रॉंची, के अध्यक्षता में किया गया। विभिन्न माननीय न्यायालयों में लंबित वाद निष्पादन के निमित बिरसा मुण्डा केन्द्रीय कारा होटवार, राँची में संसीमित 09 बंदियों का आवेदन जेल अदालत हेतु समर्पित किया गया था। 02 बंदी को जेल अदालत का लाभ देते हुए रिहा किया गया, जिनमे आनद कच्छप, धनंजय तिर्की के नाम शामिल है। उक्त अवसर पर श्री कृष्णकांत मिश्रा मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, रॉंची श्री कमलेश बेहरा, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी, राँची, श्री दिग्विजय नाथ शुक्ला, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी, राँची, सुश्री श्रद्धाभूषण, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी, राँची, श्री अशोक कुमार, न्यायिक दंडाधिकारी, राँची, विजय कुमार यादव, रेलवे न्यायिक दंडाधिकारी, रॉंची तथा श्री वीरेन्द्र प्रताप लीगल एड डिफन्स कॉउन्सिल, रॉंची, अधीक्षक, कारापाल, सहायक कारापाल, काराकर्मी बिरसा मुण्डा केन्द्रीय कारा होटवार, राँची एवं अधिवक्ता -सह-जेल भिजिटर तथा न्यायालयकर्मी, एवं बंदीगण उपस्थित थे।

## संस्कार भारती झारखंड प्रान्त की ओर से चाईबासा में नई समिति का गठन किया गया



**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**रांची।** संस्कार भारती झारखंड प्रान्त की ओर से कल चाईबासा में नई समिति का गठन किया गया। गठन के मौके पर संस्कार भारती झारखंड प्रांत के अध्यक्ष डॉ सुशील अंकन,रांची महानगर के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ आशुतोष प्रसाद,झारखंड प्रान्त की नाट्य सह संयोजक अनिता सिंह एवं सिंहभूम के विभाग प्रमुख विजय जी तथा चाईबासा के संघ के पदाधिकारी उपस्थित थे। डॉ शशिलता जायसवाल अध्यक्ष,देवेंद्र कुमार सिंह कार्यकारी अध्यक्ष ,श्रीमती विनोदनी उपाध्यक्ष, श्रीमती सुष्मिता चटर्जी मंत्री, शशि गुप्ता सह मंत्री,विद्युत सिंह राय कोषाध्यक्ष , विश्वनाथ बरनवाल सह कोषाध्यक्ष, डॉक्टर विनीता वर्मा साहित्य संयोजक, प्रियंका राठौर साहित्य सहसंयोजक ,श्रीमती रूबेला घोष संगीत संयोजक, श्री सूर्य कारवां संगीत सहसंयोजक, चंदन दत्ता नृत्य संयोजक , सौम्य भार्गव नृत्य सहसंयोजक, शिवलाल शर्मा नाटक संयोजक ,जगन्नाथ मुंडा सहसंयोजक ,अंबर माधुरी चित्रकला संयोजक सुलेखा उगुरसाण्डी चित्रकला सहसंयोजक ,रिंकू बनर्जी लोक कला संयोजक सुभाष घोष लोक कला सहसंयोजक ,मृदुला रानी निषाद भू अलंकरण संयोजक,हेमंती विश्वकर्मा भुअलंकरण सह संयोजक,जितेंद्र ज्योतिषी चलचित्र छायांकन संयोजक, राहुल शर्मा सह संयोजक, तथा कार्यकारिणी सदस्यः राधा मोहन बनर्जी, जूपिका रक्षित,अनामिका बोस, संतोष कुमा सिन्हा, हेमराज निषाद, सुशांत कुमार निषाद,सोनी ओझा एवंसोनि गोपालन को समिति में शामिल किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ संस्कार भारती के ध्येय गीत से हुआ एवं समापन शांति पाठ से किया गया।

## वन प्रमंडल पदाधिकारी अहमद बेलाल अनवर को अंग वस्त्र प्रदान किया



**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**बेड़ो।** वर्ल्ड अर्थ डे के अवसर पर सेव योर लाइफ संस्था ने अहमद बिलाल अनवर ( वन प्रमंडल पदाधिकारी गुमला) को जिला के वन संपदा प्रतिनिधि मानते हुए अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया वन प्रमंडल पदाधिकारी ने कहा कि पृथ्वी को बचाने की जिम्मेदारी सिर्फ और सिर्फ मनुष्य पर है क्योंकि मनुष्य ही विवेकशील प्राणी है जो सभी परिस्थितियों का मूल्यांकन कर सकता है पृथ्वी बिना पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन के नहीं बच सकती हमारे आधुनिक जीवन शैली और प्रकृति के प्रति उदासीनता पृथ्वी पर गंभीर समस्या को जन्म देता जा रहा है अगर ऐसे ही चला रहा तो अगले कुछ वर्षों में इसके भयंकर परिणाम दिखने लगेंगे प्रकृति के साथ पुत्रवत व्यवहार की आवश्यकता है । संस्था ने आग्रह किया कि विभाग के द्वारा सभी नवनिर्मित सड़कों के किनारे छायादार वृक्ष का वृक्षारोपण किया जाए विशेष कर बड़ पीपल आदि जैसे पेड़ों का कुछ धार्मिक मान्यताओं के कारण क्षति पहुंचने से लोग कतराते हैं और लोगों को भी अपने घर के सामने पेड़ यह सोच कर लगाना और संरक्षण करना चाहिए कि यह सैकड़ो वर्षों तक मेरे निशानी के रूप में मेरे परिवार वालों को प्रेरणा देता रहेगा संस्था के सदस्यों ने इस वर्ष बारिश के मौसम में 1000 पेड़ लगाने का संकल्प लिया।

## झारखण्ड के एलएडीसी की प्रथम राज्य स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया

**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**रांची।** झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में झारखण्ड के एलएडीसी की प्रथम राज्य स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन न्यायमूर्ति श्री सुजीत नारायण प्रसादए न्यायाधीशए झारखंड उच्च न्यायालय एवं कार्यकारी अध्यक्षए झालसाए माननीय न्यायमूर्ति श्री आनंद सेनए न्यायाधीशए झारखंड उच्च न्यायालयए माननीय न्यायमूर्ति डॉण् एसण्एनण् पाठकए न्यायाधीशए झारखंड उच्च न्यायालयए माननीय न्यायमूर्ति श्री संजय कुमार द्विवेदीए न्यायाधीशए झारखंड उच्च न्यायालयए माननीय न्यायमूर्ति श्री दीपक रोशनए न्यायाधीशए झारखंड उच्च न्यायालय एवं माननीय न्यायमूर्ति श्री प्रदीप कुमार श्रीवास्तवए न्यायाधीशए झारखंड उच्च न्यायालय द्वारा झालसा के सभागार में दीप प्रज्वलित कर किया गया । इस अवसर परए श्रभ्रै-।की दो पहलए 1द्ध वृद्धाश्रम के कैदियों को कानूनी सहायता प्रदान करने के लिए छह सप्ताह लंबा अभियान और 2द्ध झारखंड की जेलों में बंद गर्भवती महिला कैदियों को कानूनी सहायता प्रदान करने की कार्य योजना का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम में झारखंड के सभी जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव और झारखंड के सभी प्रमुख एलएडीसी और उप प्रमुख एलएडीसी ने भाग लिया। उद्घाटन कार्यक्रम में स्वागत भाषण झालसा की सदस्य सचिव कुमारी रंजना अस्थाना ने दियाण उन्होंने बैठक में भाग लेने के लिए सभी गणमान्य व्यक्तियों और प्रतिभागियों का स्वागत किया। इस अवसर पर झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश माननीय न्यायमूर्ति श्री आनंद सेन ने कहा कि एलएडीसी पर पहली राज्य स्तरीय बैठक का हिस्सा बनना बहुत अच्छा है। माननीय न्यायमूर्ति ने कहा कि प्रत्येक जिले के एलएडीसी और डीएलएसए न्याय पाने और वंचितों के बीच के अंतर को पाट सकते हैं। न्यायमूर्ति डॉ एस एन पाठक ने कहा कि झालसा का कार्य एवं कर्तव्य वंचित वर्ग को राहत देना है जिन्हें कोई महत्व नहीं दिया गया है बल्कि राज्य द्वारा दी गई कोई भी सुविधा उन तक नहीं पहुंची है इसलिए उनकी देखभाल करना झालसा का परम कर्तव्य है।इस अवसर पर झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश एवं झालसा के कार्यकारी अध्यक्ष माननीय न्यायमूर्ति श्री सुजीत नारायण प्रसाद ने प्रतिभागियों को संबोधित किया। माननीय न्यायमूर्ति ने कहा कि यह कानूनी सहायता रक्षा परामर्शदाताओं ;एल०ए०डी०सी०द्ध की राज्य स्तर पर पहली बैठक है कि वे अपने कानूनी कौशल को कैसे बढ़ाएं और उनसे कैसे लाभ उठाएं ताकि कानूनी सेवा प्राधिकरण अधिनियमए 1987 के उद्देश्य और इरादे को हासिल किया जा सके। माननीय न्यायमूर्ति ने यह भी कहा कि कानूनी सहायता की अवधारणा वर्ष 1987 में विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम बनाकर आई है। उस कानून को लाने का कारण यह है कि राज्य के नीति निदेशक सिद्धांतों को कैसे प्राप्त किया जाए और लोगों को न्याय वितरण प्रणाली में लाने के उद्देश्य से अंतिम द्वार तक कैसे पहुंचा जाए।




## लोकतंत्र के महापर्व के सफल क्रियान्वयन को लेकर बैठक का हुआ आयोजन

**बीडीओ और अंचलाधिकारी ने बुथों से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर की समीक्षा, दिए गए कई निर्देश**

**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**बेड़ो।** लोकतंत्र के महापर्व की सफलता को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल उरांव और अंचलाधिकारी प्रताप मिंज की अगुवाई में प्रखंड के विभिन्न सेक्टरों में बैठक का आयोजन कर जहां एक और विधि व्यवस्था के साथ सफल क्रियान्वयन का प्रयास किया जा रहा है वहीं दूसरी ओर स्वीप कार्यक्रम के तहत जागरूकता अभियान के जरिए वोट प्रतिशत बढ़ाने की हर मुमकिन कोशिश की जा रही है। इस संबंध में सोमवार को प्रखंड के डोरंडा पंचायत स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय डोरंडा और करकारी पंचायत के राजकीय मध्य विद्यालय नरकोपी में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल उरांव ने कहा की लोकसभा का चुनाव लोकतंत्र का सबसे बड़ा त्यौहार है जिसका सफल क्रियान्वयन हम सब की जिम्मेदारी है। इसलिए यह जरूरी है कि न केवल वोट के दिन को ही बल्कि उसकी संपूर्ण तैयारी में गुजरने वाले हर एक दिन को हम उत्सव की तरह मनाऐ और इसकी तैयारी में जुटे रहे। समर्पण की महत्वपूर्ण भावना के बिना लक्ष्य तक पहुंच पाना कठिन है। मौके पर उन्होंने अब तक की तैयारी का जायजा लिया। मौके पर अंचल अधिकारी प्रताप मिंज ने कहा कि हर एक मतदान केंद्र में मुकम्मल सुविधा मुहैया कराना हम सब का दायित्व है। बिजली, पानी, शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाओं के अलावे मतदान कर्मी एवं पुलिस बल की सुविधाओं का भी खास ख्याल रखना है। साथ ही साथ मतदाताओं की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखना हम सब का कर्तव्य है। उन्होंने उपस्थित कर्मियों , जनप्रतिनिधियों एवं जिम्मेदार ग्रामीणों से आग्रह करते हुए कहा कि यह हम सब का फर्ज है कि लोगों को जागरुक करते हुए ज्यादा से ज्यादा ग्रामीणों को वोट डालने के लिए प्रेरित किया जाए। मौके पर इन सेक्टर में पढ़ने वाले तमाम बुथों से संबंधित जानकारी ली गई साथी कई निर्देश भी दिए गए। खासतौर पर ब्लू एवं संबंधित कर्मियों को निर्देश दिया गया के लोगों को प्रेरित और जागरूक कर शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित किया जाए। इससे पूर्व उत्क्रमित मध्य विद्यालय डोरंडा में प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी ने बच्चों के साथ संयुक्त रूप से मध्यान भोजन ग्रहण किया। इस अवसर पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी संजय तिर्की , जनप्रतिनिधियों के अलावे क्षेत्रीय कमी भी उपस्थित थे।




## एक नजर

### उच्च विद्यालय बरकाखुर्द के विद्यार्थियों ने दसवीं की परीक्षा में लहराया परचम






**दबंग हिन्द,ईचाक।** उच्च विद्यालय बरकाखुर्द इचाक हजारीबाग के विद्यार्थियों ने दसवीं परीक्षा के परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय का रिजल्ट 92.2 % रहा। इसमें करण कुमार 85%(425 अंक) लाकर स्कूल टॉपर रहा ।विद्यालय से कुल 141 विद्यार्थियों ने परीक्षा लिखा इसमें 74 विद्यार्थियों का प्रथम श्रेणी व 55 विद्यार्थियों को द्वितीय श्रेणी प्राप्त हुए। स्कूल के टॉप 10 में आने वाले विद्यार्थी इस प्रकार हैं- खुशी रानी 425 अंक (85% ),रिया कुमारी 423 अंक (84.60) सोनू कुमार 410 अंक (82%) सानिया कुमारी 401 (80%) मौसमी कुमारी 396 (79.20%), अंशु कुमारी 391अंक( 78.20% ) रिया कुमारी 374 अंक (74.80%) अंशु कुमार 366 अंक (73.20 %) कमर रजा 366 अंक (73.20 )% प्राप्त किया। बच्चों की शानदार सफलता पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं समस्त विद्यालय परिवार ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी। प्रधानाध्यापक श्री वैद्यनाथ प्रजापति, सहायक शिक्षक बच्चू राम, ओम प्रकाश मिश्रा, श्रीकांत मेहता, राधेश्याम मेहता, धीरेंद्र कुमार, राजदेव यादव, सुबोध प्रसाद एवं शशि कुमार ने इस सफलता पर हर्ष व्यक्त किया।

### करम टोली सरहुल मिलन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए डॉ परमेश्वर भगत




**दबंग हिन्द,रांची।** बीते दिन करम टोली चौक धमकुरिया भवन रांची में सरहुल मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ परमेश्वर भगत बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। डॉ परमेश्वर भगत ने सरहुल मिलन समारोह का शुभ कामना संदेश देते हुए जल, जंगल और जमीन बचाने के साथ प्रकृति को सुरक्षित एवं सरंक्षण करने का आह्वान किया। इन्होंने सभी अभिभावक को अपने अपने बच्चों के पढ़ाई में विशेष ध्यान देने का प्रामर्श किया। अंत में डॉ परमेश्वर भगत ने स्वस्थ रहने के लिए खान पान में विशेष ध्यान देने के साथ ही नशा पान कम करते हुए संघटित रहने के साथ ही समाजिक, आर्थिक, धार्मिक एव राजनितिक रूप से जागरूक रहने का आह्वान किया।

### एन.एस.यू.आई ने कुलपति का घेराव किया एवं ज्ञापन सौंपा,48 घंटो तक खुलेगा पोर्टल- कुलपति



**दबंग हिन्द,रांची।** एन.एस.यू.आई नेत्री आरुषि वंदना के नेतृत्व में आज रांची विश्वविद्यालय के सेमेस्टर 1 के ऑनलाइन परीक्षा पोर्टल खोलने को लेकर एन.एस.यू.आई ने कुलपति का घेराव किया एवं ज्ञापन सौंपा। विदित हो कि सैकड़ो विद्यार्थियों के कुछ कारण वश परीक्षा फॉर्म नही भर पाए या भरने के बाद पेमेंट नही कर पाए। इसी मुद्दे को लेकर विद्यार्थियों ने एन.एस.यू.आई से संपर्क किया एवं पोर्टल खुलवाने का आग्रह किया। मौके पर पहुची आरुषि वंदना एव अब्दुल राबनावज ने कुलपति से मिलकर छात्रों की समस्या बताई। कुलपति जी ने तुरंत परीक्षा नियंत्रक को 48 घंटे के लिए पोर्टल खोलने का निर्देश दिया एव छात्र हित में फैसला लिया। मौके पर आरुषि, अब्दुल राबनावज, प्रणव, आकाश, अदीबा नाज,पूजा कुमारी,फरहान खान ,महफूज आलम, अमित, संदीप मौजूद थे।

### तीन करोड़ चौबीस लाख तीस हजार रुपये का डोडा पुलिस ने किया बरामद



**दबंग हिन्द,चक्रधरपुर।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के बंदगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत बरजो गांव से पुलिस ने 92 बोरा डोडा बरामद किया है. बरामद डोडा की कीमत तीन करोड़ चौबीस लाख तीस हजार रुपये बताई जा रही है। बता दें कि पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने बताया की 20 अप्रैल की रात्रि में गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि बंदगांव थाना क्षेत्र में अवैध डोडा तस्करी करने के उद्देश्य इक्कठा किया गया है. उक्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए उनके द्वारा सहायक पुलिस अधीक्षक सह-अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, चक्रधरपुर के नेतृत्व में एक टीम गठित कर 20 अप्रैल की रात्रि में सशस्त्र बलों के सहयोग से छापामारी कर बंदगांव व थाना क्षेत्र के बरजो से कुल 92 बोरा अवैध डोडा बरामद किया गया. जिसका कुल वजन 2162 (इक्कीस सौ बासठ) किलो ग्राम है. जिसका बाजार मूल्य लगभग 3,24,30,000/- (तीन करोड़ चौबीस लाख तीस हजार) रुपये बताया जा रहा है. इस संदर्भ में बंदगांव थाना काण्ड सं0- 09/24, धारा-15(उ)/18/25 NDPS Act के अन्तर्गत काण्ड दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

### रांची लोकसभा से युवा चेहरे को प्रत्याशी बनाए जाने पर छात्र युवाओं में खुशी है :असद फेराज टिंकू





**दबंग हिन्द,रांची।** लोकसभा चुनाव 2024 में इंडिया गठबंधन के सीट शेयरिंग में कांग्रेस के खाते आई सीट के प्रत्याशी के लिए सुबोध कांत सहाय,रामटहल चौधरी, बन्ना गुप्ता आदि कई नामों का चर्चा बना रहा , कांग्रेस के कई सूची जारी होने के बावजूद रांची लोकसभा में प्रत्याशी नाम जारी नही हुआ इससे संशय बना हुआ था कि कौन रांची लोकसभा का प्रत्याशी होगा ।कांग्रेस राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल ने 21अप्रैल 2024 को पत्र जारी किया जिसमें चर्चा में रहे वरीय प्रत्याशियों के नाम को दरकिनार करते हुए पूर्व केन्द्रीय मंत्री श्री सुबोध कांत सहाय की पुत्री सुश्री यशस्विनी सहाय युवा चेहरे पर भरोसा किया है, झारखण्ड छात्र मोर्चा रांची विश्वविद्यालय सचिव असद फेराज टिंकू ने इंडिया गठबंधन कांग्रेस प्रत्याशी बनाएं जाने पर उन्हें बधाई दिए साथ ही गठबंधन के केंद्रीय नेताओं का आभार जताया ।इनके जीत को सुनिश्चित करने में जेएमएम छात्र मोर्चा रांची विश्वविद्यालय समिति गठबंधन के दायित्वों का निर्वहन करने में अपनी भूमिका अदा करेगा और कहा इससे छात्र और युवा खुश हुए हैं, इससे युवाओं की राजनीति में आने की जिज्ञासा बढ़ सकेगा, इनके जितने से शिक्षा,रोजगार से संबंधित युवाओं की समस्याओं को राजनीति के राष्ट्रीय पटल से निष्पादन हो सकेगा ।

## लोकसभा चुनाव 2024: अर्जुन मुंडा के नॉमिनेशन में आएंगे राजनाथ सिंह

### समीर उरांव के लिए आएंगे गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल



**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**रांची।** राज्य में चार चरणों में लोकसभा चुनाव होने हैं. इसके लिए 22 अप्रैल से भाजपा प्रत्याशियों ने नामांकन भी शुरू कर दिया है. सिंहभूम से वर्तमान सांसद गीता कोड़ा ने 22 अप्रैल को इसी सीट के लिए नामांकन दाखिल किया. इस दौरान उनके साथ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी भी दिखे. इसके अलावा अब 23 अप्रैल को खूंटी सीट से अर्जुन मुंडा नामांकन करेंगे. इस दौरान उनके साथ केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह भी रहेंगे. 24 अप्रैल को पलामू और लोहरदगा से क्रमशः वीडी राम और समीर उरांव नामांकन करेंगे. वीडी राम के साथ केंद्रीय मंत्री वीके सिंह जबकि समीर के साथ गुजरात के सीएम भूपेंद्र भाई पटेल भी रहेंगे. पटेल रांची आकर यहां से लोहरदगा जाएंगे. हालांकि पटेल 24 अप्रैल को कब तक आएंगे, इसकी अधिकृत सूचना अबतक प्रदेश भाजपा को नहीं आयी है।

**इस चरण में यहां होंगे चुनाव :** गौरतलब है कि झारखंड में 13 मई से 1 जून तक चार फेज में चुनाव होने हैं. पहले फेज में सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा,और पलामू सीट के लिए चुनाव होने हैं. इसमें पलामू सीट एससी के लिए जबकि बाकी तीन सीट एसटी के लिए आरक्षित है. दूसरे फेज में चतरा, कोडरमा और हजारीबाग सीट के लिए वोटिंग होगी. तीसरे में गिरिडीह,धनबाद, रांची और जमशेदपुर में 25 मई को मतदान होगा. चौथे फेज में राजमहल (एसटी), दुमका (एसटी) और गोड्डा सीट के लिए 1 जून को मतदान होगा. इसे देखते फेजवाइज चुनाव के आधार पर ही भाजपाई कैंडिडेट के नामांकन के लिए चर्चित और बड़े नेताओं को झारखंड में आमंत्रित किया जा रहा है।

# फरवरी से अब तक रांची नगर निगम ने बचाये 60 लाख लीटर ग्राउंड वाटर

### ड्राईजोन में टैंकर से हर दिन दो लाख लीटर पानी की सप्लाई

**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**रांची।** ज्यों-ज्यों गर्मी बढ़ रही है, शहर में पेयजल संकट गहराने लगा है. शहर के दर्जन भर से ज्यादा इलाके ड्राई जोन के रूप में चिह्नित हैं, जहां फरवरी-मार्च माह से ही कुएं सूख गये हैं और चापानल से पानी नहीं निकल रहा. थोड़ा पानी मिल भी रहा है, तो मटमैला पानी है, जो पीने लायक नहीं. बोरिंग जबाव दे दिए हैं, क्योंकि जलस्तर काफी नीचे चला गया है. नगर निगम शहर के ड्राई जोनवाले इलाके में टैंकर से जलापूर्ति कर रहा है. पहले से निगम के पास 50 टैंकर हैं और गर्मी में शहर के लोगों को पानी की दिक्कत न हो, इसे देखते हुए निगम ने 25 नये टैंकर की व्यवस्था की है, ताकि लोगों को गर्मी में पानी का दिक्कत नहीं हो।

**ये इलाके तेजी से ड्राई जोन में तब्दील हो रहे हैं :** कांके रोड, मोरहाबादी, एदलहातू,

**पहले से निगम के पास हैं 50 टैंकर, 25 नये टैंकर खरीदे गये**



हिंदपीढ़ी, लालपुर, बरियातू, हरमू रोड, हरमू विद्यानगर, मधुकम, रातू रोड, धुर्वा, तुपुदाना, हटिया समेत कई घनी आबादी वाले इलाके पूरी तरह से ड्राई जोन में तब्दील होने लगे हैं।

**फरवरी से जुलाई तक टैंकर से पानी पहुंचाता है निगम :** शहर के ड्राई जोन एरिया में फरवरी से ही जलसंकट गहराने लगता है. नगर निगम ड्राई जोन एरिया में फरवरी से जुलाई तक टैंकर से पानी सप्लाई करता है. इन इलाकों में पानी आपूर्ति के लिए नगर निगम ने शहर के हरमू मुक्तिधाम, बकरी बाजार सहित अधा दर्जन से अधिक जगहों पर डीप बोरिंग करा रखी है. डोपी बोरिंग में मोटर के जरिए टैंकर में पानी भर कर ड्राई जोन एरिया में सप्लाई किया जाता रहा है।

**इन इलाकों में निगम कर रहा टैंकर से पानी की आपूर्ति:** नाला रोड, डिबडीह, अरगोड़ा- कटहल मोड़ रोड, हरिओम नगर, हिंदपीढ़ी खेत मोहल्ला , माली टोला, बसंत विहार रोड नंबर चार, प्रेम पुल डंगराटोली, काली टावर लालपुर के पास, मुक्ति शरण लेन, हरमू हाउसिंग कॉलोनी, नदी किनारे हिंदपीढ़ी, बड़ी मस्जिद हिंदपीढ़ी, सिंदुवार टोली मोरहाबादी, पहाड़ी मोहल्ला, भरमटोली, आजाद स्कूल के पास, डंगराटोली, बसर टोली, नाला रोड, जेपी मार्केट के पास, शर्मा मार्केट, ओबरिया रोड, पटेल नगर, ऊपर हटिया, देवी मंडप, तुपुदाना, ब्रह्मचारी मैदान, आदर्श नगर, महुआ मोहल्ला, बारीक टोली, आदर्श नगर, इंदिरा नगर, जगन्नाथपुर नीचे टोला, कुम्हारटोली, पाहन टोली, मौसीबाड़ी, गिरजाटोली, बड़गाईं व धुमसा टोली में टैंकरों से जलापूर्ति की जा रही है।

**पानी के लिए करें शिकायतः** शहर के किसी इलाके में अगर पानी की समस्या हो, तो लोग नगर निगम के हेल्पलाइन नंबर 9431104429 पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं. शिकायत दर्ज कराने के 24 घंटे के अंदर ही नगर निगम संबंधित मोहल्ले में टैंकर से नियमित जलापूर्ति शुरू कर देगा।

## साहित्यकार राशिद अनवर राशिद के निधन पर शोक सभा का आयोजन

**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**रांची।** अंजुमन फरोग ए उर्दू के तत्वावधान में रविवार को मस्जिद जाफरिया, रांची में डॉ राशिद अनवर राशिद के निधन पर एक शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें शहर के कई प्रमुख लेखकों ने अपने विचार व्यक्त किये। राशिद अनवर राशिद पिछले दो साल से बीमारी से पीड़ित थे । उन्होंने 7 अप्रैल, 2024 की सुबह मुंबई के टाटा कैंसर अस्पताल में अंतिम सांस ली। उनका जन्म 27 मई, 1970 को रांची में हुआ था।

छात्र जीवन से ही उन्हें पढ़ने- लिखने का शौक था. उनके लेख देश की प्रतिष्ठित पत्रिकाओं में प्रकाशित होते थे। 1999 में उन्होंने अस्थायी रूप से जामिया मिलिया इस्लामिया, नई दिल्ली से अपना व्यावहारिक जीवन शुरू किया। वर्ष 2003 में करीम सिटी कॉलेज, जमशेदपुर में उन्हें स्थायी रूप से नियुक्त किया गया। उनकी साहित्यिक उपलब्धियाँ काफी लंबी हैं।



कार्यक्रम की शुरूआत मो० दानिश अयाज द्वारा पवित्र कुरान की तिलावत से हुई। इसके बाद डॉ. मुहम्मद गालिब नश्तर ने राशिद अनवर राशिद का विस्तृत परिचय दिया। इसके अलावा रांची के राशिद अनवर राशिद के बचपन के दोस्तों में गयासुद्दीन और महफूज जावेद ने अपने स्कूल के दिनों की यादें साझा कीं। मौलाना सैय्यद तहजीबुल हसन रिजवी ने उनकी साहित्यिक उपलब्धियों को याद किया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में डॉ. मो० मोकम्मल हुसैन ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि राशिद अनवर राशिद विद्वान थे, हैं और रहेंगे। इसका अनुमान उनके काव्य और गद्य संग्रहों से होता है। डॉ. शगुफ्ता बानो ने राशिद अनवर राशिद को याद किया और उनकी मगफिरत के लिए दुआ की। तबीब अहसन ताबिश ने उनकी जीवनी पर विस्तृत बातचीत की। दिलशाद नजमी ने श्रद्धांजलि देते हुए उनके उत्कृष्ट कार्यों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. वकील अहमद रिजवी ने की ।उन्होंने राशिद अनवर राशिद के साहित्यिक एवं गैर-साहित्यिक कार्यों को याद किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अब्दुल बासित ने किया।कार्यक्रम में अंजुमन फरोग ए उर्दू के अध्यक्ष डॉ. मो.० इकबाल खान, कारी मंसूर आलम सहित अन्य उपस्थित थे।

## लोन दिलाने के नाम पर ठगी मामले में सीआईडी ने पांच आरोपियों के खिलाफ दायर किया आरोप पत्र

### पांडेय गिरोह के नाम से बैंक अधिकारियों को डरा-धमका कर पास कराते थे लोन

**बंग हिन्द,संवाददाता**

**रांची।** एसबीआई बैंक से लोन दिलाने के नाम पर लोगों से दस्तावेज लेकर लोन पास कराकर अपने बैंक अकाउंट में पैसा जमा कर पैसे की ठगी मामले में सीआईडी की टीम ने पांच आरोपियों के खिलाफ सीआईडी कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया है. यह आरोप पत्र कमल कुमार सिंह, मोहम्मद जमीर मियां, बिट्टू कुमार रजक, मेहुल कुमार और राहुल कुमार के खिलाफ दायर किया गया. रामगढ़ और पतरातू इलाके में रहने वाले ये आरोपी बैंक अधिकारियों को पांडेय गिरोह के नाम से डरा-धमका कर उनसे लोन पास करवाते थे। सीआईडी ने इन्हे 16 दिसंबर 2023 को गिरफ्तार किया था. सीआईडी थाना में दर्ज शिकायत के आधार पर सीआईडी ने 9 नवंबर 2023 को धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया था. रामगढ़ और पतरातू इलाके मे रहने वाले अधिकतर सीसीएल कर्मी आरोपियों के टारगेट में रहते थे. ये




आरोपी लोन दिलाने के नाम पर लोगों से दस्तावेज लेकर एसबीआई से उनके नाम पर लोन लेते थे. और बिना उनकी जानकारी के लोन पास कराकर उनके पैसे को अपने बैंक खाते में ट्रांसफर कर लेते थे. ठगे जाने का पता लोगों को तब चलता था जब बैंक से लोन के संबंध में उन्हें नोटिस मिलता था. आरोपियों ने 500 से ज्यादा लोगों को ठगी का शिकार बनाया है।

# विशेष केंद्रीय सहायता से मिले 988 करोड़ रुपये से पूरी होंगी 37 सड़क की योजनाएं

**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**रांची।** भारत सरकार के विशेष केंद्रीय सहायता स्कीम से मिले 988 करोड़ रुपये से झारखंड की 37 सड़क परियोजनाओं के काम में तेजी आयेगी. यह राशि वित्तीय वर्ष समाप्ति के समय ही राज्य को प्राप्त हो गयी थी. अब सभी पथ प्रमंडल को राशि आवंटित करते हुए पूर्व से स्वीकृत योजनाओं के काम में तेजी लाने को कहा जा रहा है. इंजीनियरों से आवश्यकतानुसार राशि की भी मांग करने को कहा गया है ताकि योजना समय पर पूरी की जा सके. इसमें रांची के नामकुम-डोरंडा रोड, अनगड़ा-हाहे-राहे पथ सहित साहेबगंज, गोड्डा,गिरिडीह, लोहरदगा, चाईबासा सहित कई जिलों की महत्वपूर्ण रोड शामिल हैं. बता दें कि करीब 1653 करोड़ रुपये की राशि केंद्रीय सहायता के रूप में दी गयी है. यह राशि वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए दी गयी है।



**इन रोड का निर्माण चल रहा :** ▸▸ रांगा से सिमलढाब वाया सिमरा-हिरम-डुमली-श्रीरामपुर-इलाकी-भोररबंद रोड- 32 किमी, साहेबगंज रोड डिवीजन- आठ किमी बना, 114 करोड़ लागत। ▸▸ आदित्यपुर आरआइटी मोड़ आदित्यपुर कांड्रा-महुलडीह-हेसल मेन रोड, हाता-चाइबास रोड, लंबाई- 23.95 किमी, नौ प्रतिशत बना, 79.19 करोड़, चौड़ीकरण-मजबूतीकरण कार्य. ▸▸ एनएच 75 में लगमा से हसनदाग तुसार रोड वाया कारकोमा, लंबाई- 15 किमी, 26 प्रतिशत काम, 65 करोड़. चोड़ीकरण-मजबूतीकरण- रंका से रमकंडा रो, 22 प्रतिशत काम हुआ. ▸▸ 00 किमी से 20 किमी तक आरसीडी रोड गढ़वा. मजबूतीकरण-पुनर्निर्माण, बरलंगा-नेमरा- पिरगुल-कसमार, बहादुरपुर ▸▸ एनएच 23-कसमार-खेरचारूपटो-पश्चिम बंगाल सीमा- दो लेन 27 किमी रोड. चौड़ीकरण-मजबूतीकरण कदवा मोड़ से डंडई प्रखंड से चकला होते हुए रंका रोड-38.565 किमी. ▸▸ नामकुम-डोरंडा रोड-रांची.चौड़ीकरण-मजबूतीकरण- ▸▸ अनगड़ा-हाहे-राहे पथ. ▸▸ बराही-पहाड़टोली रोड लंबाई 29.35 किमी, ब्रिज के साथ. ▸▸ दो लेन तालीझरी-पोड़ैयाहाट-डांडे रोड, गोड्डा- 31 किमी. ▸▸ फिरोजपुर से भग्याई, मेहरमा से वजीदपुर-बुढ़ासान,झारखंड-बिहार सीमा, गोड्डा जिला, 22 किमी रोड. ▸▸ सिमपुर से राधानगर, पश्चिम बंगाल सीमा तक. ▸▸ गोविंदपुर-साहेबगंज रोड में ▸▸ करमदाहा से निश्चिंतपुर-98 किमी रोड, ▸▸ जामताड़ा. सिंहपोखरिया-सेरेंगेसिया।

## उलगूलान न्याय महारैली ने रचा इतिहास, भाजपा की हार निश्चित :अल्ताफ राजा

**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**रांची।** झारखंड छात्र मोर्चा श्यामा प्रसाद मुखर्जी यूनिवर्सिटी के सचिव अल्ताफ राजा ने कहा के न्याय उलगुलान महा रैली की सफलता यह साबित करती है कि झारखंड से भाजपा का सफाया निश्चित है रैली की सफलता के लिए झारखंड छात्र मोर्चा के पदाधिकारी कार्यकताओं ने जो मेहनत की है उसके लिए हम आभार प्रकट करते हुवे कहा की इस तरह की रैली और इतनी भीड़ पहली बार रांची की धरती पर देखने को मिला।लोगों के मन में हेमंत सोरेन के प्रति प्यार और भाजपा के प्रति गुस्सा देखने को मिला। लोगों ने जमकर नारे लगाए कि जेल का ताला टूटेगा, हेमंत सोरेन छूटेगा झारखंड झुकेगा नहीं इंडिया रुकेगा नहीं इस तरह के नारे लगाए गए। वही कल्पना सोरेन जी की दर्द को लोगों ने महसूस किया और लोगों ने यह संकल्प लिया कि जब तक भारतीय जनता पार्टी को झारखंड से उखाड़ कर नहीं फेंकते हैं तब तक हम लोग चैन से बैठने वाले नहीं है। भाजपा के लोग झारखंड के लोगों को अशिक्षित देखना



चाहते हैं, झारखंड के लोगों की तरक्की उन्हें मंजूर नहीं, झारखंड कैसे आगे बढ़े झारखंड कैसे तरक्की करें इसकी फिक्र भारतीय जनता पार्टी के लोगों को नहीं है। अल्ताफ राजा ने कहा के 2014 में भारतीय जनता पार्टी के द्वारा यह नारा दिया गया था कि हर गरीब के खाते में 15- 15 लख रुपए आएंगे, हर साल 2 करोड़ नौकरियां देंगे लेकिन नौकरी देने की बात तो दूर नौकरी छीनने का काम भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने किया है।

## बुंडू के एसएफसी गोदाम में लाखों की चोरी, बीएसओ ने नहीं दी किसी को जानकारी

**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**रांची।** बुंडू के जाम टोली में स्थित एसएफसी के 1000 MT गोदाम में चोरी का मामला सामने आया है. चोरी की सूचना प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी रबीन्द्र बड़ाईक ने किसी को नहीं दी है. मामले को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी से पूछने पर उन्होंने कहा कि उन्हें भी इसकी जानकारी नहीं है. गोदाम में कितने बोरा चावल कितना बोरा गेहूं की चोरी हुई है इसकी जानकारी इरड से पूछने पर उन्होंने कैमरा के सामने सवाल नहीं पूछने को कहा और कैमरा हटा दिया। सवाल यह है कि चोरी हुई है तो इसकी जानकारी बुंडू थाना को क्यों नहीं दी गई. इसके साथ ही अनुमंडल पदाधिकारी मोहनलाल मरांडी तथा प्रखंड विकास पदाधिकारी रेणुका कुमारी को भी इसकी जानकारी नहीं दी गई है।BSO से जब पूछा गया कि आपने इसकी जानकारी BDO तथा SDO को क्यों नहीं दी तो उन्होंने कहा कि इसकी जानकारी जिला में दे दी गई है।बुंडू BSO के द्वारा शटर का ताला खुद से चेंज कराया गया है तथा नया ताला लगाया गया है. पूछे जाने पर इरड बुंडू बताने से कतरा रहे हैं कि आखिर गोदाम में कितने बोरे की चोरी हुई है.



बताया जा रहा है कि भारी मात्रा में गोदाम में चोरी हुई है जिसे इरड द्वारा छुपाया जा रहा है. स्थानीय व्यक्ति से पूछने पर कहा गया कि रविवार की रात चोरी हुई है. इसके बाद पदाधिकारी शटर का ताला तथा अंदर के ताला को कटवा कर बाहर निकाल कर बदलवा दिये हैं। वहीं डीलरों को बुला कर मामले को रफा-दफा करने की कोशिश की जा रही है.

**क्या कहते हैं जिला आपूर्ति पदाधिकारी :** जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप कुमार से चोरी की घटना के बारे पूछने पर उन्होंने बताया कि उन्हें इस प्रकार की कोई जानकारी नहीं मिली है. उन्होंने इरड से घटना की जानकारी लेने की बात कही है।

**बुंडू में चार-चार पदों पर आसीन हैं पंचायत सेवक रबीन्द्र बड़ाईक :** बुंडू में इरड पद पर आसीन रवींद्र बड़ाईक चार-चार पदों पर आसीन हैं. जिसमें वह बुंडू अनुमंडल पदाधिकारी के क्लर्क, रत्रझ गोदाम के मैनेजर, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी तथा प्रखंड पंचायत सेवक के रूप में कार्य कर रहे हैं।

## उलगुलान न्याय महारैली हुई सफल, मारपीट की घटना में बीजेपी का हाथ : सुप्रियो भट्टाचार्य

### बसंत की तबीयत ठीक नहीं: जेएमएम

**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**मांडर ।** धुर्वा स्थित जगन्नाथ मैदान (प्रभात तारा) में आयोजित उलगुलान रैली को झामुमो ने सफल बताया है. जेएमएम के महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने इसके लिए इंडी गठबंधन के घटक दलों का आभार व्यक्त करते हुए जनता को धन्यवाद दिया. वहीं श्री सुप्रियो ने कहा कि प्रभात तारा मैदान में जन सैलाब यह बताता है कि अब देश में परिवर्तन की बयार बन चुकी है. और लोग परिवर्तन चाहते हैं. बीजेपी राज से जनता मुक्ति चाहती है. उलगुलान न्याय महारैली में अब स्पष्ट हो गया है कि झारखंड का मूड क्या है. हम लोगों ने महसूस किया कि जन नेता हेमंत सोरेन के साथ हुई अन्याय को लेकर लोगों के अंदर आक्रोश है. बीजेपी को समझ लेना चाहिए की जनता क्या चाहती है और बयानवीर को सार्वजनिक तौर पर माफी मांगनी चाहिए।

**मारपीट की घटना पहले से थी प्रायोजितः सुप्रियो :** मारपीट की जो घटना



घटी वह अप्रत्याशित थी. हमे लगता है कि बीजेपी की तरफ से प्रायोजित किया गया था. बीजेपी हताश और निराश होकर ऐसा काम की है. मारपीट की घटना टागेर्टेड थी, जो बीजेपी का कर्मकांड है।

**सुदीव्य सोनू और बसंत के कार्यक्रम में नहीं पहुंचने पर जेएमएम की सफाई :** जेएमएम की अगुआई में उलगुलान न्याय महारैली की आयोजन 21 अप्रैल को किया गया था. इस कार्यक्रम का पूरा जिम्मा जेएमएम को सौंपा गया था. लेकिन इंडी गठबंधन के इतने बड़े कार्यक्रम में गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू और पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के छोटे भाई बसंत सोरेन की कार्यक्रम में अनुपस्थिति चर्चा का विषय बना हुआ है. जिसपर सफाई देते हुए पार्टी के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि गिरिडीह विधायक गांडेय में व्यस्त थे. और बसंत सोरेन की तबियत खराब हो गयी थी. और गर्मी को देखते हुए समय बांटा गया था. जिसकी वजह से यह दोनो लोग कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पाए।

## एक नजर

### शराब कारोबारी योगेंद्र तिवारी की जमानत अर्जी पर हाईकोर्ट में सुनवाई पूरी, फैसला सुरक्षित



**दबंग हिन्द,रांची।** शराब घोटाला से जुड़ा मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपी योगेंद्र तिवारी की जमानत याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई. मामले में दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी होने के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा है. दरअसल, ईडी कोर्ट ने योगेंद्र तिवारी की जमानत अर्जी खारिज कर दी थी. मामले में ईडी ने योगेंद्र तिवारी के खिलाफ आरोप पत्र भी दाखिल किया है. योगेंद्र तिवारी द्वारा बालू की तस्करी और अवैध तरीका से जमीन की खरीद बिक्री कर अर्जित आय को शराब के कारोबार में लगाने की खुलासा ईडी की जांच में हुई है. मामले में ईडी ने 8/2023 दर्ज किया है।बता दें कि, 19 अक्टूबर 2023 को पूछताछ के क्रम में ईडी ने योगेंद्र तिवारी को गिरफ्तार किया था. गिरफ्तारी के बाद 14 दिनों तक ईडी ने रिमांड पर लेकर उससे पुछताछ की थी. इसके बाद उसे जेल भेजा गया था. पावर ब्रोकर प्रेम प्रकाश के सहयोग से राज्य के 19 जिलों में थोक शराब का टेंडर योगेंद्र तिवारी ने लिया था. ईडी ने योगेंद्र तिवारी और उनके करीबियों के लगभग तीन दर्जन ठिकानों पर बीते 23 अगस्त 2023 को छापेमारी की थी.जिसके बाद कई बार समान जारी कर योगेंद्र तिवारी को पूछताछ के लिए ईडी के रांची स्थित जोनल कार्यालय में बुलाया गया था और उससे पूछताछ की थी।

### उलगुलान रैली में मारपीट मामले में दोनों पक्ष ने धुर्वा थाना में दर्ज करायी प्राथमिकी



**दबंग हिन्द,रांची।** राजधानी रांची के प्रभात तारा मैदान में बीते रविवार को इंडी गठबंधन की ओर से आयोजित उलगुलान न्याय महारैली में हुई मारपीट मामले में धुर्वा थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है. एक पक्ष में चतरा लोकसभा सीट से कांग्रेस के उम्मीदवार केएन त्रिपाठी के भाई नंद गोपाल त्रिपाठी ने धुर्वा थाना में मारपीट की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज करायी है. जिसमें बताया गया है कि प्रभात तारा मैदान में दिन के 2.30 बजे चल रहे कार्यक्रम में काला बिल्ला लगा कर 23-25 लोग कार्यक्रम में घुसे और इंडिया गठबंधन का विरोध करने लगे. जब उन्होंने इसका विरोध किया तो उन पर कुछ लोगों ने हमला कर दिया. डंडे से उनके सिर पर हमला किया गया. जिसमें उनका सिर फट गया. इसमें प्रभु दयाल समेत करीब दो दर्जन लोगों को आरोपी बनाया गया है. वहीं दूसरे पक्ष ने भी मारपीट समेत अन्य आरोप में प्राथमिकी दर्ज करायी है. पुलिस दोनों पक्ष के आवेदन पर प्राथमिक की दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है।

### आज हनुमान जन्मोत्सव पर राज्य के 32 हजार गांवों में विशेष आयोजन करेगा विश्व हिन्दू परिषद



**दबंग हिन्द,रांची।** विश्व हिंदू परिषद, झारखंड प्रांत द्वारा होटल ग्रीन एकर्स में सोमवार को प्रेस वार्ता आयोजित किया गया. इसमें श्री हनुमान जन्मोत्सव पर आयोजित होनेवाले कार्यक्रमों की जानकारी दी गई. विश्व हिंदू परिषद के झारखंड प्रांत अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत ने बताया कि पूरे प्रांत में रामनवमी का त्योहार शांतिपूर्वक संपन्न हुआ. साथ ही विश्व हिंदू परिषद का केंद्रीय कार्यक्रम रामोत्सव 9 अप्रैल से प्रांत के सभी जिलों के प्रखंडों एवं पंचायतों में लगभग 11000 स्थान पर आयोजित किया गया. श्री रामोत्सव के बाद 23 अप्रैल को चैत्र पूर्णिमा के दिन श्री हनुमान जन्मोत्सव विहिप के द्वारा राज्यभर के सभी गांवों में मनाया जायेगा. इस आयोजन में अन्य अभी वैचारिक संगठन भी अपने-अपने स्तर से श्री हनुमान जन्मोत्सव की तैयारी कर रहे हैं. इस वर्ष विशेष आयोजन की तैयारी पूरे प्रांत में की जा रही है। प्रांत मंत्री मिथिलेश्वर मिश्र ने बताया कि प्रांत के लगभग 31,000 स्थान में मंदिर एवं घरों में श्री हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया जायेगा. इसमें अन्य धार्मिक एवं सामाजिक संगठन के अन्य लोग भी सम्मिलित होंगे। एकल अभियान से रेखा जैन ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव के दिन एकल अभियान के द्वारा सभी पर कार्यक्रम की तैयारी कर ली गई है. विद्या भारती के मनोज भारद्वाज ने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पूरे प्रांत में विद्या भारती स्कूलों में इसकी तैयारी की जा रही है. इस कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं में एक नई ऊर्जा का संचार होगा.प्रेस वार्ता में विशेष संपर्क प्रांत सहप्रमुख प्रिंस आजमानी, प्रांत प्रचार प्रसार सहप्रमुख प्रकाश रंजन, कैलाश केसरी ( रांची महानगर अध्यक्ष ), सतीश गुप्ता, वी के गद्यान ( चिन्मया मिशन ), मुकेश अग्रवाल भी उपस्थित थे।

### पृथ्वी की समृद्धि एवं संरक्षण के लिए डीएवी हेहल के शिक्षकों-विद्यार्थियों ने लिया संकल्प



**दबंग हिन्द,रांची।** डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल, राँची में 'विश्व पृथ्वी दिवस' 'ग्रह बनाम प्लास्टिक' थीम पर मनाया गया। जिसके संरक्षण एवं समृद्धि के लिए शिक्षकों एवं बच्चों ने संकल्प लिया। इस अवसर पर विद्यालय में बच्चों के द्वारा पृथ्वी संरक्षण एवं सम्वर्द्धन के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्राचार्य सह सहायक क्षेत्रीय अधिकारी एस० के० मिश्रा ने अपने जागरूकता सन्देश में अपनी भावना व्यक्त करते हुए कहा कि पृथ्वी हमारी माँ है और हम इसके पुत्र हैं ।क्योंकि पृथ्वी ही सम्पूर्ण सृष्टि का आधार है ।इसकी हरीतिमा को बनाए रखना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है ।जल,वायु एवं पृथ्वी का संरक्षण ही जीवन का मूलाधार है ।अतः हमें इनकी शुद्धता बनाए रखना चाहिए। पृथ्वी दिवस की शुरूआत 22 अप्रैल 1970 को अमेरिका से हुई थी ।जो आज पूरे विश्व में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए सभी को जागरूक होना होगा ।आधुनिक जीवन एवं इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के चकाचौंध में प्रकृति को नजर अंदाज कर हम आने वाली पीढ़ी के लिए जहर घोल रहे हैं। उन्होंने इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों के सुंदर आयोजन के लिए हर्ष व्यक्त किया ।वहीं सीसीए कमिटी तथा सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं छात्र-छात्राओं को बधाई दी और कहा कि पृथ्वी दिवस के अवसर पर हम अपनी धरती माता की रक्षा का संकल्प लें। इस अवसर पर सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित थे।

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

**ई-निविदा सूचना सं.: डीआरएमईएनजीजीआरएनसी-12-15-2024, दिनांक: 19.04.2024।** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.), दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची-834003 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **क्रम सं., निविदा सूचना सं., कार्यों का नाम : (1) डीआरएमईएनजीजीआरएनसी-12-2024,** एडीईएन/मुरी के क्षेत्राधिकार में अन्य सभी सहायक कार्यों के साथ ट्रैफिक ब्लॉक के तहत दिन/रात के दौरान रेलवे के किसी भी प्रकार के वैगन/हॉपर से 26000 घन मी. बैलास्ट को उतारना। **(2) डीआरएमईएनजीजीआरएनसी-13-2024,** रांची मंडल में विभिन्न स्थानों पर मोबाइल फ्लैश बट्ट वेल्डिंग प्लांट के साथ साइट पर 60 किग्रा/52 किग्रा (90 यूटीएस/72 यूटीएस, आर-260) (नया/एसएच) (एसआर/एसडब्ल्यूआर/एलडब्ल्यूआर) रेल के लिए कार्य का निष्पादन। **(3) डीआरएमईएनजीजीआरएनसी -14-2024,** आरएनसी मंडल के लिए बाकुडीह/बड़हरवा/पिनारगड़िया/पाकुड़/राजग्राम/तालझारी क्वैरी साइडिंग पर 50 मिमी आकार के 60000 घन मीटर के मशीन क्रश्ड हार्ड स्टोन ट्रैक बैलास्ट की आपूर्ति तथा उनकी रेलवे वैगनों/हॉपर में लदाई करना (माप गंतव्य पर किया जाएगा)। **(4) डीआरएमईएनजीजीआरएनसी-15-2024,** रांची मंडल में गुंडाबिहार डिपो में 50 मिमी गेज के 24000 घन मी. हार्ड स्टोन मशीन क्रश्ड ट्रैक बैलास्ट की आपूर्ति सहित उन्हें रेलवे वैगन/हॉपर में लादना तथा उतारना। **निविदा मूल्य :** ₹ 22,97,100/- (क्रम. स. 1 के लिए), ₹ 1,22,55,132/- (क्रम. स. 2 के लिए), ₹ 8,75,98,800/- (क्रम. स. 3 के लिए) एवं ₹ 4,45,12,080/- (क्रम. स. 4 के लिए)। **बयाना राशि :** ₹ 46,000/- (क्रम. स. 1 के लिए), ₹ 2,11,300/- (क्रम. स. 2 के लिए), ₹ 5,88,000/- (क्रम. स. 3 के लिए) एवं ₹ 3,72,600/- (क्रम. स. 4 के लिए)। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय :** 08.05.2024 को अपराह्न 03.00 बजे (क्रम सं. 1 के लिए), 10.05.2024 को अपराह्न 03.00 बजे (क्रम सं. 2 एवं 3 के लिए) एवं 13.05.2024 को अपराह्न 03.00 बजे (क्रम सं. 4 के लिए)। निविदाकार ऑनलाइन निविदा के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जा सकते हैं। (PR-62)

पटना में हाई प्रोफाइल वैवाहिक का कार्यक्रम

## शामिल हुए झारखंड बिहार के जनप्रतिनिधि व दूरदर्शन के कलाकार



**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**बोकारो।** पटना में आयोजित एक हाई प्रोफाइल कार्यक्रम में झारखंड और बिहार के जनप्रतिनिधि रांची दूरदर्शन के पदाधिकारी एवं कलाकार आनंद मोहन पाठक वीरेंद्र पांडेय शशांक पाठक दैनिक आज के बोकारो जिला ब्यूरो चीफ शंभू पाठक इंडियन आइडल के प्रख्यात कलाकार रजत आनंद आयुष दुबे सहित सरिता पाठक पूनम पांडेय कालिंदी मिश्रा राज मालिक सलोनी कीर्ति पांडेय मंजू ममता दुबे सहित शहर के अन्य गणमान्य लोग पटना स्थित होटल अंब्रेला में एक वैवाहिक कार्यक्रम में उपस्थित होकर वधू ऐश्वर्या को आशीर्वाद दिया इस मौके पर उत्साह और उल्लास के साथ आयोजित नृत्य कार्यक्रम में भी इन लोगों ने भाग लेकर वर वधु के सुख मय जीवन की कामना की पटना में आयोजित हाई प्रोफाइल वैवाहिक कार्यक्रम में विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता गण सहित अन्य लोग शामिल हुए लोकसभा चुनाव के बावजूद निजी कार्यक्रम में इन लोगों के शामिल होने से लोगों में हर्ष का माहौल देखा गया। बेहद निजी वैवाहिक कार्यक्रम में शहर के तथा झारखंड बिहार के गिने चुने भीआईपी शामिल हुए। सभी ने स्वादिष्ट व्यंजन का आनंद लिया।

# धरती मां की रक्षा करना हम सभी का सामूहिक दायित्व व धर्म: गंगवार

**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**बोकारो।** संपूर्ण जीव जगत को अपनी गोद में शरण देने वाली धरती मां के प्रति कृतज्ञता अर्पित करने तथा इसकी रक्षा के संकल्प के साथ सोमवार को दिल्ली पब्लिक स्कूल बोकारो में अंतरराष्ट्रीय पृथ्वी दिवस मनाया गया कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं सहित विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों ने उत्साह के साथ भाग लिया इस मौके पर प्राइमरी एवं सीनियर दोनों ही इकाई में विद्यार्थियों ने इस वर्ष की विषय वस्तु प्लेनेट वर्सेस प्लास्टिक पर आधारित विभिन्न जागरूकता परक गतिविधियों में भाग लिया तथा पृथ्वी की रक्षा का संदेश दिया। इस मौके पर बच्चों ने नुक्कड़ नाटक दिखाकर पृथ्वी की रक्षा के प्रति जागरूकता का संदेश दिया तथा अधिक से अधिक पौधा लगाने और पानी बिजली की बचत करने का संदेश दिया इसके पूर्व विद्यार्थियों ने नारा लेखन काव्य पाठ पोस्ट कलाकृति निर्माण तथा आकर्षक



चित्रांकन के माध्यम से पृथ्वी की रक्षा पर बोल दिया इस मौके पर विद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर ए एस गंगवार ने बच्चों के साथ पौधा लगाते हुए कहा कि पृथ्वी है तो हम हैं इसकी रक्षा करना सभी का सामूहिक दायित्व और धर्म है थीम पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि सभी का लक्ष्य प्लास्टिक पर निर्भरता को कम करना और पृथ्वी को प्लास्टिक मुक्त बनाना होना चाहिए इस दिशा में हमें लगातार ठोस कदम उठाने होंगे प्राचार्य ने भी बच्चों को पौधा भेंट करते हुए पृथ्वी की रक्षा के लिए ज्यादा से ज्यादा पौधा लगाने की प्रेरणा दी उल्लेखनीय की प्रकृति का प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से ही प्रतिवर्ष पृथ्वी दिवस मनाया जाता है 22 अप्रैल 1970 में आधुनिक पर्यावरण आंदोलन के जन्म की सालगिरह का यह प्रतीक माना जाता है।

# पृथ्वी दिवस पर चास डीपीएस में संकल्पतरु का आयोजन

**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**चास।** दिल्ली पब्लिक स्कूल चास के प्राथमिक इकाई के छात्र-छात्राओं द्वारा पृथ्वी दिवस का उत्सव धूमधाम से मनाया गया एक पेड़ लगाओ एक उपहार दो इसी थीम पर आधारित संकल्प तारु कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें पर्यावरण संरक्षण के महत्व के प्रति बच्चों को जागरूक किया गया छात्राओं ने इस अवसर पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रम में भाग लिया और पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर ध्यान दिया इस अवसर पर सुबह से ही विद्यालय में छात्र-छात्राओं ने वृक्षारोपण कार्यक्रम में भागीदारी निभाई उल्लेखनीय है कि ऐसे कार्यक्रम छात्रों के प्राकृतिक संसाधनों की महत्वपूर्णता को समझने का अवसर प्रदान करते हैं और उन्हें पर्यावरण संरक्षण के लिए सक्रिय बनने की प्रेरणा देते हैं इस मौके पर प्रतियोगिता का आयोजन किया



गया जिसमें पोस्टर बनाना निबंध लेखन और पर्यावरण संरक्षण पर प्रस्तुति शामिल थी इस अवसर पर विद्यालय की चीफ मेंटर हेमलता एस मोहन ने प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा करना और प्रकृति के साथ मिलकर एक स्वस्थ और समृद्ध समाज की दिशा में सक्रिय योगदान देने की प्रेरणा दी वही विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य दीपाली भुसकुटे ने विद्यार्थियों को प्रकृति के संरक्षण में अपना योगदान देने और एक हरित स्वच्छ और सुंदर भविष्य की दिशा में कदम बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।

# रक्तदाता होता है जीवन रक्षक के समान : चंदन

**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**बोकारो।** भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव पर भारतीय रेड क्रॉस ब्लड बैंक समिति के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जैन मिलन परिसर में आयोजित शिविर में 21 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया जैन मिलन के अध्यक्ष संजय वैद ने कहा कि रक्तदान समाज एवं मानवता की सेवा का सर्वोत्तम माध्यम है कार्यक्रम के संयोजक चंदन बंटिया ने कहा कि जरूरतमंद को अपना रक्त देकर उसका जीवन बचाना ईश्वर की आराधना के समान है सचिव आलोक कुमार जैन ने कहा कि सामाजिक दायित्व के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया है उन्होंने कहा कि जैन धर्म के अनुयाई मानव सेवा एवं कल्याणकारी कार्य आगे भी करते रहेंगे इस मौके पर रक्तदाताओं के लिए



भोजन की व्यवस्था की गई थी इस मौके पर रेड क्रॉस सोसाइटी के डॉक्टर मोहंती ने कहा कि इंसानियत के लिए रक्तदान बेहद आवश्यक है डॉक्टर मोहंती ने कहा कि रक्तदान जैसे पुनीत कार्य में सब की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए समाज में जागरूकता लाना बेहद आवश्यक है वही विनय वेद ने बताया कि जैन समाज के कार्यकर्ता सालों भर थैलेसीमिया के मरीज को रक्त उपलब्ध कराते रहते हैं कार्यक्रम को विनय बाद अंकित जैन सिद्धार्थ चौरडिया अंकित चोपड़ा अमित लोढ़ा डॉक्टर आकाश जैन विकास जैन सहित रेड क्रॉस सोसाइटी की टीम ने सफल बनाया।

## अनाथ व्यक्ति को सामाजिक संस्था हेल्पिंग हैंड्स ने भेजा अपना घर आश्रम



**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**चास।** हेल्पिंग हैंड्स चास बोकारो इकाई द्वारा चेक पोस्ट स्थित अस्मशान घाट कली मंदिर के पास लाचार एवं असहाय एकनाथ व्यक्ति जिसकी उम्र लगभग 65 साल होगी बीमार होने के कारण दो-चार दिनों से गिरा पड़ा था को स्नान कर कर उसे व्यक्ति को हेल्पिंग हैंड्स के संस्थापक गोपाल मुरारका एवं राम केडिया के सहयोग से एंबुलेंस द्वारा पुरुलिया स्थित अपना घर आश्रम भेजा गया जहां उसे अनाथ व्यक्ति की सेवा की जाएगी मौके पर गोपाल मुरादका ने कहा कि लाचार व्यक्तियों को आश्रम में निशुल्क सेवा मिलती है समय पर व्यक्तियों से उनके परिजनों के बारे में जानकारी ली जाती है पता लगने पर मैरिज या व्यक्ति को उनके परिजनों से मिलवा दिया जाता है राम केडिया ने कहा कि समाज में अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्तियों की मदद करने से सुकून मिलता है वहीं प्रवक्ता संजय सोनी ने कहा कि ऐसे कार्य करने से हम कई लोगों से अपना रिश्ता जोड़ लेते हैं कोई पूंजी नहीं है मौके पर रंजीत कुमार लखन गोपाल उपस्थित थे।

## साहित्य अर्पण संस्था ने आयोजित की आमंत्रण काव्य गोष्ठी



**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**बोकारो।** साहित्य अर्पण अंतरराष्ट्रीय मंच की बोकारो इकाई की आमंत्रण काव्य गोष्ठी सोमवार को बोकारो शहर के सेक्टर 4 में आयोजित की गई जिसमें शहर के कई चर्चित साहित्यकारों ने भाग लिया कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार तथा साहित्यिक पत्रिका अन्यथा की प्रधान संपादक इस्मिता ने किया इस अवसर पर साहित्यकार अमृता शर्मा कल्पना केसर अनीता किरण पूर्णिमा सुमन चांदनी कुमारी वर्मा रजतनाथ एवं गंगेश पाठक ने अपनी कविताएं पढ़ी कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही स्मिता ने भी अपनी रचनाओं का पाठ किया उन्होंने अपने संबोधन में बताया कि इस संगठन का अंतर्राष्ट्रीय कार्यालय दुबई में है और चर्चित साहित्यकार नेहा शर्मा इसकी संस्थापक अध्यक्ष हैं उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य इकाई अध्यक्ष आरती श्रीवास्तव सचिव शीलू मेघा इस मंच को समृद्ध करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं सोमवार को इस आमंत्रण काव्य गोष्ठी के साथ बोकारो इकाई का विघटन किया उन्होंने बताया कि यह संस्था अध्यक्ष स्मिता एवं रजत नाथ ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

## बोडिया दक्षिणी पंचायत मुखिया के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता रैली



**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**बांध कथारा।** लोकसभा आम चुनाव 2024 को लेकर भलटोंगडिया नवप्राथमिक विद्यालय कथारा से अंबेडकर चौक तक सोमवार को प्रातः दक्षिणी पंचायत के मुखिया तारु लता देवी के नेतृत्व में आगामी 25 मई को मतदान को लेकर जागरूकता रैली निकाला गया। इस मौके पर मतदाता जागरूकता रैली अभियान के तहत मुखिया तारुलता देवी और पूर्व मुखिया घनश्याम प्रसाद संयुक्त रूप से संदेश देते हुए तमाम सीसीएल कर्मियों अधिकारियों व दुकानदारों व्यापारी वर्ग, स्थानीय ग्रामीणो लोगों को मतदान के प्रति जागरूक और उनके अधिकारों को बताने का कार्य किया कहां की मतदान करना आपका अधिकार है। मौके पर मुखिया और पूर्व मुखिया के अलावे ,एएनएम स्नेहलता ,बीएलओ पर्यवेक्षक पीके यादव, जेएसएलपीएस की अध्यक्ष काजल रवानी ,सविता देवी ,विद्यालय के शिक्षक मनोज यादव, सोनी देवी एवं स्कूली बच्चे एवं स्थानीय ग्रामीण लोग मौजूद थे।

# गिरिडीह व धनबाद से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित हेतु रणनीति बनी



**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**बांध कथारा।** राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन कथारा क्षेत्र की क्षेत्रीय समिति की बैठक क्षेत्रीय कार्यालय में क्षेत्रीय अध्यक्ष अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का संचालन क्षेत्रीय सचिव विल्सन फ्रांसिस के द्वारा किया गया। बैठक में गिरिडीह तथा धनबाद लोकसभा क्षेत्र से मथुरा महतो एवं अनुपमा सिंह के जीत सुनिश्चित हेतु योजना और रणनीति बनाई गई। राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के सदस्य 10 की टोली में प्रत्येक दिन क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान में भाग लेंगे साथ ही मतदाताओं के बीच केंद्र सरकार की विफलता युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ आदि मुद्दों को लेकर मुहीम चलाया जाएगा। बैठक को संबोधित करते हुए अजय कुमार सिंह व विल्सन फ्रांसिस ने कहा चुनाव के दिन हर बूथ पर यूनियन के 10-10 पदाधिकारी और सदस्य मुस्तैद रहेंगे प्रत्याशी के नामांकन में भी बड़ी संख्या में यूनियन के सदस्यों की भागीदारी होगी कोल इंडिया के सदस्यों को पूर्व में मिल रहे अधिकार से वंचित होना दुर्भाग्यपूर्ण है। कोल इंडिया के मजदूर मोदी सरकार को सबक सिखाने में अपने महत्वपूर्ण भूमिका का निर्माण करेंगे। बैठक में मुख्य रूप से क्षेत्रीय अध्यक्ष अजय कुमार सिंह क्षेत्रीय सचिव विल्सन फ्रांसिस रीजनल संगठन सचिव वेदव्यास चौबे शाखा सचिव इस्लाम अंसारी रणजीत सिंह सी एस प्रसाद जितेंद्र पासवान अनंत कुमार सुजीत मिश्रा संतोष सिंह देवाशीष आश संतोष राम गोड आदि अन्य शामिल थे।

# कॉलेज मे प्लास्टिक के दुष्प्रभाव विषय पर सेमिनार आयोजित



**दबंग हिन्द,संवाददाता**

**जारंगडीह।** विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवम आई क्यू ए सी के संयुक्त तत्वावधान मे प्राचार्य लक्ष्मी नारायण की अध्यक्षता में पृथ्वी बनाम प्लास्टिक सह प्लास्टिक के दुष्प्रभाव विषय पर सेमिनार का सोमवार को आयोजन किया गया। प्राचार्य लक्ष्मी नारायण ने कहा पृथ्वी दिवस मनाए जाने का उद्देश्य पर्यावरण के महत्व व उसके प्रति लोगों के जागरूक करना है।राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम पदाधिकारी डा प्रभाकर कुमार ने कहा पृथ्वी दिवस हमें पर्यावरणीय मुद्दो पर ध्यान आकर्षित करने का अवसर प्रदान करता है। विश्व पृथ्वी दिवस पर एन एस एस के स्वयंसेवक ने पोस्टर, स्लोगन, भाषण के माध्यम से प्रकृति परक होने का संदेश दिया। पोस्टर के माध्यम से संदेश देने वाले मे दानिया फिरदौस, प्रज्ञा कुमारी, मिलन कुमार गुप्ता व प्रथम कुमार रहे, स्लोगन के माध्यम से संदेश देने वाले मे प्रथम कुमार रहे, भाषण के माध्यम से संदेश देने वाले मे मिलन कुमार गुप्ता रहे। संचालन का कार्य एन एस एस कार्यक्रम पदाधिकारी डा प्रभाकर कुमार ने किया, धन्यवाद ज्ञापन आई क्यू ए सी कोऑर्डिनेटर डा अरुण कुमार रॉय महतो ने की। सेमिनार मे प्राचार्य लक्ष्मी नारायण, प्रोफेसर इंचार्ज प्रो गोपाल प्रजापति, आई क्यू ए सी कोऑर्डिनेटर डा अरुण कुमार रॉय महतो, एन एस एस कार्यक्रम पदाधिकारी डा प्रभाकर कुमार, डा आर पी पी सिंह, डा मधूरा केरकेट्टा , स्वयं सेवकों मे वर्षा कुमारी, दिव्या कुमारी शर्मा, गुलबशा प्रवीन, प्रियंका कुमारी, नीलू कुमारी, छूलेशर यादव, अभय कुमार डे आदि उपस्थित रहे।

## गिरिडीह लोकसभा से होगा निर्दलीय प्रत्याशी : इशितयाक



**दबंग हिन्द,जारंगडीह।** खेतको के मोहम्मद इशितयाक अहमद गिरिडीह लोकसभा से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में उतरेंगे। गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से उम्मीदवार श्री अहमद को ए आई एम आई एम के तरफ से पूर्ण समर्थन मिला है ।पार्टी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद शाकिर ने कहा गिरिडीह लोकसभा में लंबे समय से अच्छे सांसद की कमी खल रही थी ऐसे में क्षेत्र की जनता के लिए अहमद को सामने आना बहुत जरूरी है। वही पार्टी के महिला मोर्चा झारखंड प्रदेश अध्यक्ष नसीमा खानम ने कहा कि झारखंड के किसी भी लोकसभा क्षेत्र में अहमद उम्मीदवार के रूप में मिल के पत्थर साबित होंगे। सीपीआई नेता अंचल सहायक सचिव महिउद्दीन ने कहा कि गिरीडीह लोकसभा के कोने कोने से जुडे हुए हैं। यदि जनता इन्हें सांसद भेजते हैं तो क्षेत्र की सर्वांगिण विकास शक्तिकरण में भरपूर योगदान देगा। अंतर्राष्ट्रीय मानवता अधिकार एवं मीडिया संगठन एजुकेशन सैल के पूर्व झारखंड प्रदेश अध्यक्ष संतोष कुमार ठाकुर ने भी अपना समर्थन दिया है।

## सीसीएल से सेवानिवृत्त सुरक्षा प्रहरी को दी गयी विदाई

**दबंग हिन्द,फुसरो।** सीसीएल ढ़ोरी महाप्रबंधक कार्यालय मे सोमवार को सेवानिवृत्त सुरक्षा प्रहरी मिसिर बाउरी को सिक्योरिटी विभाग की ओर से सम्मान सह विदाई समारोह का आयोजन कर भावभीनी विदाई दी गयी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एरिया सिक्योरिटी ऑफिसर सीताराम उड़के ने सेवानिवृत्त सुरक्षा प्रहरी मिसिर बाउरी को शाल ओढ़ाकर और उपहार देकर सम्मानित किया। कहा कि मिसिर बाउरी के योगदान के फलस्वरूप कंपनी सफलता के मार्ग पर अग्रसर है। निश्चित रूप से उनके अनुभव की कमी हमलोग को महसूस होगी। आप सब की मेहनत और सार्थक प्रयास से कंपनी नई ऊंचाई छू रही है। उन्होंने श्री बाउरी को जीवन की दूसरी पारी के लिएशुभकामनाएं दी।

## लोकतंत्र के महापर्व लोकसभा एवं निर्वाचन में शामिल होने का आखिरी मौका चार दिन शेष

**दबंग हिन्द,बोकारो।** अगर आपकी उम्र 18 वर्ष है और आपका नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं है तो आपके पास एक और मौका है मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने का निर्वाचन आयोग एवं मंत्रिमंडल निर्वाचन रांची के निदेर्शानुसार 1 अप्रैल 2024 को 18 वर्ष पूरा करने वाले युवक युवती छूते हुए आम जनता अपना नाम मतदाता सूची में ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यम से दर्ज कर सकते हैं लोकतंत्र के महापर्व में शामिल होने का यह आखरी मौका है संसदीय निर्वाचन क्षेत्र गिरिडीह एवं धनबाद लोकसभा क्षेत्र में नामांकन की आखिरी तिथि 6 में एवं फॉर्म 6 प्राप्त करने की अंतिम तिथि 26 अप्रैल है या नहीं मतदाता सूची में नाम दर्ज करने को लेकर मात्र 4 दिन बचा है इस मौके पर मतदाता सूची में नाम कैसे जोड़े इसकी जानकारी दी गई इसके अलावा विभिन्न सरकारी निजी कार्यालय में गठित वोटर अवेयरनेस फोरम एवं आरडी के सचिव को फार्म उपलब्ध करा सकते हैं।

## निर्वाचन संबंधित सहायता व शिकायत के लिए आमजन डायल करें 1950

**दबंग हिन्द,बोकारो।** वचन से संबंधित किसी भी सहायता शिकायत के लिए आम जनता टोल फ्री नंबर 1950 को डायल कर सकते हैं जिले में यह सेवा सुबह 9:00 से रात्रि 9:00 बजे तक संचालित है या सेवा मुफ्त है और इसका कोई शुल्क नहीं लगता है मौके पर यह बताया गया कि मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए पासपोर्ट साइज फोटो पहचान पत्र आधार कार्ड या कोई दूसरा पहचान पत्र जहां रह रहे हैं वहां का बिजली बिल या कोई दूसरा दस्तावेज उम्र प्रमाण पत्र दसवीं कक्षा की मार्कशीट या जन्म प्रमाण पत्र जरूरी है।

## दस्तावेजों को भी दिखाकर कर सकते हैं मतदान

**दबंग हिन्द,बोकारो।** लोकसभा आम निर्वाचन के तहत आगामी 25 में को गिरिडीह एवं धनबाद लोकसभा क्षेत्र में मतदान होना है ऐसे में मतदाताओं को मतदान करने से पहले मतदाता फोटो युक्त पहचान पत्र प्रस्तुत करना है यदि किसी कारण बस नहीं कर पाते हैं तो ऐसी स्थिति में मतदाता वैकल्पिक फोटो युक्त पहचान पत्र दिखाकर मताधिकार का इस्तेमाल कर सकते हैं निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान के लिए इसके अलावा 12 अन्य वैकल्पिक दस्तावेज को मान्य किया गया है जिसमें पासपोर्ट ड्राइविंग लाइसेंस राज्य केंद्र सरकार सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम पब्लिक लिमिटेड कंपनी द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटो युक्त सेवा पहचान पत्र बैंक या डाकघर द्वारा जारी की गई फोटो युक्त पासबुक पैन कार्ड राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर द्वारा जारी किया गया कार्ड मनरेगा जॉब कार्ड स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड श्रम मंत्रालय फोटो युक्त पेंशन दस्तावेज आधार कार्ड सांसद विधायक पार्षद को जारी कार्ड एवं विशिष्ट दिव्यंगता पहचान पत्र शामिल है।

## बोकारो जनरल हॉस्पिटल में परिवार कल्याण दिवस का आयोजन

**दबंग हिन्द,बोकारो।** सोमवार को बोकारो जनरल हॉस्पिटल के स्त्री रोग और प्रसूति विभाग के परिसर में परिवार कल्याण दिवस का आयोजन डॉक्टर बरसात दाने करके मार्गदर्शन में किया गया डॉक्टर बरसाने कहा कि प्रत्येक माह के 21 तारीख को परिवार कल्याण दिवस का आयोजन किया जाएगा जिससे कि अधिक से अधिक लोग इस कार्यक्रम से लाभान्वित हो सके कार्यक्रम में डॉक्टर जय अग्रवाल परिवार नियोजन प्रभारी के द्वारा परिवार नियोजन के सभी संसाधनों के बारे में जानकारी दी गई कार्यक्रम का संचालन स्त्री रोग और प्रस्तुति विभाग की विभाग अध्यक्ष डॉ एनिमा केरकेट्टा के द्वारा किया गया। उन्होंने यह संदेश दिया कि स्वास्थ्य एवं सुखमय जीवन के लिए प्रत्येक परिवार में परिवार नियोजन आवश्यक है क्योंकि सीमित परिवार में महिलाएं और बच्चों का लालन पालन करना आसान होता है और पूरा परिवार खुशहाल रहता है।

## संपूर्ण ब्राह्मण समाज के कार्यकारिणी सदस्यों की हुई बैठक

**दबंग हिन्द,बोकारो सिटी।** संपूर्ण विश्व शांति सेवा परिषद के तत्वावधान में संपूर्ण ब्राह्मण समाज की कार्यकारिणी के सदस्यों की बैठक हुई जिसमें केंद्रीय महामंत्री डॉ अशोक कुमार पांडे ने कहा कि अभी देश में चुनाव का महाप्रभु होने वाला है जिसमें उन्होंने संपूर्ण समाज के सभी वर्गों को चुनाव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का आह्वान किया। प्रदेश अध्यक्ष हरिराम पांडे ने कहा कि आगामी धनबाद लोकसभा क्षेत्र के संपूर्ण ब्राह्मण समाज के 3:30 लाख वोटरों को चुनाव में हिस्सा लेने की अपील की इस मौके पर अधिवक्ता अनु मिश्रा अभिनंदन कुमार मिश्रा विवाह देवी शिव जी तिवारी उमेश चंद्र दुबे पूजा झा आशा देवी नवल किशोर शर्मा अनूप चौबे शशि भूषण पांडे महिला अध्यक्ष बिंदु तिवारी सुधा पांडे बसंती रानी सहित अन्य उपस्थित थे।

## डॉ राधाकृष्णन कॉलेज में पृथ्वी दिवस पर क्विज प्रतियोगिता

**दबंग हिन्द,बोकारो।** डॉ एस राधाकृष्णन कॉलेज ऑफ एजुकेशन चैस के प्रांगण में पृथ्वी दिवस के अवसर पर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रशिक्षुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया प्रतियोगिता में सभी प्रशिक्षु को चार समूह में बांटा गया इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर समूह अ के प्रशिक्षण रहे सवासर पर कॉलेज प्राचार्य डॉ गायत्री कुमारी ने पृथ्वी दिवस की शुभकामनाएं दी और विजई समूह को बधाई दी साथी मोमेंटो देकर उन्हें सम्मानित किया इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ गायत्री कुमारी सभी व्याख्याता कर्मचारी उपस्थित थे।

## धरा नहीं होगी तो सब धरा रह जाएगा पेंटाकॉस्टर में आयोजित हुआ पृथ्वी दिवस

**दबंग हिन्द,बोकारो।** पेन्टाकोस्टल विद्यालय में विद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर करुणा प्रसाद के नेतृत्व में कक्षा प्रेम से 12वीं तक के विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न प्रकार की गतिविधियों को पृथ्वी दिवस के अवसर पर अंजाम दिया गया जिसका उद्देश्य पृथ्वी की सुरक्षा पर्यावरण संरक्षण पेड़ पौधों के रोपण प्लास्टिक का प्रयोग काम करने और जल संरक्षण जैसे मुद्दों पर जागरूकता को बढ़ावा दिया जाना था इस दिन के माध्यम से हमें यह याद दिलाया जाता है कि हमारी पृथ्वी हमें जीवन संभालने के लिए सभी साधन प्रदान करती है और हमें इसकी देखभाल करनी चाहिए शैक्षणिक अधिकारी रीता प्रसाद ने कहा कि पृथ्वी के संरक्षण और पर्यावरण को लेकर लोगों के बीच जागरूकता पैदा करना हमारा कर्तव्य है क्योंकि यदि हम आने वाली पीढ़ी से लगाव रखते हैं तो पृथ्वी को बचाना है हमारी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी बनती है कार्यक्रम में धरती की महत्ता को शुरू में पिरोया इस अवसर पर विभिन्न कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा अनेक प्रकार की गतिविधि और प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तथा प्रत्येक कक्षा के विद्यार्थियों के लिए एक विशेष असेंबली का भी आयोजन किया गया मौके पर स्लोगन लेखन प्रतियोगिता भी आयोजित हुआ विद्यार्थियों ने प्लेनेट वर्सेस प्लास्टिक विषय पर रचनात्मक स्लोगन लिखकर पृथ्वी के प्रति श्रद्धा और सम्मान व्यक्त किया।

# पृथ्वी के संरक्षण का लें संकल्प : रवि शंकर

**दबंग हिंद संवाददाता**

**धनबाद।** विश्व पृथ्वी दिवस पर आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर ने देश की जनता के लिए रचनात्मक संदेश दिया है। उन्होंने कहा है कि हमारा शरीर पृथ्वी, अग्नि, जल, वायु और आकाश नामक पञ्चभूतों से बना है। पंचभूतों में प्रथम स्थान पृथ्वी तत्व का है। संस्कृत में संपूर्ण विश्व को प्रपंच कहा जाता है। यह संपूर्ण संसार कुछ इस तरह से बना है कि ईश्वर, पृथ्वी तत्व में सर्वाधिक प्रधानता से उपस्थित हैं। पर्यावरण हमारा पहला शरीर है, जहाँ से हमें अन्न मिलता है। हमारी पांचों इन्द्रियों का भोजन हमें हमारे वातावरण से मिलता है। हमारा पूरा जीवन भोजन, स्वच्छ जल, शुद्ध हवा और अग्नि पर निर्भर है। ये सभी हमें पृथ्वी तत्व, जल तत्व, वायु तत्व और अग्नि तत्व से मिलता है। ये सभी चार तत्व आकाश तत्व में रहते हैं। इसलिए हमें इन पांचों भूतों का सम्मान करना चाहिए और इन्हें शुद्ध रखना चाहिए, तभी हम जीवन में सुखी रह सकते हैं और दुनिया टिक सकती है। हमें इस बात के प्रति सजग रहना चाहिए कि हमारे पास केवल एक ही पृथ्वी है। हम यहीं बड़े हुए हैं और हमारा यह



शरीर पूरी तरह से पर्यावरण पर निर्भर है। जब हम इस ग्रह पर आये, तब हम केवल 4 या 5 किलो के थे और अभी आपके शरीर का जो भी वजन है वह सब इसी पृथ्वी तत्व से आया है। आज हम देखते हैं कि पिछले कई दशकों से कई तरह के रासायनिक खाद डाल कर हम अपनी जमीन को निर्वीर्य कर दे रहे हैं। हमें पृथ्वी की उर्वरा शक्ति को बचाने के लिए रासायनिक खादों का उपयोग पूरी तरह से बंद कर देना चाहिए और नैसर्गिक खेती की ओर बढ़ना चाहिए। आज आर्ट ऑफ लिविंग के हजारों स्वयंसेवकों के प्रयासों द्वारा भारत में लाखों किसान नैसर्गिक खेती कर रहे हैं। नैसर्गिक खेती से न केवल किसानों का जीवन स्तर उपर उठा है, बल्कि रासायनिक खेती से जमीन को होने वाले नुकसान में भी कमी आई है। यह आवश्यक है कि जमीन पर सी कोई भी चीज न डालें, जिससे जमीन खराब हो। इसलिए ऑर्गेनिक चीजों का उपयोग करना चाहिए। हमारी परंपरा में पुरातन प्रथा है कि हर एक व्यक्ति को अपने जीवन में पांच बड़े वृक्ष लगाने चाहिए। वृक्ष लगाने से भूमिगत जल के स्तर में बढ़ोत्तरी होती है। इसके साथ साथ हमें जल के स्त्रोत की सफाई पर भी ध्यान देना चाहिए। यदि हमें नदियों और तालाबों को बचाना है, तो उन्हें साफ रखना बहुत जरूरी है। जो नदियां और तालाब सूख गये हैं उनको पुनर्जीवित करना बहुत आवश्यक है। पृश्वी पर प्रदूषण कम करने लिए हमें सौर ऊर्जा और हवा की ऊर्जा को ईंधन के रूप में प्रयोग करने को बढ़ावा देना चाहिए। हवा को शुद्ध रखने के लिए प्लास्टिक जलाना बंद करें व खेतों को जलाना भी बंद करना चाहिए। पृथ्वी माता व भूदेवी है। भगवान विष्णु के एकतरफ श्रीदेवी लक्ष्मी हैं और एक तरफ भूदेवी हैं। हमें ध्यान रखना चाहिए कि यदि हम भूमि का संरक्षण नहीं करेंगे, तो न श्री रहेंगी, न जीवन रहेगा और ना ही नारायण रहेंगे।

# सेमिनार में सरकार के साथ काम करने पर चर्चा

**दबंग हिंद संवाददाता**

**धनबाद।** बीआईटी सिंदरी में महत्वपूर्ण सेमिनार का आयोजन किया, जिसमें सरकार के साथ काम करने का तरीका कैसे और क्यों विषय पर विस्तृत चर्चा की गई। सेमिनार आईईईई स्टूडेंट ब्रांच बीआईटी सिंदरी ने आयोजित किया। इसमें अमेरिका के आईईईई के प्रबंध निदेशक मिस्टर रसेल हैरिसन द्वारा व्याख्यान और मेंटरशिप की गई। मिस्टर रसेल हैरिसन एक विश्वसनीय व्यक्ति हैं, जो आईईआई यूएसए के प्रबंध निदेशक के पद पर कार्यरत हैं। उनकी विशेषज्ञता और अनुभव से भरपूर व्यक्तित्व ने सेमिनार को अद्वितीय बनाया। सेमिनार के दौरान मिस्टर हैरिसन ने



सरकार के साथ काम करने के महत्व को समझाया और विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग के तरीकों पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि सरकारी संस्थानों और विभागों के साथ काम करना अत्यंत आवश्यक है, ताकि समाज में प्रगति और विकास हो सके। उन्होंने कहा कि बीआईटी सिंदरी तकनीकी शिक्षा और अनुसंधान में महत्वपूर्ण योगदान देता है। इसके विद्यार्थी और शिक्षक समूह विश्वसनीयता और उत्कृष्टता के लिए प्रसिद्ध हैं। सेमिनार में बीआईटी सिंदरी के विद्यार्थी और शिक्षक समूह के सदस्यों ने भी भाग लिया और सरकारी संस्थानों के साथ सहयोग करने के महत्व को समझते हुए इस समर्थनीय पहल का स्वागत किया। सेमिनार ने विभिन्न स्तरों पर सरकारी संस्थानों के साथ सहयोग के लिए एक मंच प्रदान किया, जिससे तकनीकी शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में नई प्रेरणात्मक योजनाओं और उत्पादों की उत्पत्ति हो सके। इसके अलावा सेमिनार छात्रों को सरकारी क्षेत्र में करियर के अवसरों के बारे में जागरूक करने में भी मददगार साबित हो सकता है। सेमिनार ने सरकारी संस्थानों और तकनीकी संस्थानों के बीच सकारात्मक संबंध को बढ़ावा देने का मार्ग प्रशस्त किया और इसके माध्यम से समाज के विकास और प्रगति को बढ़ावा देने का कार्य किया गया।

# मैट्रिक के प्रखंड टॉपर आकाश प्रमाणिक को किया गया सम्मानित

**दबंग हिंद संवाददाता**



**धनबाद।** बलियापुर प्रखंड के पलानी गांव के छात्र आकाश प्रमाणिक ने इस वर्ष मैट्रिक की परीक्षा में पूरे प्रखंड में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। आकाश ने प्रारंभिक शिक्षा सन पब्लिक स्कूल पलानी तथा दशम बाघमारा उच्च विद्यालय से किया है। आकाश की उपलब्धि पर प्रखंड उप प्रमुख आशा देवी ने आज उनके आवास पर जाकर उन्हें अंग वस्त्र तथा उपहार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सच्ची लगन और मेहनत से किया गया कार्य हमेशा सफल होता है। शिक्षा एक ऐसा माध्यम है, जिसके द्वारा हम अपने और परिवार के सपनों को पूरा कर सकते हैं। साथ ही उन्होनें छात्र आकाश को शुभकामना तथा आशीर्वाद दिया। मौके पर उप प्रमुख आशा देवी, मुखिया शांति देवी, पंचायत समिति सदस्य लक्ष्मी नारायण महतो, दिवाकर महतो, निर्मला देवी, शिक्षक स्वपन कुमार महतो, धीरेन प्रमाणिक, आरती देवी, दिलीप कुमार महतो, विश्वजीत महतो, धर्मदेव तुरी आदि मौजूद थे।

# मेडिकल बिल आनलाइन जमा करने को आप्शनल करे कोल इंडिया : पंडित

**दबंग हिंद संवाददाता**

**धनबाद।** कोल इंडिया का तुगलकी फरमान व ऑनलाइन मेडिकल बिल जमा करना कोल पेंशनर्स को डिप्रेशन में डाल दिया है। उक्त बातें सेवानिवृत कोल अधिकारी सह समाजसेवी हरेराम पंडित ने कही है। उनका कहना है कि बीमारी, कम्प्यूटर के ज्ञान का अभाव तथा कम्प्यूटर-लैपटॉप नहीं होने के कारण सेवानिवृत्त कोल अधिकारियों से मेडिकल बिल ऑनलाइन जमा करवाने के लिए कोल इंडिया प्रबंधन की जिद समझ से परे है। जब से कन्ट्रिव्युटरी पोस्ट रिटायरमेंट मेडिकल स्कीम शुरू हुआ है, हार्ड कापी सिस्टम ही चल रहा है। जो सेवानिवृत्त कोल अधिकारी ऑनलाइन बिल भेज देंगे अच्छा है और जो नहीं भेज पाएंगे, उनका ऑफलाइन



मेडिकल बिल जमा हो एवं उसे वहीं ऑनलाइन में कन्वर्ट कर बिल का भुगतान हो। कोल इंडिया प्रबंधन सेवानिवृत्त कोल अधिकारियों के साथ अमानवीय व्यवहार बन्द करे। ऑनलाइन बिल जमा करने को मैन्डेटरी नहीं करते हुए आप्शनल करे, अन्यथा मेडिकल बिल रिइंबर्समेंट नहीं होने पर बुजुर्ग कोल पेंशनर्स के साथ अन्याय होगा। कोल इंडिया प्रबंधन कोल पेंशनर्स की लाचारी को समझते हुए मेडिकल बिल जमा करने के लिए दोनों सिस्टम यानी ऑनलाइन एवं ऑफलाइन जारी रखे और इस सम्बन्ध में कार्यालय आदेश जल्द से जल्द दे। कोल पेंशनर्स को उम्मीद है कि कोल इंडिया प्रबंधन उन्हें इलाज के अभाव में मरने नहीं देगा और मेडिकल बिल का भुगतान हार्ड कापी सिस्टम में भी करता रहेगा।

# एससी-एसटी व ओबीसी कर्मचारी संघ की बैठक संपन्न

**दबंग हिंद संवाददाता**

**धनबाद।** एससी, एसटी और ओबीसी कर्मचारी संघ की बैठक जिला परिषद धनबाद में बैठक की गयी, जिसकी अध्यक्षता भूतपूर्व बीडीओ मिथिलेश प्रसाद ने की। बैठक में आगामी संसदीय चुनाव पर व्यापक चर्चा की गयी। चर्चा में मुख्य रूप से देश में एक तरफ संविधान बचाओ-लोकतंत्र बचाओ और धर्मनिरपेक्षता की रक्षा करने वाले होंगे और दूसरी तरफ वे लोग होंगे, जो संविधान बदलना चाहते हैं तथा लोकतंत्र को समाप्त कर दिया है। देश की एकता व अखंडता को खत्म करना ऐसे दो विचारों की लड़ाई 18वीं लोकसभा चुनाव में लड़ी जा रही है। यह चुनाव देश के शोषित, पीड़ित, दलित, आदिवासी,



पिछड़ा वर्ग, बुद्धिजीवियों व मेहनतकश लोगों के अधिकार एवं अस्तित्व की रक्षा करने की लड़ाई है। भारतीय जनता पार्टी दुनिया की सबसे भ्रष्ट पार्टियों में से, एक है, जो सनातन और विकास के नाम पर आवाम को दिग्भ्रमित करती है। यह आमजन को बुनियादी सवाल शिक्षा, रोजगार से वंचित कर गुलाम बनाने की साजिश है। फांसीवाद और तानाशाह का कोई धर्म या जाति नहीं होती है। वे मानव के सारे अधिकार को अपनी मुट्ठी में रखकर उनके अधिकारों को समाप्त कर देते हैं। हिटलर और मुसोलीन का इतिहास पुनः दोहराया जा रहा है। इसीलिए तमाम दलित व अंबेडकरवादी संगठन तथा सामाजिक कार्यकताओं को लेकर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करने का निर्णय लिया गया। बैठक में दलित शोषण मुक्ति मंच के राष्ट्रीय सचिव व झारखंड के अध्यक्ष शिवबालक पासवान, अंबेडकर मिशन के सचिव शशि भूषण कुमार, राकेश चौधरी, मधेश्वर प्रसाद व अन्य उपस्थित थे।

# मोहरीबांध में मिले शव नहीं हुई शिनाख्त

**दबंग हिंद संवाददाता**



**तिसरा।** घनुडीह ओपी क्षेत्र के मोहरीबांध के समीप कल देर शाम एक अधेड़ व्यक्ति का शव मिला। 24 घंटे बीत जाने के बाद भी मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। ओपी प्रभारी अपने स्तर से पहचान का काफी प्रयास कर रहे हैं, पर अभी तक कोई सुराग नहीं मिला है। प्रभारी पंकज कुमार ने बताया कि 72 घंटे तक हम इंतजार करेंगे, ताकि कोई उसे पहचान ले। शव देखने से प्रतीत होता है कि मृतक बीमारी से ग्रसित था। वह कहां से भटकता हुआ आया, यह अभी पता नहीं चल रहा है। 72 घंटे के बाद शव को धनबाद भेजा जाएगा और वरीय अधिकारी के निर्देश पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# तीन दिवसीय राज्यव्यापी हड़ताल आरंभ

**दबंग हिंद संवाददाता**

**पुटकी।** बैंक ऑफ इंडिया द्वारा आधार से जमा व निकासी करने पर ग्राहक के हर ट्रांजेक्शन पर 1 अप्रैल से 25 रुपया के साथ 18 प्रतिशत जीएसटी लेने के विरोध में 2500 से ज्यादा सीएसपी संचालकों द्वारा 22 से 24 अप्रैल तक तीन दिवसीय राज्यव्यापी हड़ताल के पहला दिन आज बंद का पुटकी में व्यापक असर देखने को मिला। धनबाद सहित पूरे झारखंड में सीएसपी बंद होने से ग्राहक परेशान दिखे। सीएसपी संचालकों ने अपने सीएसपी पर तीन दिन बंद का पोस्टर चिपका दिये हैं। सीएसपी बंद होने से खास कर सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में बुजुर्ग, महिला व



बच्चों को रुपये जमा व निकासी करने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। बैंक में ग्राहकों की भीड़ लगी रही। ऑल झारखण्ड बीसी यूनियन के धनबाद जिला कोषाध्यक्ष त्रिभुवन दास ने कहा कि आज झारखंड में लगभग 25 सौ से ज्यादा सीएसपी संचालकों का तीन दिवसीय राज्यव्यापी हड़ताल का पहला दिन है। बीओआई ने सीएसपी से आधार कार्ड के माध्यम से जन-धन खाते को छोड़ अन्य खाते से जमा व निकासी करने पर शुल्क लगाया है। ऐसा नियम अन्य बैंकों में नहीं है। रिजर्व बैंक का भी कोई स्पष्ट निर्देश नही है। बीओआई मनमानी कर रहा है। अतः जमा व निकासी शुल्क वृद्धि को बैंक अविलम्ब वापस ले। इससे हमारी रोजी- रोटी पर पूर्ण विराम लग गया है। अगर 25 रुपया के साथ 18 प्रतिशत जीएसटी को बंद कर पहले जैसा नियम लागू नहीं किया गया, तो तीन दिन तक हड़ताल के बाद चुनाव अचार संहिता को देखते हुए आगे की रणनीति तय की जाएगी। पुटकी चैम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष हीरा शर्मा ने सीएसपी संचालकों का समर्थन करते हुए कहा कि बैंक ऑफ इंडिया द्वारा जमा व निकासी शुल्क वृद्धि अविलम्ब वापस लेना चाहिए।

# ई0 विनय कुमार सिंह ने एनडीए प्रत्याशी के समर्थन में किया जनसम्पर्क



**दबंग हिंद संवाददाता**

**गिरिडीह।** गिरिडीह विधानसभा के चुंजका एवं मटरूखा पंचायत के कमार्टांड़ , मटरूखा , बलहो तथा पीरटांड़ प्रखंड के बिशनपुर एवं घंटाडीह गांव में सेवानिवृत्त इंजीनियर विनय कुमार सिंह प्रदेश प्रवक्ता ओबीसी मोर्चा भाजपा द्वारा वासुदेव राम चंद्रवंशी जिला कार्य समिति सदस्य भाजपा ओबीसी मोर्चा के साथ जनसंपर्क अभियान चलाया। गिरिडीह लोकसभा के सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी एनडीए प्रत्याशी को विजयी बनाने का आह्वान किया गया। विनय कुमार सिंह द्वारा बताया गया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के कुशल नेतृत्व में विगत 10 वर्षों में देश के हर क्षेत्र स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क सहित अन्य विकास कार्यों के साथ जन कल्याणकारी योजनाओं से सभी परिवार को लाभ हुआ है। इससे प्रभावित होकर मतदाता पुनः मोदीके को अपार बहुमत के साथ प्रधानमंत्री बनाने के लिए संकल्पित हैं। केंद्र सरकार द्वारा धारा 370 हटाने, अयोध्या में प्रभु श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा सहित संसद में आये सभी बिलों का सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी द्वारा समर्थन किए जाने एवं 2047 तक प्रधानमंत्री के विकसित राष्ट्र की गारंटी को देखते हुए एनडीए प्रत्याशी चंद्र प्रकाश चौधरी को मतदान करने के लिए क्षेत्र की जनता मन बना चुकी है। अभियान के दौरान भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता सरजू मंडल , वासुदेव पंडित, रेखा मंडल, अंजनि कुमार, भोला मंडल, फणींद्र सिंह, कौशल्या देवी, प्रमोद मंडल सहित अनेक लोगों से संपर्क हुआ।

# धनबाद संसदीय सीट से सरयू राय ने दिया चुनाव लड़ने का संकेत

## भाजपा और कांग्रेस को हो सकती है परेशानी

**दबंग हिंद संवाददाता**

**धनबाद।** धनबाद संसदीय सीट के प्रत्याशियों का भारतीय जनतंत्र मोर्चा द्वारा लगातार हमला जारी है। पार्टी के संरक्षक तथा जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने एक बार फिर हमला बोलते हुए कहा है कि सोमवार तक उनकी पार्टी का धनबाद से चुनाव लड़ने के बारे में अंतिम निर्णय ले लिया जाएगा, लेकिन प्रत्याशी कौन होगा, इसके बारे में उन्होंने अब तक स्पस्ट नहीं किया है। उन्होंने बताया कि मंगलवार तक इस मामले में पार्टी सर्वसम्मत निर्णय ले लेगी। एक प्रश्न के जवाब में उन्होंने कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह उनसे मिलने आयी थी। बेटी व बहू को आशीर्वाद देना हमारी संस्कृति है, लेकिन उन्होने व्यक्तिगत रूप से सिर्फ आशीर्वाद दिया है। इससे पार्टी के टिकट का कोई संबंध नहीं है। विश्वस्त सूत्रों का मानना है कि अगर सरयू राय धनबाद से चुनाव लड़ते हैं, तो इसका खामियाजा भाजपा और कांग्रेस दोनों को होना तय है। सरयू



राय ने एक बार फिर पूर्व की तरह भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के खिलाफ जमकर आग उगली। उन्होंने कहा कि भाजपा के प्रदेश महामंत्री ने चुनाव आयोग में जो एफिडेविट दिया है, उसके अनुसार भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो पर अभी भी 19 मामले लंबित हैं और दो मामलों में सजा हुई है, जबकि वर्ष 2022 में धनबाद एसपी ने झारखंड उच्च न्यायालय में रिपोर्ट दी थी, जिसके अनुसार भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो पर इससे ज्यादा मामले लंबित है। साथ ही उन्हें चार मामलों में सजा हुई है। उन्होंने कहा कि लंबित मामलों में कई संगींन धाराएं हैं, जिसमें ढुल्लू महतो को 5 से 10 वर्ष तक की सजा हो सकती है।

# जदयू ने लिया एनडीए प्रत्याशी ढुल्लू महतो को जिताने का निर्णय

**दबंग हिंद संवाददाता**

**धनबाद।** जिला जनता दल यू के जिला पदाधिकारियों की बैठक आज हीरक रोड स्थित द रीत होटल में की गई। अध्यक्षता जिला अध्यक्ष पिंटु कुमार सिंह ने की। प्रदेश महासचिव सुशील कुमार सिंह, जिला अध्यक्ष पिंटु कुमार सिंह तथा ओबीसी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रामस्वरूप यादव ने कहा कि धनबाद लोकसभा क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी ढुल्लू महतो को जिताने के लिए जनता दल यू कृत संकल्प है।

# पृथ्वी दिवस पर पौधे लगा कर लिया गया धरती को बचाने का संकल्प

**दबंग हिंद संवाददाता**

**जोड़ापोखर।** ग्रीन लाइफ झरिया एवं यूथ कॉन्सेप्ट के संयुक्त तत्वावधान में आज पृथ्वी दिवस पर प्राथमिक विद्यालय खास झरिया के प्रांगण में आम तथा मेहगुनी के पौधे लगाये गये। सभी लोगों ने एक-एक पौधा लगा कर पृथ्वी की रक्षा का संकल्प लिया। पृथ्वी दिवस के दिन हवा, पानी, धरती, नदी, तालाब, वृक्ष जैसे प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा तथा बेहतर कल के प्रयासों में एकजुट होने का आग्रह किया गया। ग्रीन लाईफ के संयोजक डॉ मनोज सिंह ने कहा कि पृथ्वी हमें पूर्वजों से विरासत में नहीं मिली है, बल्कि भावी पीढ़ी से उधार में मिली है। अतः यह धरती हमें आने वाली पीढ़ी को सुरक्षित लौटाने के लिए इसकी रक्षा जरूरी है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण की रक्षा के लिए हमें अधिक से अधिक पौधे लगाने के साथ वृक्षों की रक्षा करनी होगी। रोजगार के लिए मानव ने जंगलों को नुकसान पहुंचाया है। अब समय आ गया है कि पेड़ लगाने की प्रवृति को स्वरोजगार से जोड़ा जाये। यूथ कॉन्सेप्ट के संयोजक अखलाक अहमद ने कहा कि कोयलांचल में व्याप्त वायु प्रदूषण जलवायु परिवर्तन का कारण बन रहा है।

## एक नजर

### बच्चों ने मनाया विश्व पृथ्वी दिवस



**दबंग हिंद संवाददाता**

**जोड़ापोखर।** डीएवी मॉडल स्कूल सीएफआरआई में विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया। सबसे पहले स्कूल की प्रार्थना सभा में छात्रों को विशेष रूप से संबोधित किया गया, जिसमें उन्हें इसके महत्व के बारे में बताया गया। प्राचार्या श्रीमती महुआ सिंह ने कहा कि हमारी पृथ्वी इस ब्रह्मांड का एक छोटा सा अंश है, जो हमें जीवित रहने के लिए वातावरण मुहैया करवाता है। जरूरी है कि हम पृथ्वी को संभाल कर रखे। विज्ञान विभाग के अध्यापकों द्वारा विद्यार्थियों में स्लोगन, लेखन और पोस्टर बनाने की प्रतियोगिता आयोजित की गई। छठी से आठवीं कक्षा तक के बच्चों ने स्लोगन प्रतियोगिता में भाग लिया, जिसमें उन्होंने पृथ्वी को संभालकर रखने के लिए खूबसूरती के साथ संदेश दिया एवं चित्रों के माध्यम से प्रकृति के रूप में पृथ्वी के प्रति अपनी भावनाओं को व्यक्त किया। इन गतिविधियों को संचालित करने का मुख्य उद्देश्य पृथ्वी के प्रति छात्रों में जागरूकता पैदा करना था, ताकि वे प्रकृति और पर्यावरण से संबंधित अपनी जिम्मेदारियों को पूरा कर सकें। मौके पर स्कूल शिक्षक इंद्रजीत दास मौजूद थे।

### मेडिकल बिल आनलाइन जमा करने को आप्शनल करे कोल इंडिया : पंडित

**दबंग हिंद संवाददाता**



**धनबाद।** कोल इंडिया का तुगलकी फरमान व ऑनलाइन मेडिकल बिल जमा करना कोल पेंशनर्स को डिप्रेशन में डाल दिया है। उक्त बातें सेवानिवृत कोल अधिकारी सह समाजसेवी हरेराम पंडित ने कही है। उनका कहना है कि बीमारी, कम्प्यूटर के ज्ञान का अभाव तथा कम्प्यूटर-लैपटॉप नहीं होने के कारण सेवानिवृत्त कोल अधिकारियों से मेडिकल बिल ऑनलाइन जमा करवाने के लिए कोल इंडिया प्रबंधन की जिद समझ से परे है। जब से कन्ट्रिव्युटरी पोस्ट रिटायरमेंट मेडिकल स्कीम शुरू हुआ है, हार्ड कापी सिस्टम ही चल रहा है। जो सेवानिवृत्त कोल अधिकारी ऑनलाइन बिल भेज देंगे अच्छा है और जो नहीं भेज पाएंगे, उनका ऑफलाइन मेडिकल बिल जमा हो एवं उसे वहीं ऑनलाइन में कन्वर्ट कर बिल का भुगतान हो। कोल इंडिया प्रबंधन सेवानिवृत्त कोल अधिकारियों के साथ अमानवीय व्यवहार बन्द करे। ऑनलाइन बिल जमा करने को मैन्डेटरी नहीं करते हुए आप्शनल करे, अन्यथा मेडिकल बिल रिइंबर्समेंट नहीं होने पर बुजुर्ग कोल पेंशनर्स के साथ अन्याय होगा। कोल इंडिया प्रबंधन कोल पेंशनर्स की लाचारी को समझते हुए मेडिकल बिल जमा करने के लिए दोनों सिस्टम यानी ऑनलाइन एवं ऑफलाइन जारी रखे और इस सम्बन्ध में कार्यालय आदेश जल्द से जल्द दे। कोल पेंशनर्स को उम्मीद है कि कोल इंडिया प्रबंधन उन्हें इलाज के अभाव में मरने नहीं देगा और मेडिकल बिल का भुगतान हार्ड कापी सिस्टम में भी करता रहेगा।

### सड़क हादसे में पति की मौत, पत्नी घायल



**दबंग हिंद संवाददाता**

**गिरिडीह।** जमुआ थाना क्षेत्र में आज सुबह सड़क हादसे में पति की मौत हो गई, जबकि पत्नी गंभीर रूप से घायल है। घटना से परिजनों में मातम पसर गया है। बताते हैं कि पति व पत्नी स्कूटी पर सवार होकर जा रहे थे कि इसी दौरान चारपहिया वाहन ने उन्हें चपेट में ले लिया। मृतक गिरिडीह नगर थाना क्षेत्र के भंडारीडीह स्थित मवेशी अस्पताल के समीप का रहने वाला बिनोद चौधरी था। घटना की सूचना पाकर जमुआ थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की घायल पत्नी मीरा देवी को इलाज के लिए गिरिडीह स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। परिजनों ने बताया कि मृतक बिनोद और उसकी पत्नी मीरा शादी समारोह में भाग लेकर अपने घर लौट रहे थे। इसी क्रम में जमुआ के समीप चारपहिया वाहन ने स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना में बिनोद को गंभीर चोट पहुंची और उसने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया, जबकि मीरा गंभीर रूप से घायल हो गई। जमुआ पुलिस द्वारा चारपहिया वाहन और स्कूटी को जब्त कर लिया गया है।

### 45 फाइलेरिया मरीजों को दिया गया एमएमडीपी किट

**दबंग हिंद संवाददाता**

**तिसरा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र झरिया की ओर से आज जयरामपुर में 45 फलेरिया मरीजों में एमएमडीपी किट का वितरण किया गया। पिरामल फाउंडेशन एसडीसी के सुनील साव व एमपीडब्ल्यू के वरुण बाउरी की ओर से किट दिया गया। कार्यक्रम में एएनएम चंदना चटर्जी और सहिया साथी रेखा भट्ट उपस्थित थी। अधिकारियों ने बताया कि किट के माध्यम से मरीज को बताया गया कि इसका उपयोग कैसे करें। किट में प्लास्टिक का टब, साबुन, तौलिया, मग, सेवलोन, मरहम, गलब्स के अलावा कई सामग्री थी। मरीजों को बताया गया कि कैसे इसका उपयोग करें। इसका नियमित उपयोग करने से बीमारी नहीं बढ़ेगी। समय-समय पर डॉक्टर से सलाह जरूर लें। सहिया दीदी द्वारा घर-घर जाकर दी जाने वाली जानकारी और दवा का नियमित सेवन करें। सही तरीके से देखभाल करें, ताकि रोग नहीं बढ़े। मच्छरदानी का प्रयोग जरूरी है। मच्छर के काटने से बीमारी होती है। अपने घर के आस-पास साफ सुथरा रखें। किसी भी प्रकार की दिक्कत होने पर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र जाकर डॉक्टर से सलाह जरूर लें। जानकारी ही बचाव है। हम लोग जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से आए हैं। मौके पर शांति देवी, सुलेखा देवी, रानी देवी, शांति, प्रिया, संजू, पूनम देवी, सरिता देवी, रेखा साहनी, पुष्पलता देवी, मनोरमा गुप्ता आदि उपस्थित थी।

### राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर में विश्व पृथ्वी दिवस का पालन

**दबंग हिंद संवाददाता**

**धनबाद।** राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर धनबाद में आज विश्व पृथ्वी दिवस के बारे में बच्चों को जानकारी दी गई। बच्चों ने विद्यालय में वृक्षारोपण किया। यह जानकारी विद्यालय के उप प्राचार्य मनोज कुमार ने दी। उन्होंने कहा कि विश्व पर्यावरण संकट से गुजर रहा है। बर्फ के अधिक पिघलने के कारण पृथ्वी के घूमने की गति कम हो रही है, पर्यावरण असंतुलित हो रहा है व पृथ्वी को कूड़े-कचड़े प्रभावित कर रहे हैं। नदियां सूख रही हैं तथा पृथ्वी का क्षरण हो रहा है। पृथ्वी से हरे पेड़-पौधे काटे जा रहे हैं। इस कारण भी धरती का तापमान तेजी से बढ़ता जा रहा है। इससे मानव के साथ सभी जीव-जंतु प्रभावित हो रहे हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में गणित शिक्षिका कल्याणी मिश्रा ने सक्रिय भूमिका निभाई। मौके पर उप प्राचार्या उमा मिश्रा, विद्यालय की प्रभारी प्रतिमा चौबे, कमलनयन, पार्थ सारथी सरकार सहित लगभग 300 बच्चे एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं उपस्थित थे।

### पत्नी के वियोग में युवक ने की आत्महत्या

**दबंग हिंद संवाददाता**

**भौंरा।** सुदामडीह थाना क्षेत्र के भौंरा बाइक्वार्टर मुहल्ला में बीती देर रात स्व॰ भुखल भुइयां का पुत्र सूरज उर्फ नेपाली भुइयां ( 30 ) ने गले में चादर का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक तीन भाइयों में सबसे छोटा था। उसकी माता व पिता की मृत्यु पहले ही हो चुकी है। नेपाली दिहाड़ी मजदूरी का काम करता था। सूचना पाकर सुदामडीह थाना प्रभारी सूरज कुमार रजक दल-बल के साथ बाइक्वार्टर पहुंचे और परिजनों से घटना की जानकारी ली। मृतक के परिजनों पुलिस से गरीबी की दुहाई देकर शव को पोस्टमार्टम में नहीं भेजने की अपील की, लेकिन पुलिस कहा कि पोस्टमार्टम आपके हित में है। बाद में पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया। मृतक की भाभी ने बताया कि मृतक की पत्नी 6 साल से पति से अलग होकर मायके पुरुलिया में रह रही है। पत्नी के वियोग से नेपाली नशे की आदि हो गया और तनाव में रहने लगा था। उसकी 5 साल की बेटी भी है।

# श्री रुद्र महायज्ञ को ले निकली जलयात्रा



**दबंग हिंद संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** विश्रामपुर अटरिया गांव में आयोजित पांच दिवसीय श्री रुद्र महायज्ञ को लेकर रविवार को भव्य जलयात्रा निकाली गई। बाजेगाजे के साथ निकली विशाल जलयात्रा में अटरिया गांव सहित आस-पास के गांवों के दर्जनों गांवों से बच्चे, युवक, कन्याए व वृद्ध सैकड़ों श्रद्धालु की टोली शामिल हुए। श्रीमन्नारायण नारायण, लक्ष्मी नारायण नारायण सहित जय श्री राम नाम के उदघोष से क्षेत्र भक्ति की धारा प्रवाहित हो उठी। सैकड़ों श्रद्धालु महिला पुरुष कलश के साथ कतारबद्ध होकर नंगे पांव पैदल लगभग छह किलोमीटर चलकर तोलरा गांव के आराध्य देव स्थल शोखा बाबा परिसर पहुंचे। जहां पूजन करते हुए कोयल नदी पहुंच वैदिक मंत्रों चारण के साथ जल भरकर श्रद्धालु वापस अटरिया गांव स्थित यज्ञस्थल पर पहुंचे। जहां कलश को स्थापित किया गया। जुलुस में झंडे - पताकों के साथ युवावर्ग के जय श्रीमन नारायण के लगातार उदघोष से वातावरण भक्तिमय हो गया। जुलूस में यज्ञाचार्य यज्ञाचार्य श्री श्री 1008 स्वामी श्री उदय नारायणाचार्य श्री त्रिदंडी स्वामी जी महाराज सहित यज्ञ में पूजन कार्यक्रम संपन्न कराने पहुंचे आचार्यो व यज्ञ संपन्न कराने पहुंचे विद्वान पंडितों ने कलश पूजन का विधि -विधान संपन्न कराया। इस प्रारंभिक धार्मिक अनुष्ठान के उपरांत सोमवार को ध्वजापूजन व मुख्य यज्ञकुंड में अग्निप्रवेश के साथ पांच दिवसीय रुद्र महायज्ञ जारी रहेगा। इस दौरान प्रातः व दिवस काल में यज्ञाचार्य के साथ विद्वान पंडितों के द्वारा वेद मंत्र पूजन कार्यक्रम होगा। वहीं दोपहर तीन बजे से देर रात तक प्रख्यात अलग-अलग क्षेत्रों से पधारे विद्वान प्रवचन कताओं के द्वारा कथा वाचन किया जाएगा। वहीं यज्ञ में अयोध्या से आमंत्रित मुख्य प्रवचन कर्ता मानस विदुषी देवी चंद्रकला के द्वारा कथा वाचन होगा।इधर तोलरा गांव स्थित कोयल नदी में क्लश में जल भरने पहुंचे श्रद्धालुओं का स्थानीय लोगों के द्वारा भव्य स्वागत किया गया। गांव के लोगों की ओर से ठंडा पानी, शर्बत, फल आदि की व्यवस्था की गई थी। साथ हीं श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े तोलरा गांव के दर्जनों युवा, व्यस्क महिला पुरूष लगे हुए थे। तोलरा गांव के लोगों का कहना था कि अटरिया गांव के लोग उनके अपने गोत्र परिवार से आते हैं जो वर्षों पूर्व गांव से वहां चले गए थे। जलयात्रा के क्रम में गांव के आराध्य देव शोखा बाबा का दर्शन पूजन व कलश में जल भरने गांव पहुंचे हैं। ऐसे में एक हीं परिवार के होने के कारण स्वागत किया गया।

### जलयात्रा में शामिल हुई घुड़सवारों की टोली

अटरिया गांव में आयोजित श्री रुद्र महायज्ञ को निकली कलश शोभा यात्रा में घुड़ सवार श्रऋालुओ की टोली भी शामिल हुई। जो कलश यात्रा में आकर्षण का केंद्र रहा। यज्ञशाला से तोलरा गांव स्थित कोयल नदी तट तक का आवागमन लगभग की दुरी लगभग छह किमी की थी। इस क्रम में अलग-अलग लोग कलश यात्रा में घुड़सवारी करते रहे।जबकि घोड़े की दौड़ नही थमी। कलश शोभा यात्रा में मांदर की थाप पर जहां संत समाज झुमते-झुमते कोयल तट पर पहुंचा वहीं साधू-संत व श्रद्धालु जयघोष लगाते नदी तट तक का यात्रा पूरा किया।

# इंडिया गठबंधन की बैठक में आप का नामोनिशान नहीं, कार्यकारी जिलाध्यक्ष नाराजगी जता बैठक से बाहर निकले

**दबंग हिंद संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आम आदमी पार्टी राजनीतिक दलों में नयी जरूर है, मगर देश भर में जनाधार में किसी भी दल से कमजोर नहीं है। ना ही कमजोर है उनके नेतृत्व अरविंद केजरीवाल जी की तस्वीर। दो राज्यों में हमारी बहुमत की सरकार है। ये इंडिया गठबंधन के साथियों को गठबंधन की मयार्दा भूलनी नहीं चाहिए। पलामू में भी आम आदमी पार्टी का झाड़ू सबका सूपड़ा साफ करने के लिए पर्याप्त है। ये नाराजगी भरे शब्द है आम आदमी पार्टी के कार्यकारी जिलाध्यक्ष राकेश तिवारी का, जिन्होंने पलामू लोकसभा प्रत्याशी ममता भूईंया के समर्थन में मेदिनीनगर के दो नंबर टाउन स्थित



राजमहल मैरिज हॉल में बुलाई गई इंडिया गठबंधन की बैठक में आम आदमी पार्टी के नेतृत्व का फोटो, बैनर में चुनाव चिन्ह छाप नहीं देकर आक्रोशित हो गए। आप के कार्यकारी जिलाध्यक्ष राकेश तिवारी ने कहा कि आम आदमी पार्टी की जमीनी हकीकत इन सभी दलों से अलग है।बैठक में आने के सवाल पर राकेश तिवारी ने बताया कि गठबंधन धर्म का पालन कर लोकतंत्र की स्वतंत्रता छिनने वालों के खिलाफ हमारे नेता अरविंद केजरीवाल ने बिगूल फूंका है। हम सभी को एकजुट होकर देश को बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ाने वालों को हराना है। लेकिन इस लड़ाई के शुभारंभ में इंडिया गठबंधन की मयार्दा को पलामू में तोड़ा जाना शर्मनाक है। जिससे केंद्रीय नेतृत्व को अवगत कराया जाएगा। विशेष आम आदमी पार्टी सभी सीटों पर संघर्ष के लिए तैयार खड़ी है। इंडिया गठबंधन को जिताने के लिए अपना कर्तव्य जरूर निभाएगी।



**पलामू लोकसभा निर्वाचन के नामांकन के चौथे दिन लोकहित अधिकार पार्टी के सनन राम द्वारा नामांकन किया**

### पृथ्वी दिवस पर पर्यावरणविद ने हिंडालको द्वारा आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन पौधा रोपण कर कहा-

# पृथ्वी से केवल लेना ही नहीं देना भी सीखें पर्यावरण : कौशल

**दबंग हिंद संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** कजरी सोमवार को हिन्डालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड के कठौतिया ओपन कास्ट कोल माइंस की सीएसआर टीम द्वारा पृथ्वी दिवस के अवसर पर कजरी मध्य विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विश्व व्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रनेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल, विशिष्ट अतिथि पाटन वन क्षेत्र के प्रभारी वनपाल राजु रजक, पंचायती राज पदाधिकारी मनोज मिश्रा ने भाग लिया। पर्यावरणविद् कौशल किशोर जायसवाल ने कार्यक्रम का उद्घाटन पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ थाईलैंड प्रजाति के बारहमासी




आम का पौधा लगा कर किया और कहा कि पृथ्वी दिवस पर हिन्डालको ने पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर सराहनीय कार्य किया है। उन्होंने कहा कि प्रकृति से हमें सिर्फ लेने नहीं कुछ देने की परंपरा को विकसित करने की जरूरत है। मानवीय भूल के कारण बड़े पैमाने पर वनों को समाप्त कर दिया गया जिसका परिणाम यह है कि पूरा पर्यावरण प्रदुषित हो गया जिसके कारण आज तापमान लगातार बढ़ रहा है और सुखाड़ अकाल की विभीषिका झेलना पड़ रहा है। इससे बचने केलिय हम सभी को पर्यावरण धर्म के आठ मूल मंत्र अपनाने होंगे अपने घरों में होने वाले उत्सवों को यादगार बनाने के लिए पौधारोपण कर उसे बचाने का संकल्प लेने की जरूरत है। पर्यावरण धर्म गुरु कौशल ने कहा कि वे 1967 से लगातार पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरुकता कार्यक्रम के साथ पौधारोपण एवं वितरण करते आ रहे हैं। मेरे द्वारा किए जा रहे कार्यों को आइसीएससी एवं सीबीएसई पाठ्यक्रम में पढ़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पलामू में उग्रवादी और अपराधी ही नहीं रहते बल्कि पर्यावरणविद् कौशल किशोर जायसवाल जैसे लोग भी रहते हैं जो अपना जीवन पर्यावरण संरक्षण के लिए समर्पित कर दिया हैं वन राखी मूवमेंट के प्रनेता पर्यावरणविद कौशल ने कार्यक्रम का समापन वृक्षों पर रक्षाबंधन कर किया प्रभारी वनपाल राजु रजक ने कहा कि आने वाले भविष्य के लोगों के जीवन को खुशहाल बनाने के लिए पौधारोपण और वनों को बचाने की जरूरत है। पंचायती राज पदाधिकारी मनोज मिश्रा ने लोगों से पौधा लगाने के साथ साथ अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील किया। सीएसआर हेड शोभा रानी मोहंती ने कहा कि जब तक सामूहिक भागीदारी नहीं होगी तब तक पर्यावरण का संरक्षण नहीं कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि आज प्लास्टिक के प्रयोग से सबसे ज्यादा प्रदुषण फैल रहा है। प्लास्टिक मानव जीवन के लिए जहर के समान है। इसलिए प्लास्टिक का प्रयोग नहीं करने का संकल्प लेने की जरूरत है। इस मौके पर माइंस के सस्टिबिनीलीटी हेड दीपनारायण सिंह, विद्यालय के प्रधानाध्यापक अशोक पाठक, अरुण तिवारी, ब्रजेश सिंह, सुहानी कुमारी, अनीता भगत, रेणु देवी, अंजय मेहता, सहित कई लोग मौजूद थे।

## एक शिक्षा सबो का अधिकार यात्रा हुआ प्रारम्भ

**दबंग हिंद संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शिक्षा के व्यापारीकरण के विरुद्ध सोमवार को पांकी के राम जानकी मंदिर में पूजा अर्चना करके यात्रा प्रारंभ किया। यात्रा प्रारंभ होते हैं स्थानीय नागरिकों के द्वारा यात्रा के विषय को देखकर पूर्ण समर्थन दिया गया एवं उनके द्वारा बताया गया कि यात्रा को हमारा पूरा समर्थन है और हम सभी इस शिक्षा के व्यापारी करण से त्रस्त है और सभी लोग अपने बच्चों को पढ़ाने के लिए काफी मशक्कत करना पड़ रहा है। जिस पर सरकार को ध्यान देने की आवश्यकता है। इस यात्रा में समाजसेवी कमलेश कुमार सिंह, मजदूर नेता राकेश सिंह, शिव शिष्य परिवार धनंजय राय, समाजसेवी लड्डु जी, बबलू चावला, रजनीश, नागेंद्र गुप्ता रिद्धि एवं सिद्धि सहित कई अन्य लोग उपस्थित रहे।

# रिम्स में सुरक्षा में भारी चूक, पलामू का कैदी हथकड़ी निकाल हुआ फरार

**दबंग हिंद संवाददाता**

**रांची।** रिम्स की सुरक्षा में एक बार फिर चूक का मामला सामने आया है। सुरक्षा में चूक की वजह से रिम्स के सर्जरी वार्ड से कैदी श्याम किशोर चौधरी (32) हाथ से हथकड़ी निकाल कर रविवार रात भाग निकला।आरोपित पलामू जिला के हरिहरगंज थाना क्षेत्र का रहने वाला है।उसे 13 अप्रैल को डालटनगंज सदर अस्पताल से रिम्स में इलाज के लिए भर्ती कराया गया था। कैदी ने कील निगल लिया था। इस कारण 13 अप्रैल को उसके पेट का ऑपरेशन हुआ था।बरियातू थाना प्रभारी सुरेश मंडल ने बताया कि कैदी के भागने को लेकर बरियातू पुलिस ने श्याम किशोर चौधरी की सुरक्षा में तैनात हवलदार शनिचरवा उरांव ओर जीतलाल महतो ने बरियातू थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई




है। दोनों जवान पलामू जिला बल के हैं और दोनों ही कैदी को लेकर इलाज के लिए रिम्स पहुंचे थे। आरोपित भागकर वापस अपने गांव तो नहीं पहुंचा। इस पर निगरानी रखने के लिए रांची पुलिस ने पलामू जिला की पुलिस को अलर्ट कर दिया है।श्याम किशोर चौधरी को ऑपरेशन के बाद कैदी वार्ड से 16 अप्रैल को सर्जरी वार्ड में शिफ्ट किया गया था। इसके बाद से ही सर्जरी वार्ड में ही उसका इलाज चल रहा था। बरियातू पुलिस ने जब कैदी की सुरक्षा में तैनात दोनों जवानों से पूछताछ की, तब एक जवान शनिचरवा उरांव ने बताया कि वह लघुशंका के लिए गया था। जबकि जीतलाल महतो ने बताया कि पेट खराब होने की वजह से वह शौचालय जाने के बाद रिम्स दवाखाना दवा लाने गया था।

### अपर समाहर्ता ने सुपरवाइसर व बीएलओ के साथ की बैठक

# मतदाता जागरुक्ता को लेकर दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**दबंग हिंद संवाददाता**

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड कार्याल सभागार में अपर समाहर्ता अरविंद कुमार ने सोमवार को सुपरवाइजर व बीएलओ के साथ बैठक करने पहुंचे। लेकिन प्रखंड कार्यालय में समय से सुपरवाइजर व बीएलओ नहीं पहुंचे, तो अपर समाहर्ता बूथ निरीक्षण करने चले गये। निरीक्षण के उपरांत पुनः प्रखंड कार्यालय पहुंच कर एसी ने बैठक कर सुपरवाइजर व बीएलओ को जमकर फटकार लगाते हुए स्पष्टीकरण की मांग की। वहीं बैठक में कई बीएलओ अनुपस्थित थे। कारण पूछे जाने पर सुपरवाइजर चितरंजन शर्मा ने बीएलओ का बचाव कर सफाई



देने लगे। जिसपर सुपरवाइजर को जमकर फटकार लगाते हुए कहा कि प्रखंड में मतदान प्रतिशत कम रहा तो संबंधित बक्से नहीं जाएंगे। सुरवाइजर व बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं को मतदान को लेकर जागरूक करने के साथ 20 मई को मतदान करने का शपथ दिलाएं। एसी ने उपस्थित सुपरवाइजर व बीएलओ से एक-एक बूथ की जानकारी लेते हुए कई अवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में बीपीआरओ दिगंबर पांडेय, सुरवाएजार समेत कई बीएलओ उपस्थित थे।

### भीम आर्मी एवं आजाद समाज पार्टी के कोर कमेटी की हुई बैठक

# चतरा लोस से प्रत्याशी उतराने का लिया गया निर्णय

**दबंग हिंद संवाददाता**

**चतरा/इटखोरी।** सोमवार को जिला मुख्यालय में भगवानदास क्षेत्र में स्थित जिला कार्यालय में भीम आर्मी एवं आजाद समाज पार्टी के कोर कमेटी की बैठक



हुई। जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष आफताब अहमद व संचालक महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष शारदा देवी ने किया। बैठक में विशेष रुप से संगठन मंत्री मुकेश रवि व झारखंड प्रदेश महासचिव वीरेंद्र कुमार उपस्थित थे। बैठक में लोकसभा चुनाव पर चर्चा करते हुए सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि भीम आर्मी एवं आजाद समाज पार्टी चतरा लोकसभा में अपना प्रत्याशी उतारेगी। साथ ही कहा गया कि लोकसभा क्षेत्र में एससी, एसटी, ओबीसी और मुस्लिम वोट 59 प्रतिशत है और भीम आर्मी हमेशा इनके हक अधिकार के लिए लड़ाई लड़ते आ रही है। अब समय आ गया है की संसद में लड़ाई लड़ी जाए। इस लिए चतरा संसदीय क्षेत्र से अपना उम्मीदवार उतारने का निर्णय लिया है। आगे कहा गया कि चतरा, लातेहार एवं पलामू जिला में संगठन बहुत मजबूत स्थिति में है और हर प्रखंड और पंचायत में संगठन अपना कार्य कर रही है। आजाद समाज पार्टी को भीम आर्मी पार्टी पूरा सहयोग करेगी। बैठक में सुरेश भारती, कामेश्वर गंझू, आदित्य यादव, मोहम्मद खुर्शीद, सिकंदर दास, रंजीत भईयां, जुगल गंझू, जितेंद्र सिंह भोक्ता, सकलदेव भारती, कामेश्वर कुमार, कुलेश्वर भईयां, भुवनेश्वर कुमार के साथ सभी प्रखंड अध्यक्ष आदि उपस्थित थे।

# कितना सुरक्षित है हजारों करोड़ की लागत से बना एनटीपीसी का पावर प्लांट

**एक्स्टेंशन व करोड़ों रुपए क्षतिपूर्ति दावा के लिए कया हादसे के पीछे छिपी है कोई गहरी साजिश ?**

**दबंग हिंद संवाददाता**

**टंडवा (चतरा)।** पिछले 72 घंटे पूर्व जिले के टंडवा प्रखंड मुख्यालय स्थित एनटीपीसी पावर प्लांट के अंदर लगी आग भले ही ठंढा हो गया हो, पर लोगों में सवालों के सैंकड़ों आग सुलग रहे हैं। लोग जानना चाहते हैं कि हजारों करोड़ रुपए से बने पावर प्लांट व आसपास रहने वाले लोग कितने सुरक्षित हैं? वहीं प्रबंधन क्या केंद्रीय एजेंसियों से जांच करवाकर मामले से पर्दा उठाने का प्रयास करेगी। ऐसे कई चुभते सवाल जहां लोगों के जेहन में कौंध रहे हैं, वहीं प्रबंधन की चुप्पी ने लोगों को सशंकित कर रखा है। सूत्रों की मानें तो कंपनी अब एक्स्टेंशन बढ़ाने के साथ हीं इंश्योरेंस कंपनी से करोड़ों की राशि पाने के लिये हर तरकीब अपनाएगी। जबकि लोगों के चुभने वाले सवालों से संबंधित जबाबदेह अधिकारी पत्रकारों से अबतक पूरी तरह से बचते रहे हैं। यही वजह है कि समाचार पत्रों की खबरों में समरुपता नहीं देखा जा रहा। जबकि ज्यों-ज्यों घटना का समय बीतता जा रहा त्यों-त्यों नुकसान का आकलन हजारों, लाखों और अब तो करोड़ों रुपए तक की होने लगी है। जानकारों की मानें तो बगैर निष्पक्ष केंद्रीय एजेंसियों से जांच हुवे घटना से पर्दा कभी भी उठ हीं नहीं सकता। लोगों का कहना है कि कंपनियों की मूल पेशेवर शैली लाभार्जन करने की होती है। लगभग 7200 करोड़ रुपए की ठेकेदारी कर रही भेल कंपनी अपने काम का एक्स्टेंशन प्राप्त कर करोड़ों रुपए की क्षतिपूर्ति लाभ इंश्योरेंस कंपनी से पाने के लिये हर संभावित तरीकों को अपनायेगी।

## चलते बाइक से गिरी महिला, गंभीर

**दबंग हिंद संवाददाता**

**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर थाना क्षेत्र के बरियातू गांव स्थित मुरारी विश्वकर्मा के घर के समिप बाइक पर सवार महिला गिर कर गंभीर रुप घायल हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार हजारीबाग के पेलावल निवासी सरफराज अंसारी बाइक से अपने दो बच्चे और पत्नी के साथ चतरा से लौट रहे थे, इसी क्रम में बरियातू मुरारी विश्वकर्मा के घर के समीप महिला को नींद लग गई और चलते बाइक से गिर कर गंभीर रुप से घायल हो गई।

## दिहाड़ी मजदूर की बेटी बनी विद्यालय टॉपर, लोगों ने दी बधाई

**दबंग हिंद संवाददाता**

**टंडवा (चतरा)।** माध्यमिक वार्षिक परीक्षा 2024 में टंडवा प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय सेरनदाग के विद्यार्थियों ने सीमित संसाधनों के बावजूद भी बेहतर परिणाम हासिल कर अपने प्रतिभा का जौहर दिखाया है। जबकि टॉप टेन में हनी कुमारी, नीलम कुमारी, संजना कुमारी, ममता कुमारी, पुष्पा कुमारी, राधिका कुमारी, पूजा कुमारी, निशा कुमारी, शीतल कुमारी व अजय कुमार का नाम शामिल हैं। प्रिंसिपल विकास पाण्डेय ने मिठाई खिलाकर सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुवे उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। वहीं अन्य लोगों ने भी विद्यालय टौपर को बधाई दी है। मौके पर शिक्षक अनिल कुमार, राजेश रजक, आशीष कुमार, धर्मनाथ महतो, वीणा कुमारी व लिपिक राजेश कुमार समेत अन्य मौजूद थे।

# एक नजर

## छात्रा दुजा कुमारी ने 93.60प्रतिशत अंक विद्यालय का नाम रौशन की

**दबंग हिंद संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर हमीदगंज का जैक बोर्ड 10वीं का रिजल्ट शत-प्रतिशत रहा।जिस पर विद्यालय प्रबंधन ने बच्चों के द्वारा बेहतर प्रदर्शन के लिए खुशी प्रकट किया है। विद्यालय की छात्रा दुजा कुमारी ने 93.60% अंक प्राप्त कर विद्यालय में टॉप किया है। वहीं प्रखर सिसोदिया 93.40%,प्रिंस कुमार गुप्ता 91.80%,नीतिश कुमार सिंह 90.60%, आकृति शुक्ला ने 89.80% व अनुराग कुमार दुबे 89.60% अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रौशन किया है। विद्यालय टॉपर रही छात्रा दुजा कुमारी के पिता सुदामा यादव गोरमेंट जॉब करते हैं तो वहीं माता अनिता देवी आंगनबाड़ी सेविका हैं। दुजा ने बताई कि वह आगे चलकर डॉ बनना चहती है।ताकि समाज के दलितों-गरीबों की सेवा कर सकें।दुजा ने बताई कि वह परीक्षा की तैयारी सेल्फ स्टडी के द्वारा छः घंटे तक पढ़ाई कर के की है। इसमें माता-पिता और विद्यालय के आचार्य का साथ भरपूर मिला है। विद्यालय के प्रधानाचार्य दुर्गेश नंदन सिन्हा ने बताया कि इस वर्ष भी 10वीं बोर्ड में विद्यालय के बच्चों का बेहतर प्रदर्शन रहा है।इसके लिए विद्यालय परिसर बच्चों के उज्जवल भविष्य की कमान करता है।

## बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र सम्मानित

**हरिहरगंज प्रतिनिधि :** गुरुकृपा कॉन्वेन्ट पब्लिक स्कूल सह कोचिंग सेंटर के विद्यार्थियों ने मैट्रिक के परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर प्रखंड का नाम रोशन किया है. कोचिंग सेंटर के बच्चों का रिजल्ट शत प्रतिशत आया है. मैट्रिक के परीक्षा में जहां अनुराग कुमार 91 प्रतिशत अंक लाकर सीता टेन प्लस टू उच्च विद्यालय में टॉप किया है. वही आयुष 87, हिमांशु 86, अंकुर 85, सागर 84, धर्मेंद्र 83, प्रिंस 80, नवदीप 79.8, राखी 79, सीकेश 77, सुनिधि 76, सुभाष 76, जेबा 76, रिशु 75, रौशन 75, समर 74, शिवानी 74, निशा 72.2, मनदीप 70, अंजलि 69, कुमकुम 76, उषा 65, कोमल 61 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है. सभी उतीर्ण विद्यार्थियों को कोचिंग सेंटर के संचालक मनोज कुमार सिंह द्वारा पुरस्कृत किया गया. वही विद्यार्थियो ने सफलता का श्रेय कोचिंग सेंटर के शिक्षको को दी है. इस अवसर पर बब्लू कुमार सिंह, जितेंद्र कुमार सिंह, रंजीत कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में काली मंदिर के पंडित घायल

**दबंग हिंद संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर के छह मुहान स्थित काली मंदिर के पंडित उपेंद्र पाठक को चार पहिया वाहन ने सोमवार को लाल कोठा के पास धक्का मार दिया। जिसमे उपेंद्र पाठक गंभीर रूप से घायल हो गए। इस घटना के बारे में परिजनों ने बताया कि किसी काम से उपेंद्र पाठक बाजार जा रहे थे।इसी बीच लाल कोठा के पास चार पहिया वाहन ने उन्हें धक्का मार दिया।इसके बाद स्थानीय लोगो के द्वारा उन्हें इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया।सदर अस्पताल में इलाज के बाद भी उपेंद्र पाठक की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

## अपराधियों ने युवक को मारा चाकू, गंभीर

**दबंग हिंद संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पांकी थाना क्षेत्र के आसेहार निवासी सुरेंद्र चंद्रवंशी उर्फ तिवारी जी के पुत्र सूरज कुमार को रविवार की रात अपराधियों ने चाकू मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस घटना के बारे में परिजनों ने बताया की सूरज आसेहार माइंस में खाना बनाने का काम करता है।रविवार को आसेहार में साप्ताहिक बाजार लगता है।सूरज रविवार की शाम बाजार में माइंस के लिए सब्जी लेने गया था।इसी बीच उसे एक व्यक्ति से किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया।झगड़ा को बाजार में उपस्थित लोगो ने सुलझा दिया।मामला सुलझने के बाद भी बाइक पर सवार तीन अपराधी माइंस पहुंच कर सूरज को चाकू मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिए।इसके बाद माइंस में मौजूद अन्य व्यक्तियों के द्वारा सूरज को इलाज के लिए पांकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए। उसे बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर अस्पताल में इलाज के बाद भी सूरज की स्थिति गंभीर बनी हुई है। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर पांकी थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर घटना से संबंधित मामले की छानबीन में जुट गई है।

## बारात से वापस लौट रही कार पेंड में मारी टक्कर, एक कि मौत, दो गंभीर

**दबंग हिंद संवाददाता**

**गिद्धौर (चतरा)।** सोमवार के सुबह गिद्धौर थाना क्षेत्र के इंद्रा गांव के पास बारात से वापस चतरा लौट रही स्विपट कार अनियंत्रित हो पेंड से टक्करा गयी। जिसमें गंभीर रुप से घायल युवा व्यवसायी चतरा सदर थाना क्षेत्र के तपेज निवासी मनीष सिंह उर्फ मंटू सिंह की मौत हजारीबाग इलाज के लिए ले जाने के क्रम में रास्ते में हो गयी। अन्य गंभीर रुप दो घायलों का इलाज हजारीबाग में चल रहा है। बताया गया कि हजारीबाग से बारात में शामिल होने के बाद कार से चतरा लौट रहे थे। तभी इंद्रा के पास यह हादसा हो गया। युवा व्यवसायी के असमय मौत की सूचना से शहर में शोक की लहर व्यप्त है। वहीं परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## बीजेपी प्रत्याशी के नामांकन की तैयारी को लेकर हुई बैठक

**दबंग हिंद संवाददाता**

गिद्धौर(चतरा)। गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय स्थित बटेश्वर शिव मंदिर परिसर में भाजपा के गिद्धौर मंडल की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष कपिल कुमार व संचालन सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार कुशवाहा ने किया। बैठक में भाजपा नेता उज्जवल दास व हजारीबाग जिला प्रभारी बिंदेश्वरी यादव मुख्य रूप से उपस्थित थे। उपस्थित पार्टी कार्यकताओं ने आगामी 26 अप्रैल को पार्टी प्रत्याशी कालीचरण सिंह के नामांकन की तैयारी को लेकर चर्चा कर नामंकन में प्रखंड़ से काफी संख्या में कार्यकर्ता के साथ ग्रामीणों को ले जाने का निर्णय लिया। बैठक में चमारी दांगी, शिवकुमार दांगी, लखन दांगी, अमेरिका दांगी आदि उपस्थित थे।

## महागठबंधन के बैठक में चुनाव तैयारी पर हुई चर्चा

**दबंग हिंद संवाददाता**

**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय स्थित आनंद होटल परिसर में सोमवार को महागठबंधन की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता व संचालन जेएमएम प्रखंड़ अध्यक्ष मनोज कुमार वर्मा ने किया। बैठक में मुख्य रूप से महागठबंधन से कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी उपस्थित थे। बैठक में सभी गिले शिकवे दूर करते हुए आपसी समन्वय बनाकर चुनाव की तैयारी में जुड़ जाने का आह्वान किया। श्री त्रिपाठी ने कहा कि भाजपा पहले चतरा सांसद के 10 वर्षों के कार्यकाल का हिसाब दे और जनता को बरगलाना छोड़ दे। इस बार जनता भाजपा को मुंहतोड़ जवाब देगी। उन्होंने कार्यकताओं से एक जुटता बनाए रखते हुए राहुल गांधी के पांच गारंटी को घर-घर पहुंचने का आह्वान किया। बैठक में राजद के महासचिव अरुण यादव, ब्रह्मदेव प्रसाद कुशवाहा, सुधीर दुबे, देवदीप पासवान, संतन सोनी, परनाथ दांगी, मुसाफिर दांगी, ब्रह्मदेव पासवान सहित थे।

## विद्यार्थियों ने निकाला जागरुकता रैली

**दबंग हिंद संवाददाता**

**टंडवा (चतरा)।** सोमवार को अंतरराष्ट्रीय पृथ्वी दिवस पर टंडवा प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय हेसातु के विद्यार्थियों ने जागरूकता रैली निकाली। जिसका नेतृत्व पर्यावरण प्रेमी सह शिक्षक बिनेश्वर महतो कर रहे थे। विद्यार्थी धरती माता करे पुकार, हरा भरा कर दो संसार, धरती हमारी जननी है, इसकी रक्षा करनी है आदि नारे लगाते हुवे ग्रामीणों को जंगलों के सुरक्षा करने को लेकर जागरुक किसा। रैली हेसातु, सिदपा, गिद्दी, नावाडीह, पचम्बा व मिश्रोल से होकर पंचपहाडी.जंगल पहुंची, जहां सभी ने पेड़ों में सूत्र बांधकर रक्षा का संकल्प लिया। रैली में छात्र-छात्राओं समेत शिक्षक व ग्रामीण शामिल थे।

## मतदाता सुची में शामिल कराने हेतु चलाया गया जागरुकता अभियान

कान्हाचट्टी के कोल्हैया में भी हुआ कार्यक्रम का आयोजन

**दबंग हिंद संवाददाता**

**चतरा/कान्हाचट्टी।** लोकसभा आम चुनाव 2024 अंतर्गत स्वीप कार्यक्रम के तहत सोमवार को चतरा सदर प्रखंड के किशनपुर टोंगरी व कान्हाचट्टी प्रखंड के कोल्हैया में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें डोर टू डोर जाकर लोगों को जागरूक किया गया। मतदाताओं को जानकारी दिया गया कि जिन मतदाताओं का नाम मतदाता सूचि में शामिल नहीं है वे 23 अप्रैल के संध्या तक बीएलओ से सम्पर्क कर या ऑनलाइन माध्यम से प्रपत्र 6 भरकर मतदाता सूचि में अपना नाम शामिल करवा लें। साथ ही बताया गया कि जिनका उम्र 18 वर्ष हो चुका है वो भी अपना नाम मतदाता सूचि में शामिल करलें। जिला क्रिड़ा पदाधिकारी तुषार राय ने देते हुए बताया कि जिले भर में छुटे हुए मतदाताओं को मतदाता सूचि में शामिल करने हेतु तरह-तरह के कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

# ग्रामीण अर्थव्यवस्था के बढ़ने का परिदृश्य

डा. जयंतीलाल भंडारी

**खाद्य प्रसंस्करण में ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है जहां निर्यात में वृद्धि नहीं हुई है। इस समय भारत की खाद्य प्रसंस्करण क्षमता 12 लाख टन से बढकर दो सौ लाख टन हो गई है। पिछले नौ वर्षों में खाद्य प्रसंस्करण निर्यातों में 15 गुना वृद्धि हुई है। निर्यात में प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों की हिस्सेदारी 13 से बढकर 23 प्रतिशत हो गई है। भारत में खाद्य प्रसंस्करण के तहत पांच क्षेत्र हैं। एक डेयरी क्षेत्र, दो फल एवं सब्जी प्रसंस्करण, तीन अनाज का प्रसंस्करण, चार मांस मछली एवं पोल्ट्री प्रसंस्करण तथा पांच, उपभोक्ता वस्तुएं पैकेट बंद खाद्य और पेय पदार्थ। खाद्य प्रसंस्करण सेक्टर के यह भी उल्लेखनीय है कि इन प्रमुख पांचों क्षेत्रों की व्यापक संभावनाओं को मुट्ठियों में करने के लिए कई कदम उठाए गए हैं।**

हाल ही में एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि भारत के तेजी से बढ़ते हुए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में ग्रामीण अर्थव्यवस्था की अहम भूमिका है। बढ़ते हुए कृषि उत्पादन और ग्रामीण बाजारों में मांग बढ? से निजी खपत में भी तेजी आ रही है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) और प्रमुख मौसम एजेंसी स्काईमेट ने कहा है कि अनुकूल मानसूनी मौसम के कारण इस वर्ष 2024 में भारत में अच्छी वर्षा के स्पष्ट संकेत खेती और भारतीय ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण हैं। इसी प्रकार हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के द्वारा कहा गया है कि इस वर्ष 2024 में दक्षिण-पश्चिम मॉनसून के सामान्य रहने की उम्मीद है जिससे कृषि गतिविधियों में और तेजी आएगी। ग्रामीण बाजारों में भी मांग बढ? से अर्थव्यवस्था को तेज गति मिलेगी। गौरतलब है कि विभिन्न रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रामीण अधिक खर्च कर रहे हैं। गांवों में न केवल कृषि संबंधी संसाधनों की अधिक बिक्री हो रही है, वरन गांवों में फ्रिज, दोपहिया वाहन और टीवी की खरीददारी में सबसे उच्च स्तर पर है। यह सब ग्रामीण भारत में भविष्य के प्रति उत्साह और वर्तमान के बेहतर परिणामों का प्रतीक है।

यह भी महत्वपूर्ण है कि भारत में पिछले एक दशक में शहरी परिवारों के मुकाबले ग्रामीण परिवारों का खर्च तेजी से बढ़ा है। ग्रामीण भारत के विकास के लिए सरकारी योजनाओं के तहत किए गए भारी व्यय, ग्रामीणों के रोजगार की मनरेगा योजना तथा स्वरोजगार की ग्रामीण योजनाओं से ग्रामीण परिवारों की आमदनी में तेज इजाफे के साथ उनकी क्रय शक्ति और मांग में भारी इजाफा हुआ है। इससे ग्रामीण भारत की आर्थिक ताकत में इजाफा हुआ है। यद्यपि अभी आम चुनाव के बाद जून 2024 में गठित होने वाली नई सरकार के मूर्तरूप लेने में कोई दो माह बकाया है, लेकिन उच्च प्रशासनिक स्तर पर वर्ष 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने के मकसद से जिन क्षेत्रों के लिए आगामी पांच सालों के लिए प्रभावी रणनीति बनाई जाना शुरू की गई है, उनमें कृषि भी प्रमुख है। यह कोई छोटी बात नहीं है कि इस समय पूरी दुनिया में भारत को खाद्यान्न का नया वैश्विक कटोरा माना जा रहा है। भारत दुनिया का तीसरा बड़ा खाद्यान्न उत्पादक देश है। दुनिया में भारत सबसे बड़ा दूध उत्पादक




देश बना हुआ है। गेहूं तथा फलों के उत्पादन के मामले में भारत दुनिया में दूसरे स्थान पर तथा सब्जियों के उत्पादन में तीसरे स्थान पर है। विश्व स्तर पर भारत केला, आम, अमरूद, पपीता, अदरक, भिंडी, चावल, चाय, गन्ना, काजू, नारियल, इलायची और काली मिर्च आदि के प्रमुख उत्पादक के रूप में जाना जाता है। साथ ही खाद्य प्रसंस्करण के मामले में भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। निश्चित रूप से पिछले 10 वर्षों में कृषि एवं ग्रामीण विकास का नया आधार तैयार हुआ है। देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में कृषि क्षेत्र का योगदान करीब 15 फीसदी है। सरकार के द्वारा ग्रामीण एवं कृषि विकास के लिए एक के बाद एक रणनीतिक कदम उठाए गए हैं। कृषि बजट में 10 वर्षों में 5 गुना वृद्धि हुई है। किसानों के सशक्तिकरण, फसलों के लिए किसानों को लाभप्रद न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) दिए जा रहे हैं। सरकार के द्वारा 11 करोड़ से अधिक किसानों के जनधन खातों में पीएम किसान सम्मान निधि के तहत करीब 3 लाख करोड़ रुपए सीधे हस्तांतरित होने जैसे प्रयासों से ग्रामीण क्षेत्रों में उर्वरक, बीज, कृषि, रसायन, ट्रैक्टर एवं कृषि उपकरण, जैसी कृषि क्षेत्र से जुड़ी हुई वस्तुओं के अधिक उपयोग से किसानों को लाभ हुआ है और इन सबसे जहां एक ओर भारत में कृषि क्षेत्र अधिक प्रतिस्पर्धी एवं लाभदायक बन रहा है, वहीं दूसरी ओर छोटे किसान अधिक लाभान्वित हो रहे हैं। जहां कोविड-19 की आपदाओं से लेकर अब तक भारत वैश्विक स्तर पर दुनिया के जरूरतमंद देशों की खाद्य सुरक्षा आवश्यकताओं को पूरा करने में अहम भूमिका निभाते हुए दिखाई दे रहा है, वहीं भारत ने दुनियाभर में कृषि उत्पादों के निर्यात बढ़ाने का अवसर भी मुट्ठियों में लिया है। भारत से कृषि निर्यात लगातार बढ़ते जा रहे हैं। भारत से अनाज, गैर-बासमती चावल, बाजरा, मक्का और अन्य मोटे अनाज के अलावा फलों एवं सब्जियों के निर्यात में भारी वृद्धि देखी गई है। भारत के कृषि उत्पादों के बड़े बाजारों में अमरीका, चीन, बांग्लादेश, वियतनाम, इंडोनेशिया, नेपाल, ईरान और मलेशिया शामिल हैं। कई छोटे देशों के बाजार भी मुट्ठियों में आए हैं। उल्लेखनीय है कि विश्व बाजार में भारत के मसालों की खुशबू की धमक बहुत अधिक बढ़ी है। चूंकि देश में मसाले की खेती में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाता है, अतएव इसका असर वैश्विक बाजार में भारतीय मसालों की निर्यात मांग बढ? के रूप में रेखांकित हो रहा है। इस समय दुनिया में कृषि निर्यात में भारत का स्थान सातवां है। भारत से करीब करीब 50 हजार डॉलर से अधिक मूल्य का कृषि निर्यात होता है।

खाद्य प्रसंस्करण में ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है जहां निर्यात में वृद्धि नहीं हुई है। इस समय भारत की खाद्य प्रसंस्करण क्षमता 12 लाख टन से बढकर दो सौ लाख टन हो गई है। पिछले नौ वर्षों में खाद्य प्रसंस्करण निर्यातों में 15 गुना वृद्धि हुई है। निर्यात में प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों की हिस्सेदारी 13 से बढकर 23 प्रतिशत हो गई है। भारत में खाद्य प्रसंस्करण के तहत पांच क्षेत्र हैं। एक डेयरी क्षेत्र, दो फल एवं सब्जी प्रसंस्करण, तीन अनाज का प्रसंस्करण, चार मांस मछली एवं पोल्ट्री प्रसंस्करण तथा पांच, उपभोक्ता वस्तुएं पैकेट बंद खाद्य और पेय पदार्थ। खाद्य प्रसंस्करण सेक्टर के यह भी उल्लेखनीय हैं कि इन प्रमुख पांचों क्षेत्रों की व्यापक संभावनाओं को मुट्ठियों में करने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। इससे ग्रामीण भारत लाभान्वित हो रहा है। यह बात महत्वपूर्ण है कि फरवरी 2024 में भारत के द्वारा संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अबूधाबी में आयोजित विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के 13वें मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में खाद्य सुरक्षा, खाद्यान्नों के सार्वजनिक भंडारण एवं न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के स्थायी समाधान के लिए जिस तरह प्रभावी पहल की, उसके कारण इस सम्मेलन में इन मुद्दों पर कई विकसित देश भारत के किसानों के हितों के प्रतिकूल कोई प्रस्ताव आगे नहीं बढ़ा पाए।

ऐसे में अब भी भारत अपने किसानों के उपयुक्त लाभ के लिए नीतियां बनाते हुए खाद्य सुरक्षा और सार्वजनिक भंडारण की सुविधा से कृषि और ग्रामीण विकास के अभियान को आगे बढ़ा सकेगा। यह भी उल्लेखनीय है कि 24 फरवरी 2024 को सरकार ने सहकारी क्षेत्र में दुनिया की जिस सबसे बड़ी खाद्यान्न भंडारण योजना के लिए प्रायोगिक परियोजना के तहत जिन 11 राज्यों में प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स) को लक्षित किया गया है, उनके माध्यम से पैक्स की किसानों के हित में बहुआयामी भूमिका होगी। ऐसे में नई खाद्यान्न भंडार योजना के माध्यम से देश में खाद्यान्न भंडारण की जो क्षमता फिलहाल 1450 लाख टन की है, उसे अगले 5 साल में सहकारी क्षेत्र में 700 लाख टन अनाज भंडारण की नई क्षमता विकसित करके कुल खाद्यान्न भंडारण क्षमता 2150 लाख टन किए जाने का लक्ष्य रखा गया है। यह अभूतपूर्व खाद्यान्न भंडारण व्यवस्था नए भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए बहुआयामी उपयोगिता देते हुए दिखाई देगी। हम उम्मीद करें कि लोकसभा चुनाव के बाद गठित होने वाली नई सरकार कृषि एवं ग्रामीण विकास के साथ-साथ कृषि सुधारों की डगर पर तेजी से आगे बढ़ेगी और इससे किसानों व ग्रामीण भारत के चेहरे पर मुस्कुराहट बढ़ते हुए दिखाई दे सकेगी। इस तरह ग्रामीण अर्थव्यवस्था और कृषि में व्यापक विकास के आसार हैं।

## संपादकीय

# कम मतदान पर चिंता

सात चरणों में कराए जा रहे आम चुनाव-24 के प्रथम चरण में 2019 की तुलना में करीब चार फीसद कम मतदान होने से चुनाव आयोग, राजनीतिक दल गरज यह कि चुनाव प्रक्रिया से संबद्ध सभी पक्ष चिंता में पड़ गए हैं। गौरतलब है कि अठारहवीं लोक सभा के लिए प्रथम चरण का मतदान अपेक्षाकृत धीमी गति से शुरू हुआ लेकिन दिन चढ़ने के बाद भी धीमापन आखिर तक बरकरार रहा। मतदान के एक दिन बाद ही शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मतदाताओं से अपील की कि मतदान, चाहे किसी को भी वोट करें, में जरूर हिस्सा लें। कम मतदान के कारणों की पड़ताल शुरू हो चुकी है, और कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि कई राज्यों में लू की स्थिति, शादियों के मुहूर्त और मतदाताओं में उत्साह की कमी के चलते मतदान फीसद में गिरावट आई है। चार फीसद कम मतदान का मतलब हुआ कि पिछली बार की तुलना में इस बार करीब 48 लाख मतदाता मत देने नहीं पहुंचे। मतदान का पहला चरण बाकी के चरणों का रुख तय करता है, जैसा कि पिछले दो संसदीय चुनावों के आंकड़ों से पता चलता है। इस लिहाज से कहा जा सकता है कि बाकी बचे छह चरणों में भी मतदाताओं में उदासीनता का रुख बना रह सकता है, जो विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के लिए स्वास्थ्य के लिए अच्छी बात नहीं है। यह सवाल परेशानी का सबब बन चुका है कि आखिर, शिक्षित मतदाता तक अपने मताधिकार का उपयोग करने के प्रति इस कदर गैर-जिम्मेदाराना रवैया क्यों अपना रहा है। इस बात को नकारा नहीं जा सकता कि देश के नागरिक का अपने देश के प्रति, लोकतंत्र के प्रति दायित्व सर्वोपरि है। यदि नागरिक इस प्रकार से मतदान के प्रति बेरुखी दिखाएगा तो लोकतंत्र कैसे समृद्ध बना रह पाएगा। आने वाले छह चरणों में भी मतदाता का यही रुख न बना रहे इसके लिए समन्वित प्रयास करने जरूरी हैं। हालांकि चुनाव आयोग चुनाव में मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए खासे प्रयास अरसे से करता रहा है। इस क्रम दस से ज्यादा मशहूर हस्तियों को राजदूत के रूप में नियुक्त करने के साथ ही आईपीएल दर्शकों के बीच मतदान के प्रति जागरूकता फैलाने का काम किया गया। कहना यह कि चुनाव आयोग ने मतदाताओं को अपने अधिकार के उपयोग यानी मतदान के लिए प्रेरित करने में अपने तई कोई कसर नहीं छोड़ी लेकिन इसके बावजूद मतदान में गिरावट देखने को मिली है। मतदान को अनिवार्य किए जाने का विकल्प भी खुला है। हालांकि वह नौबत न ही आए तो अच्छा।

## चिंतन-मनन

# कर्म का फल हैं योनियां

जीवों में शरीर तथा इन्द्रियों की विभिन्न अभिव्यक्तियां प्रकृति के कारण हैं। कुल मिलाकर 84 लाख भिन्न-भिन्न योनियां हैं और ये सब प्रकृतिजन्य हैं। जीव के विभिन्न इन्द्रिय-सुखों से ये योनिया मिलती हैं जो इस या उस शरीर में रहने की इच्छा करता है। जब उसे विभिन्न शरीर प्राप्त होते हैं तो वह विभिन्न प्रकार के सुख तथा दुख भोगता है। उसके भौतिक सुख-दुख शरीर के कारण होते हैं, स्वयं उसके कारण नहीं। उसकी मूल अवस्था में भोग में कोई सन्देह नहीं रहता, अतः वही उसकी वास्तविक स्थिति है। वह प्रकृति पर प्रभुत्व जताने के लिए भौतिक जगत में आता है। वैपुंठ लोक शुद्ध है, किन्तु भौतिक जगत में प्रत्येक व्यक्ति विभिन्न प्रकार के शरीर-सुखों को प्राप्त करने के लिए संघर्षरत रहता है।

यह कहने से बात और स्पष्ट हो जाएगी कि यह शरीर इन्द्रियों का कार्य है। इन्द्रियां इच्छाओं की पूर्ति का साधन हैं। यह शरीर तथा हेतु रूप इन्द्रियां प्रकृति द्वारा प्रदत्त हैं और जीव को पूर्व आकांक्षा तथा कर्म के अनुसार परिस्थितियों के वश वरदान या शाप मिलता है। जीव की इच्छाओं तथा कर्मों के अनुसार प्रकृति उसे विभिन्न स्थानों में पहुंचाती है। जीव स्वयं ऐसे स्थानों में जाने तथा मिलने वाले सुख-दुख का कारण होता है।

एक प्रकार का शरीर प्राप्त होने पर वह प्रकृति के वश में हो जाता है। शरीर, पदार्थ होने के कारण प्रकृति के नियमानुसार कार्य करता है। उस समय शरीर में ऐसी शक्ति नहीं होती कि वह उस नियम को बदल सके। उदाहरण के लिए ज्यों ही वह कुत्ते के शरीर में स्थापित किया जाता है, उसे कुत्ते की भांति आचरण करना होता है। यदि जीव को शूकर का शरीर प्राप्त होता है, तो वह मल खाने तथा शूकर की भांति रहने के लिए बाध्य है। इसी प्रकार यदि जीव को देवता का शरीर प्राप्त होता है, तो उसे अपने शरीर के अनुसार कार्य करना होता है। यही प्रकृति का नियम है। लेकिन समस्त परिस्थितियों में परमात्मा जीव के साथ विद्यमान रहता है।

# लोकसभा चुनाव को धार्मिक ध्रुवीकरण की ओर ले जाने की कोशिश


सनत जैन

लोकसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान हो चुका है। 102 सीटों पर हुए मतदान के बाद जो स्थिति सामने आई है। उसके बाद एक बार फिर लोकसभा चुनाव को धार्मिक ध्रुवीकरण की ओर ले जाने की कोशिश की जा रही है। कांग्रेस ने चुनावी घोषणा पत्र जारी किया था, उसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहले मुस्लिम लीग के साथ जोड़ दिया। कांग्रेस के घोषणा पत्र में मुसलमानों का कोई उल्लेख ही नहीं था। कांग्रेस के घोषणा पत्र को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजस्थान के जालौर में जनसभा को संबोधित करते हुए आरोप लगाया, कांग्रेस यदि सत्ता में वापस आएगी, तो वह लोगों की संपत्ति को ज्यादा बच्चे वाले लोगों के बीच मुसलमानों में बांट देगी। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में कहा है कि वह माता और बहनों के सोने का सर्वे करेगी। प्रधानमंत्री ने अपने उद्बोधन में यह भी सवाल किया, आपकी मेहनत की कमाई को क्या घुसपैठियों और नक्सली मानसिकता वाले लोगों के बीच में बांटना चाहिए। कांग्रेस महिलाओं के मंगलसूत्र को भी नहीं छोड़ेंगे। ऐसा कहकर उन्होंने महिलाओं के साथ-साथ हिंदुओं के बीच में धार्मिक ध्रुवीकरण पैदा करने की कोशिश की है। अयोध्या में भगवान राम का मंदिर बन चुका है मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा भी हो चुकी है। भाजपा को लगता था, मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद हिंदुओं का सैलाब भाजपा के साथ जुडेगा। उत्तर से दक्षिण तक पश्चिम से पूर्व तक हिंदुत्व की लहर चलना शुरू हो जाएगी। चारों शंकराचार्य के अयोध्या नहीं पहुंचने तथा मंदिर के शिखर का काम पूरा नहीं होने के बाद भी मंदिर में की गई प्राण प्रतिष्ठा शंकराचार्य ने को अपशगुन बताया था। उसके बाद से ही हिंदुत्व की हवा और मंदिर का जो लाभ भाजपा को मिलना चाहिए था, वह नहीं मिल पा रहा है। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के जिस बयान को आधार बनाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुसलमानों से जोड़कर जो कहा है, ऐसा मनमोहन सिंह ने कभी नहीं कहा था। इसे कई बार मीडिया दिखा भी चुका है। योजना आयोग की बैठक में उन्होंने यह कहा था कि अल्पसंख्यक वर्गों की भी इसमें हिस्सेदारी होनी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया था। एससी, एसटी तथा अल्पसंख्यक समुदाय को भी आर्थिक लाभ मिलना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस की घोषणा पत्र की गलत व्याख्या की है। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के बयान को तोड़मोड़ करके प्रस्तुत कर धार्मिक ध्रुवीकरण पैदा करने की कोशिश की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा इस बात को भूल रहे हैं कि 2024 का चुनाव 2014 और 2019 के चुनाव से अलग है। उस समय लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भरोसा कर रहे थे। 2014 के चुनाव में उन्होंने 60 महीने का समय मांगा था। अच्छे दिनों का वायदा किया था। महंगाई कम करने का वादा किया था। पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस के दाम घटाने की बात कही थी। 2 करोड लोगों को नौकरी देने की बात कही थी। काला धन देश में वापस लाकर 15 लाख रुपए गरीबों के खाते में भेजने की बात कही थी। तब कांग्रेस के प्रति लोगों में अविश्वास था। नरेंद्र मोदी के ऊपर जनता विश्वास कर रही थी। 2019 के चुनाव में प्रधानमंत्री ने एक बार का कार्यकाल और मांगा। नोटबंदी के बाद काला धन वापस लाने का भरोसा दिलाया। लोगों को काले धन से उन्हें आर्थिक मदद करने का भरोसा दिलाया। राम मंदिर बनाने का भरोसा पैदा किया। धारा 370 जैसे मामले में धार्मिक ध्रुवीकरण पैदा करके 2014 और 2019 का लोकसभा चुनाव भाजपा ने जीत लिया। पिछले 10 वर्षों में जो वायदे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किए गए थे। उनमें से कोई भी वायदा पूरा नहीं हुआ। युवाओं को नौकरी नहीं मिली, केंद्र एवं राज्य सरकारों ने अपने रिक्त पदों को नहीं भरा। सरकार ने ऐसी कोई नीतियां नहीं बनाई, जिससे युवाओं को रोजगार मिले। 2022 तक सबको पक्के मकान देने का वादा किया गया था, जो अभी तक पूरा नहीं हुआ। कुछ ही लोगों को पक्के मकान मिले हैं। उन्हें भी रिश्वत देनी पड़ी है रही सही कसर हाल ही में चुनावी बांड का जो डाटा सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद बाहर आया है उसने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ईमानदार और भारतीय जनता पार्टी की भ्रष्टाचार मुक्त छवि को आम जनता के सामने उजागर कर दिया है। पिछले 10 वर्षों में देश में भ्रष्टाचार बढ़ा है, महंगाई बढी है। लोगों पर टैक्स और शुल्क बढ़ाए गए हैं। जिसके कारण गरीब हो या मध्यम वर्गीय परिवार सभी का जीना मुश्किल हो गया है। मध्यम वर्ग और निम्न मध्यम वर्ग की क्रय शक्ति कम हुई है। उसके ऊपर कर्ज बढ़ गया है। जिसके कारण भाजपा के चुनाव प्रचार, गोदी मीडिया के प्रचार का असर आम जनता पर नहीं पड़ रहा है। पहली बार नरेंद्र मोदी, भाजपा और गोदी मीडिया को विश्वसनीयता के संकट के दौर से गुजरना पड़ रहा है। इंडिया गठबंधन सीधे मुकाबले में आकर खड़ी हो गई है। किसानों के आंदोलन और युवा बेरोजगारों के आंदोलन को जिस तरीके से डबल इंजन की सरकारों ने लाठी डंडे और अश्रु गैस से दबाया है। उसका असर इस चुनाव में देखने को मिल रहा है। इंडिया गठबंधन और कांग्रेस इस समय पूरी आक्रामकता के साथ गोदी मीडिया और सोशल मीडिया में जवाब दे रही है। गोदी मीडिया से अब भाजपा को फायदा कम नुकसान ज्यादा होने लगा है। इंडिया गठबंधन के प्रवक्ता जिस तरह से महंगाई, बेरोजगारी और झूठ और सच को लेकर गोदी मीडिया के सामने अपना पक्ष रखने लगे हैं। उसके कारण भी भाजपा को वह लाभ गोदी मीडिया से नहीं मिल पा रहा है, जो कुछ माह पहले तक मिल रहा था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के स्टार प्रचारक जो भी प्रचार कर रहे हैं। उसका असर आम जनता में होता हुआ नहीं दिख रहा है। धार्मिक ध्रुवीकरण में हिंदू-मुस्लिम का मुद्दा भी इस चुनाव में नहीं उठ रहा है। 2024 के लोकसभा चुनाव में अब राजनीतिक विश्लेषक यह कहने लगे हैं। जिस तरह का चुनाव 1977 में आपातकाल के बाद हुआ था। लगभग वैसी स्थिति 2024 के चुनाव में देखने को मिल रही है।

# संकटमोचन हनुमान के हृदय में बसते है राम!


डॉ श्रीगोपाल नारसन



भगवान राम के परमभक्त हनुमान को संकटमोचन कहा जाता है। हनुमान की पूजा करने से हर प्रकार के संकट और बाधाओं से मुक्त हो जाते हैं,ऐसी मान्यता है। अपने भक्तों को हनुमान हर भय, पीड़ा से मुक्त रखते हैं। हनुमान की स्तुति यूं तो हरदिन की जाती है,लेकिन हनुमान जयंती पर इसका विशेष महत्व है। इसी दिन हनुमान का जन्म हुआ था। इस दिन हनुमानजी के नाम का व्रत करके बूंदी, हलवा, लड्डू जैसी मीठी चीजों का भोग लगाने से हनुमान की कृपा हमेशा अपने भक्तों पर बनी रहती है।चैत्र पूर्णिमा के तिथि 23 अप्रैल 2024 को सुबह 3:25 बजे से हनुमान जयंती शुरू होगी, और 24 अप्रैल 2024 को सुबह 5:18 बजे पर समाप्त होगी। इस कारण से हनुमान जयंती 23 अप्रैल को मनाई जा रही है। सुबह 3:25 बजे से लेकर 5:18 बजे के बीच हनुमान जी की पूजा कर सकते हैं। इस दिन चित्रा नक्षत्र भी पड़ रहा है, चित्रा नक्षत्र के स्वामी मंगल है। मंगलवार का दिन भगवान हनुमान को समर्पित होता है। हनुमान जयंती पर एक और संयोग बन रहा है कि इस दिन मंगल मीन राशि में गोचर कर रहे हैं। पौराणिक कहानियों के अनुसार हनुमान जी को अमरत्व का वरदान प्राप्त है। हनुमान बाबा पर आस्था और श्रद्धा रखने वाले भक्त मानते हैं कि हनुमान जी कलियुग में भी जीवित हैं और अपने भक्तों के सभी संकटों और कष्टों को दूर कर रहे हैं। जो लोग आकस्मिक संकट, रोग पीड़ा, मृत्यु भय जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं, उन्हें हनुमान जी की पूजा जरूर करनी चाहिए। भगवान राम के भक्त हनुमान जी की रामभक्ति अनुकरणीय रही है। भगवान श्रीकृष्ण ने गीता के दशवे अध्याय में कहा है कि रूद्रो में शंकर मैं ही हूं। अर्थात मैं ही हनुमान भी हूं जो सभी भक्तों की मनोकामना पूर्ण करते है।

कहते है, हनुमान ने सुरसा की बात मान ली थी और उसका भोजन बनना स्वीकार कर लिया था, सुरसा ने ज्यों ही मुंह खोला, पवन पुत्र ने अपना आकार विशाल कर लिया। यह देख सुरसा ने भी अपना आकार बड़ा कर लिया। जब हनुमान ने देखा कि सुरसा ने अपनी सीमा लांघ कर मुंह का आकार और भी बड़ा कर लिया तो वे तत्काल अपने विशाल रूप को समेटते हुये उसके मुंह के अंदर गये और बाहर वापस आ गये। हनुमान के बुद्धि कौशल से प्रसन्न होकर सुरसा ने उन्हें आर्शीवाद देते हुये कहा पुत्र, तुम अपने कार्य में सफल हो। हनुमान ने अपने शरीर को पहले विशालकाय और फिर एक छोटे रूप से महिमा तथा लधिमा सिद्धि के बल पर किया था। हनुमान रूद्र के ग्यारहवें अवतार माने जाते है। संकटमोचक हनुमान अष्ट सिद्धि और नव निधि के दाता भी है। हनुमान अणिमा, लधिमा, गरिमा, प्राप्ति, प्रकाम्य, महिमा, इशित्व और वशित्व इन सभी आठ प्रकार की सिद्धियों के स्वामी है।आध्यात्मिक चिंतक डॉ मुरलीधर की माने तो, राम जब लक्ष्मण के साथ सीता जी को वन-वन खोज रहे थे तब वहां ब्राह्मण वेश में हनुमानजी अपनी सरलता, वाणी और ज्ञान से रामजी को प्रभावित कर लेते है। वह वंशीकरण वशित्व सिद्धि है। माता सीता को खोजने के क्रम में जब पवन पुत्र सागर को पार करने के लिए विराट रूप धारण करते है तो उनका यह कार्य महिमा सिद्धि का रूप धारण कर लेता है। इसी प्रकार जब हनुमान सागर पार कर लंका में प्रवेश करने के लिए आगे बढ़े तो अति सूक्ष्म रूप धर कर अणिमा सिद्धि को साकार किया। माता सीता को खोजते खोजते जब बजरंग बली अशोक वाटिका में पहुंचे तो उनके लघु रूप बनने में लधिमा सिद्धि काम आयी। इसी प्रकार पवन सुत की गरिमा सिद्धि के दर्शन करने के लिए महाभारत काल में जाना होगा, जब हनुमान महाबली भीम के बल के अंधकार को तोड़ने के लिए बूढ़े बानर का रूप धारण उनके मार्ग में लेट गये थे और भीम उनकी पूंछ को हिला भी नही पायें। इसी प्रकार बाल हनुमान के मन में उगते हुये सूर्य को पाने की अभिलाषा जागी तो उन्होंने उसे पकड़ कर मुंह में रख लिया तो अभिलाषा सिद्धि के दर्शन हुये। प्राकाम्य सिद्धि को समझने के लिए पवन पुत्र की राम के प्रति भक्ति को समझना होगा। रामभक्त हनुमान ने राम की भक्ति के अलावा और कुछ नही चाहा और वह उन्हें मिल गयी। इसलिए कहा जाता है कि हनुमान की कृपा पाए बिना राम की कृपा नही मिलती। पवन पुत्र की राम के प्रति अनन्य भक्ति का ही परिणाम था कि उन्हें प्रभुत्व और अधिकार की प्राप्ति स्वतः ही हो गयी इसे ही इंशित्व सिद्धि कहते है। इसी प्रकार नव रत्नों को ही नौ निधि कहा जाता है। ये है-पद्य महापद्य, शंख, मकर, कच्छप, मुकुंद, कुंद, नील और खर्ब। सांसारिक जगत के लिए ये निधियां भले ही बहुत महत्व रखती हों, लेकिन भक्त हनुमान के लिए तो केवल राम नाम की मणि ही सबसे ज्यादा मूल्यवान है। रावध वध के पश्चात एक दिन श्रीराम सीताजी के साथ दरबार में बैठे थे। उन्होंने सभी को कुछ न कुछ उपहार दिय। श्रीराम ने हनुमान को भी उपहारस्वरूप मूल्यवान मोतियों की माला भेंट की। पवन पुत्र उस माला से मोती निकाल निकालकर दांतों से तोड़ तोड़कर देखने लगे। हनुमान के इस कार्य को देखकर भगवान राम ने हनुमान से पूछा, हे पवन पुत्र आप इन मोतियों में क्या ढूंढ रहे हो? पवन पुत्र ने कहा, प्रभु में आपको और माता को इन मोतियों में ढूंढ रहा हूं। लेकिन इसमें आप कही नही दिखाई दे रहे है और जिस वस्तु में आप नही, वह मेरे लिए व्यर्थ है। यह देख एक दरबारी ने उसने कहा पवन पुत्र क्या आपको लगता है कि आपके शरीर में भी भगवान है? अगर ऐसा है तो हमें दिखाइए। नही तो आपका यह शरीर भी व्यर्थ है। यह सुनकर हनुमान ने भरी सभा में अपना सीना चीरकर दिखा दिया। पूरी सभा यह देखकर हैरान थी कि भगवान राम माता जानकी के साथ हनुमान के हृदय में विराजमान है।तभी तो हनुमानजी को राम का परमभक्त होने का सम्मान मिला और वे चिरंजीवी कहलाये।

# ई-स्पोर्ट्स में डिग्री नहीं, कौशल है जरूरी

## अपने खेल में दक्ष होने के साथ-साथ विभिन्न प्लेटफॉर्मों पर खेलने का अनुभव भी होना चाहिए

जितेंद्र गिरधर
कॅरिअर सलाहकार



आधुनिक दुनिया में खेलों का परिदृश्य बदल रहा है। नए तकनीकी उत्पादों के आगमन के साथ, ई-स्पोर्ट्स एक नया और महत्वपूर्ण माध्यम बन गया है। ई-स्पोर्ट्स यानी इलेक्ट्रॉनिक स्पोर्ट्स एक प्रतिस्पर्धात्मक वीडियो गेमिंग प्लेटफॉर्म है, जिसमें एक-दूसरे से प्रतिस्पर्धा करने वाली टीमें ऑनलाइन टूर्नामेंट के जरिये ई-स्पोर्ट्स गेमिंग में शामिल होती हैं। इस क्षेत्र में कॅरिअर बनाना उन लोगों के लिए लाभकारी हो सकता है, जिनका रुझान वीडियो गेम्स और ई-स्पोर्ट्स में है। ई-स्पोर्ट्स में कॅरिअर बनाने के लिए किसी विशेष डिग्री की जरूरत नहीं होती है। आप अपनी काबिलियत व कौशल की मदद से इस क्षेत्र में अपना बेहतरीन कॅरिअर बना सकते हैं।

**■ प्रशिक्षण केंद्र कर रहे हैं मार्गदर्शन**

बहुत से प्रशिक्षण केंद्र और विश्वविद्यालय अब गेमिंग और ई-स्पोर्ट्स में प्रशिक्षण दे रहे हैं। इसके अलावा, इस क्षेत्र में अनुभवी खिलाड़ी और कोच का मार्गदर्शन भी महत्वपूर्ण हो सकता है। ई-स्पोर्ट्स खिलाड़ी बनने के लिए तकनीकी ज्ञान, स्ट्रैटेजी और दमदार टीम बनाने की क्षमता की आवश्यकता होती है। यह एक तेजी से उभरता क्षेत्र है, जो न केवल खेल के माध्यम से मनोरंजन प्रदान करता है, बल्कि युवाओं के लिए एक स्थायी कॅरिअर के विकल्प के रूप में उभर रहा है।

**■ कई प्लेटफॉर्म पर खेल का अनुभव**

ई-स्पोर्ट्स खिलाड़ी अच्छा वेतन पाने के साथ-साथ स्पॉन्सरशिप और इवेंट्स से प्रतिष्ठा प्राप्त कर सकते हैं। इसके लिए खिलाड़ी को अपने खेल में दक्ष होना होगा और विभिन्न प्लेटफॉर्मों पर खेलने का अनुभव भी होना चाहिए। दूसरे, स्ट्रैटेजी और टीम बनाने की क्षमता भी बेहद अनिवार्य है।

**■ कौशल भी है जरूरी**

एक अच्छा ई-स्पोर्ट्स खिलाड़ी बनने के लिए खिलाड़ी में अनुशासन और टीम के साथ काम करने का अनुभव होना बेहद जरूरी है। इसके साथ ही मानसिक दृढ़ता और प्रतिस्पर्धा की भावना भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। खिलाड़ी के पास अच्छा खेल खेलने का कौशल, उत्कृष्ट टीम बनाने की क्षमता और रणनीति तैयार करने का कौशल होना चाहिए। आपके अंदर अन्य प्रतियोगिताओं से प्रतिस्पर्धा करने की अद्वितीय क्षमता होनी चाहिए।



**■ नया सीखने के लिए अभ्यास करें**

ई-स्पोर्ट्स आपके लिए एक उत्कृष्ट कॅरिअर विकल्प हो सकता हैं, जो आपके तकनीकी कौशल, स्ट्रैटेजी और दृढ़ इच्छाशक्ति पर निर्भर करता है। ई-स्पोर्ट्स खिलाड़ी बनने के लिए आपको अभ्यास और प्रशिक्षण की आवश्यकता होती है। अपने खेल की गुणवत्ता को सुधारने के लिए आपको निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए। इसके अलावा अपने खेल के वीडियो को देखने और अपनी गलतियों से सीखने का समय भी निकालें।

## PERFECT YOUR ENGLISH

प्रतियोगी परीक्षाओं में अंग्रेजी के प्रश्न पूछे जाते हैं। नीचे दिए प्रश्नों के अभ्यास से परीक्षा की तैयारी को बेहतर बना सकते हैं :

*LET US KNOW THESE IDIOMS*

**To take up cudgels** - to fight in support of someone, to defend someone strongly (किसी का मजबूती से बचाव करना) The farmers' union has taken up cudgels for the agriculture policies which are supposed to be against their long term welfare.

**To be at daggers drawn** – to be bitterly hostile to each other (एक दूसरे का कट्टर दुश्मन होना) His both sons are at daggers drawn for over five years. He and his father are at daggers drawn. The couple have been at daggers drawn since they filed the case of divorce in the court.

**To put a damper on something** – to stop something to be successful and enjoyable (किसी चीज को सफल और आनंददायक होने से रोकना) The critical problems of unemployment and poverty have put damper on the government's expectation of achieving the growth rate of the developed nations of the world.

■ Shree Prakash Sharma

# पेट के लिए तो रामबाण है ये पौधा

*पत्थरचट्टा पौधे के इस्तेमाल से कई तरह की बीमारियों और उनके लक्षणों को आसानी से समाप्त किया जा सकता है।*



काला पत्थरचट्टा (ब्रायोफिलम पिन्नाटम) पौधे की पत्तियों का स्वाद नमकीन और खट्टा होता है। सदाबहार पौधा होने के कारण यह सदैव हरा-भरा रहता है। अगर पथरी से पीड़ित हैं तो पत्थरचट्टा स्वास्थ्य के लिए रामबाण इलाज है। आयुर्वेद में पत्थरचट्टा का उपयोग मूत्र संबंधी समस्याओं के इलाज के लिए किया जाता है। यह त्वचा की सूजन, घाव या क्षति का भी इलाज कर सकता है। इसका सेवन सिर दर्द या माइग्रेन से पीड़ित लोगों के लिए लाभकारी है। खूनी दस्त का इलाज पत्थरचट्टा से प्रभावी ढंग से किया जा सकता है। आप इसकी पत्तियों का रस गरम पानी में मिलाकर पी सकते हैं, पत्तियों का सलाद भी बना सकते हैं या इन्हें सब्जियों के साथ उबालकर खाया जा सकता है। इसके सेवन से फायदे तो हैं, लेकिन इसके साइडइफेक्ट भी हैं। इसे सामान्य मानी जाने वाली मात्रा से अधिक मात्रा में लेने से कुछ दुष्प्रभाव हो सकते हैं, जैसे - पेट दर्द, पेट में जलन, जी मिचलाना, खट्टी डकार और उल्टी की समस्या के साथ दस्त की समस्या होना आदि। यदि आप कोई दवा ले रहे हैं तो इसका सेवन ऐसी दवाओं के प्रभाव को कम या बढ़ा सकता है।

**क्या कहते हैं विशेषज्ञ**

पत्थरचट्टा का उपयोग रोगों की दवा बनाने में किया जाता है। अगर पथरी की समस्या है तो यह रामबाण औषधि है। यह पेट से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने के लिए भी उपयोग किया जाता है।

-डॉ. नवीन चन्द्र जोशी
वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्सक

गूगल ने ईमेल सेवा 'जीमेल' लॉन्च की थी। पांच साल बाद इस ई-मेल सेवा को उपयोग करने वाले लोगों की संख्या एक अरब से अधिक हो गई थी। यूजर्स वेब ब्राउजर के जरिये इसे एक्सेस कर सकते हैं।

- 1918 : ब्रिटने की रॉयल एयर फोर्स का गठन किया गया था।
- 1936 : भारत में ओडिशा राज्य की स्थापना हुई थी।
- 1976 : स्टीव जॉब्स, स्टीव वोज्नियाक और रोनाल्ड वेन ने एपल कंप्यूटर इंक का गठन किया।
- 2001 : नीदरलैंड समलैंगिक विवाह की अनुमति देने वाला पहला देश बना था।



## Q&A

*मैं 12वीं उत्तीर्ण हूं। लॉ के क्षेत्र में कॅरिअर बनाना चाहता हूं।*
*-दिल्ली से राघव*

**बैचलर** ऑफ लॉ (एलएलबी) कोर्स के दो विकल्प उपलब्ध हैं। पहला आप तीन वर्ष की अवधि का एलएलबी कोर्स ग्रेजुएशन डिग्री के बाद कर सकते हैं। दूसरा आप 12वीं उत्तीर्ण हैं, तो आपके लिए पांच वर्ष की अवधि का इंटीग्रेटेड कोर्स उपलब्ध है। इस कोर्स में बीए, बीबीए जैसे ग्रेजुएट प्रोग्राम्स एलएलबी डिग्री के साथ होते हैं। वहीं मास्टर ऑफ लॉ (एलएलएम) एक वर्ष से अधिक अवधि का कोर्स होता है। इसके लिए आपके पास एलएलबी डिग्री होनी चाहिए। एलएलबी करने के बाद आप पीसीएस की परीक्षा के योग्य हो जाते हैं। केंद्र सरकार व राज्य सरकारों के विभागों एवं सार्वजनिक उपक्रमों में भी लीगल प्रोफेशनल्स की मांग रहती है। आप विभिन्न सरकारी विभागों एवं ट्रिब्यूनल में भी लीगल प्रोफेशनल के पद पर कार्य कर सकते हैं।



गौरव भारद्वाज
कॅरिअर एक्सपर्ट

**अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता**

# एनिमल ऑनलाइन आर्ट कॉम्पिटिशन में हों शामिल

**अगर** आप आर्ट या फोटोग्राफी के माध्यम से पशुओं की सुंदरता को कैद करने के शौकीन हैं, तो टेन मोइर गैलरी में एनिमल ऑनलाइन आर्ट कॉम्पिटिशन में शामिल होकर अपनी रचनात्मकता प्रतिभा को दिखा सकते हैं। यह प्रतियोगिता आर्टिस्ट को किसी भी दृश्य के माध्यम जानवरों का चयन कर उनके सार, सौंदर्य और विशेषताओं को कैप्चर करने के लिए आमंत्रित करती है। प्रतियोगिता की थीम 'वाइल्डलाइफ' विषय पर आधारित है।

**■ सभी पृष्ठभूमि के उम्मीदवार पात्र**

इस प्रतियोगिता के तहत सभी पृष्ठभूमि के उम्मीदवार आवेदन के पात्र हैं। यह प्रतियोगिता दुनिया भर के कलाकारों के लिए खुली है। आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों की न्यूनतम आयु 18 वर्ष होनी चाहिए।

**■ पुरस्कार के तौर पर**

प्रतियोगिता के अंतर्गत बेस्ट इन शो विजेता को 150 डॉलर का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। साथ ही विजेता को 500 डॉलर व ब्लू स्काई आर्टिस्ट अवॉर्ड के जीतने का भी मौका मिलेगा। प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेताओं को आर्टिस्ट प्रोफाइल पेज, सोशल मीडिया सुविधाएं और ऑनलाइन प्रदर्शनी में शामिल किया जाएगा।

**■ फाइल का प्रारूप**

आर्टिस्ट अपने नाम के साथ आर्ट का शीर्षक भी अवश्य लिखें। फोटोग्राफी केवल जेपीईजी, जेपीजी, पीएनजी फॉर्मेट में और अधिकतम पांच एमबी तक की होनी चाहिए।

**■ आवेदन की तिथि**

आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 मई, 2024 निर्धारित की गई है। उम्मीदवार आधिकारिक लिंक https://tinyurl.com/7shtpkzf पर जाकर ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

**फेलोशिप बुलेटिन**

## क्लाइमेट चैंपियंस यूथ फेलोशिप



**क्लाइमेट** चैंपियंस की ओर से न्यूनतम पांच साल का पूर्णकालिक कार्य या स्वयंसेवा में अनुभव रखने वाले युवाओं के लिए क्लाइमेट चैंपियंस यूथ फेलोशिप 2024 के लिए आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। उम्मीदवारों की न्युनतम आयु 18 वर्ष और अधिकतम आयु 30 वर्ष होनी चाहिए। इसके अतिरिक्त उम्मीदवारों की अंग्रेजी भाषा में मजबूत पकड़ होनी चाहिए। फेलोशिप प्रोग्राम की अवधि सात माह निर्धारित की गई है। उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट https://tinyurl.com/mry7ycf5 पर जाकर 10 अप्रैल, 2024 तक ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

**इंटर्नशिप अलर्ट**

## वर्चुअल इंटर्नशिप का मौका



**डिजिटल** मार्केटिंग इंटर्नशिप के लिए उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। यह एक वर्चुअल इंटर्नशिप प्रोग्राम है, जिसकी अवधि तीन माह निर्धारित की गई है। इंटर्नशिप प्रोग्राम के दौरान उम्मीदवारों को डिजिटल मार्केटिंग के क्षेत्र में एसईओ, सोशल मीडिया मार्केटिंग, ईमेल मार्केटिंग और कंटेंट क्रिएशन का उपयोग करते हुए प्रोडक्ट और सर्विस को ऑनलाइन प्रमोट करना सिखाया जाएगा। आवेदक आधिकारिक लिंक https://tinyurl.com/5526jjyk पर जाकर ऑनलाइन माध्यम से आवेदन करें। आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई, 2024 निर्धारित की गई है।

## Job Alert

Real-time job alerts

### दिल्ली अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड

प्रोसेस सर्वर व अन्य पदों पर रिक्तियां



102 पद

आवेदन की अंतिम तिथि : 18 अप्रैल, 2024
पात्रताएं : कक्षा 10वीं व अन्य निर्धारित पात्रताएं
यहां आवेदन करें : https://dsssbonline.nic.in

### AIIMS, गोरखपुर में करें आवेदन ■ 65 पद

प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर व अन्य पदों पर भर्ती
आवेदन की अंतिम तिथि
21 अप्रैल, 2024
पात्रताएं
स्नातक, स्नातकोत्तर व अन्य निर्धारित पात्रताएं
यहां आवेदन करें
aiimsgorkhpur.edu.in

### IITM में नौकरी के

तकनीकी अधिकारी व अन्य पदों पर मौके
आवेदन की अंतिम तिथि
20 अप्रैल, 2024
आयु-सीमा
न्यूनतम आयु 32 वर्ष अधिकतम आयु 45 वर्ष निर्धारित
यहां आवेदन करें
https://recruit.iitm.ac.in

### दि ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी लि. ■ 100 पद

चिकित्सा अधिकारी व अन्य पदों पर भर्ती
आवेदन की अंतिम तिथि : 12 अप्रैल, 2024
पात्रताएं : एमबीबीएस, बीडीएस व अन्य निर्धारित पात्रताएं
यहां आवेदन करें : www.orientalinsurance.org.in

### भारत कोकिंग कोल लिमिटेड ■ 37 पद

वरिष्ठ मेडिकल विशेषज्ञ व अन्य पदों पर रोजगार के मौके
आवेदन की अंतिम तिथि
11 अप्रैल, 2024
वेतनमान
रुपये 60,000 से लेकर रुपये 2,00,000 प्रतिमाह
यहां आवेदन करें
www.bcclweb.in

### MOHFW में अभ्यर्थी करें आवेदन ■ 17 पद

अध्यक्ष, सचिव अंशकालिक सदस्य व अन्य पद खाली
आवेदन की अंतिम तिथि
21 अप्रैल, 2024
वेतनमान
रुपये 1,44,200 से लेकर 2,24,100 प्रतिमाह
यहां आवेदन करें
main.mohfw.gov.in

### यहां भी रोजगार के अवसर...

- राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड : अनुवादक (राजभाषा कक्ष) के पद खाली।
  आवेदन की अंतिम तिथि : 08 अप्रैल, 2024 तक
  आवेदन करें ■www.indiaseeds.com
- राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान मेघालय : तकनीकी सहायक, अधीक्षक व अन्य पदों पर आवेदन आमंत्रित।
  आवेदन की अंतिम तिथि : 30 अप्रैल, 2024 तक
  आवेदन करें ■www.nitm.ac.in

**रोशनी यहां है**

**इस बार : राहुल सिंह**
**क्यों : वेस्ट मटेरियल से खड़ी की 600 करोड़ रुपये की कंपनी**



**लोग कभी राहुल को अपने पास बैठने तक नहीं देते थे, लेकिन बेकार चीजों से पर्यावरण अनुकूल उत्पाद बनाकर उन्होंने न केवल 600 करोड़ रुपये का व्यावसायिक साम्राज्य खड़ा किया, बल्कि महिलाओं को रोजगार देकर उन्हें स्वावलंबी भी बना रहे हैं।**

# कचरे से खड़ी कर दी, छह सौ करोड़ रुपये की कंपनी

तिनका-तिनका जोड़कर महल खड़ा करने की कहावत तो आपने सुनी ही होगी, उसे अक्षरशः चरितार्थ करने वाले बेहद सामान्य परिवार के लड़के राहुल सिंह के पास कभी आईआईटी की तैयारी के लिए ट्यूशन फीस देने तक के पैसे नहीं थे। नतीजतन आर्थिक तंगी की वजह से अपने साथियों की तरह वह ट्यूशन नहीं ले पाए। मगर आर्थिक अड़चन आत्मविश्वास से भरे दृढ़ निश्चयी राहुल की राह में रोड़ा नहीं बन पाई। हिम्मत हारने के बजाय उसने दोगुने उत्साह से स्वयं तैयारी शुरू कर दी और एनआईटी में दाखिला लेने में कामयाब हुए। यह तो बस शुरुआत थी, आगे उन्होंने तमाम कठिनाइयों को पार करते हुए कामयाबी के कई मुकाम हासिल किए और आज इको-सोल होम के नाम से कई देशों में संचालित कंपनी के स्वामी हैं। अपनी मेहनत, दृढ़ संकल्प और कभी हार न मानने की जिद की बदौलत उन्होंने खुद अपनी तकदीर की इबारत लिखी।

**■ सरकारी स्कूल से पढ़ाई**

राहुल का जन्म छत्तीसगढ़ के भिलाई में एक मध्यमवर्गीय परिवार में हुआ था। राहुल ने स्थानीय सरकारी स्कूल से पढ़ाई की, जहां बुनियादी सुविधाओं का भी अभाव था। साल 2001 में 12वीं कक्षा उत्तीर्ण करने के बाद राहुल ने नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, सूरत से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में बीटेक किया। फिर जमशेदपुर के जेवियर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट से एमबीए किया। जैसा कि भारत में ज्यादातर मां-बाप का सपना होता है कि उनकी संतान विदेशों में ऊंचे वेतन वाली नौकरी करे, राहुल के माता-पिता की भी यही इच्छा थी। वर्ष 2008 में राहुल न्यूयॉर्क चले गए। उन्होंने वहां वर्ष 2019 तक अलग-अलग कंपनियों में काम किया। जब उन्होंने भारत लौटने का फैसला किया, तब वह एक बड़ी कंपनी के ग्लोबल हेड थे। अपनी कंपनी खड़ी करने का फैसला राहुल ने तब लिया जब वह अमेरिका में नौकरी ही कर रहे थे। उन्हें अरविंद गणेशन के बारे में पता चला। जल्दी ही दोनों दोस्त बन गए और फिर दोनों ने मिलकर वर्ष 2020 में इकोसोल होम नामक कंपनी की स्थापना की। शुरुआत में राहुल को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। वह कोशिश करते रहे, पूंजी जुटाने के लिए काफी हाथ-पांव मारे, लेकिन काम नहीं बना, तो अंततः उन्होंने अपना घर बेच दिया। पेड़ों के पत्तों से पत्तल एवं कटोरी जैसे पर्यावरण अनुकूल उत्पाद बनाने का व्यवसाय शुरू करने के बाद जब वह इस पेशे में पहले से लगे कारीगरों से मिलने जाते, तो कोई उन्हें बैठने तक के लिए नहीं कहता था। लोग उनसे पूछते कि आखिर आप हैं कौन और मैं आपके लिए उत्पाद क्यों बनाऊं? हालांकि इस दौरान कुछ ऐसे लोग भी मिले, जिन्होंने उनकी बात को समझा।





**हुनरमंदों को तवज्जो दी**

राहुल की कंपनी में महिलाओं एवं ग्रामीण कारीगरों को तवज्जो दी जाती है। ये लोग ऐसे कारीगर हैं, जो हुनरमंद तो हैं, मगर उन्हें पहले काम नहीं मिल पा रहा था। राहुल की कंपनी ने उन्हें स्वाबलंबी बनने की मदद की है। आज ये लोग शान से हर महीने अच्छी-खासी कमाई कर रहे हैं। आज कंपनी का कारोबार 600 करोड़ रुपये से भी अधिक का हो चुका है। राहुल ने अपनी कंपनी के जरिये अब तक 13 लाख टन प्लास्टिक बचाई है।

**■ बेकार चीजों से उत्पाद बनाया**

आमतौर पर ज्यादातर मध्यवर्गीय परिवार का व्यक्ति किसी बड़ी कंपनी में काम करता है, तो अपना व्यवसाय शुरू करने के बारे में नहीं सोचता। लेकिन राहुल के पास यह जोखिम उठाने का साहस था। इसके अलावा, उन्हें पर्यावरण से भी लगाव था, इसलिए उन्होंने बेकार की चीजों से पर्यावरण अनुकूल उत्पाद बनाने का फैसला किया। राहुल जब अपने गांव जाते थे, तो देखते कि लोग डिस्पोजेबल उत्पादों का इस्तेमाल तो कर रहे हैं, लेकिन उन्हें यह नहीं पता होता था कि वे किस चीज से बने हैं और उनसे लोगों के जीवन और पर्यावरण पर क्या प्रभाव पड़ता है। भारत में पहले भी इस तरह के उत्पाद बन रहे थे, लेकिन निर्यात के लिहाज से बिल्कुल भी नहीं बन रहा था। राहुल सोचते थे कि जब सभी उत्पादों के अपने ब्रांड हो सकते हैं, तो फिर इन उत्पादों के क्यों नहीं। रिसर्च करने पर उन्हें पता चला कि स्थानीय स्तर पर लोग रद्दी से भी पत्तल, कटोरी आदि बना रहे हैं। उन्होंने देखा कि यह तो सेहत और पर्यावरण, दोनों के लिए नुकसानदेह है, ऐसे में अगर पर्यावरण अनुकूल सामग्रियों से उत्पाद बनाए जाएं, तो न सिर्फ लोग इन्हें स्वीकार करेंगे, बल्कि पर्यावरण का संरक्षण भी होगा।

### बेकार चीजों को सोना समझा

हमारे देश में अधिकांशतः यानी करीब 95 फीसदी बेकार चीजों और कचरों को निष्पादन के नाम पर जला दिया जाता है, जिससे पर्यावरण में और प्रदूषण फैलता है। लेकिन राहुल जानते थे कि इन्हीं कचरा समझे जाने वाली बेकार चीजों को सोने में तब्दील किया जा सकता है। जिन बेकार चीजों का अपने देश में कोई मोल नहीं है, चीन उसे आयात करता है। पर्यावरण संरक्षण और सेहत के प्रति दुनिया भर के लोगों में बढ़ती जागरूकता के कारण पर्यावरण अनुकूल उत्पादों की तरफ लोगों की दिलचस्पी बढ़ी है। यही वजह है कि आज राहुल का व्यवसाय भारत सहित अमेरिका, कनाडा आदि कई देशों में फैला हुआ है। पूरी दुनिया में इकोसोल होम की 150 से ज्यादा विनिर्माण इकाइयां काम कर रही हैं।

### युवाओं के लिए सीख

- जीवन के किसी भी क्षेत्र में सफल होने के लिए नए विचार और नवाचार बेहद जरूरी है।
- आत्मविश्वास के साथ कोई भी व्यक्ति विपरीत परिस्थितियों में भी सफलता की मंजिल हासिल कर सकता है।
- दुनिया में कोई भी चीज बेकार नहीं होती है, सही नजरिया अपना कर कचरे को भी सोना बनाया जा सकता है।
- अगर पूरी लगन से मेहनत की जाए, तो एक न एक दिन सफलता जरूर मिलती है।
- खुद पर विश्वास और व्यवसाय क्षेत्र के बदलते परिदृश्य पर नजर रखकर सफलता पाई जा सकती है।

**हेल्थ कैप्सूल**

# पौष्टिक और हल्का होता है बेसन का चीला

*बेसन में अच्छा वसा और साबुत गेहूं का आटा होता है, जो प्रोटीन से भरपूर है। यह मधुमेह रोगियों के लिए भी अच्छा है।*



बेसन का चीला बनाने में धनिया एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसमें भरपूर मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट, विटामिन ए और विटामिन सी होता है, जो रोग-प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करता है। इसमें अच्छी मात्रा में आयरन होता है और यह रक्त में लाल रक्त कोशिका के उत्पादन को बनाए रखने में मदद करता है। धनिया में कोलेस्ट्रॉल कम होता है और यह मधुमेह वाले लोगों के लिए अच्छा है। हालांकि इस व्यंजन को बनाने में आमतौर पर मूंगफली के तेल का उपयोग नहीं किया जाता है। यह एक अच्छा विकल्प हो सकता है, क्योंकि इसमें ओमेगा 3 फैटी एसिड होता है। चीला बनाने के लिए आप मूंगफली के तेल की जगह एवोकैडो तेल या नारियल तेल भी चुन सकते हैं। बेसन में ढेर सारा अच्छा वसा और साबुत गेहूं का आटा होता है, जो प्रोटीन से भरपूर होता है। इसमें फोलेट या फोलेट एसिड उच्च मात्रा में होता है, जो शरीर में लाल रक्त कोशिकाओं के साथ-साथ सफेद रक्त कोशिकाओं के विकास में सहायक है। यदि इसके पोषण संबंधी लाभों को बनाए रखना चाहते हैं तो घर से बाहर बेसन का चीला खाने से बचें, खासकर बाजारों में।

**क्या कहते हैं विशेषज्ञ**

बेसन का चीला कार्बोहाइड्रेट से भरपूर होता है, जो ऊर्जा प्रदान करता है। वजन कम करने के लिए यह एक सर्वश्रेष्ठ आहार में माना जाता है। यदि संतुलित आहार में बेसन को शामिल किया जाए तो जरूरी पोषक तत्व मिलते हैं।

-अंशु चौहान,
आहार विशेषज्ञ

# सामंथा रुथ प्रभु ने जान्हवी की फिल्म उलझ की तारीफों के बांधे पुल



जान्हवी कपूर के पास कई बड़े प्रोजेक्स की फिल्में हैं। जिसमें उनकी तेलुगु डेब्यू फिल्म भी शामिल है। इस तेलुगु फिल्म में वह जूनियर एनटीआर और राम चरण के साथ नजर आएंगी। इसी के साथ उनकी फिल्म उलझ रिलीज के लिए तैयार है। निर्देशक सुधांशु सारिया की आने वाली सस्पेंस थ्रिलर फिल्म उलझ का टीजर 17 अप्रैल को रिलीज किया था। फिल्म का टीजर रिलीज होते ही सोशल मीडिया पर लोगों की प्रतिक्रिया आनी शुरू हो गई थी। फिल्म उलझ को सोशल मीडिया पर पॉजिटिव रिस्पांस मिल रहे हैं।

सबसे पहले जान्हवी कपूर की उलझ को लेकर उनके रूमर्ड बॉयफ्रेंड शिखर पहाड़िया का प्रतिक्रिया आई थी और इसके बाद राजकुमार राव की प्रतिक्रिया आई थी। अब इसी लिस्ट में एक और नाम जुड़ गया है बॉलीवुड अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु का। अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट इंस्टाग्राम पर जान्हवी कपूर की फिल्म उलझ को लेकर एक स्टोरी शेयर की, जिसमें उन्होने कैप्शन दिया, असाधारण है आपका यह लुक। पहले से भी और अधिक मजबूत जान्हवी कपूर। इसके बाद जान्हवी ने समांथा के इस पोस्ट पर रिप्लाई किया। अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु जल्द ही हॉलीवुड स्पाई थ्रिलर वेब सीरीज सिटाडेल के हिंदी रुपांतरण को लेकर लंबे समय से चर्चाएं हो रही हैं। हिंदी में बनने वाली इस सीरीज में वरुण धवन और समांथा रुथ प्रभु लीड रोल में नजर आने वाले हैं। निर्देशक राज एंड डीके की वेब सीरीज सिटाडेल का फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज किया जा चुका है।



## बॉलीवुड में सही प्रोजेक्ट नहीं मिलने पर बोलीं परिणीति

बॉलीवुड अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा इस समय इम्तियाज अली की फिल्म अमर सिंह चमकीला में अपनी भूमिका के लिए प्रशंसा बटोर रही हैं। निजी जिंदगी को लेकर भी परिणीति खूब लाइमलाइट में रहती हैं। अब हाल ही में, अभिनेत्री ने हिंदी फिल्म उद्योग में लॉबिंग प्रणाली के बारे में खुलकर बात की है।

अपने हालिया साक्षात्कार में परिणीति ने कहा कि वह कभी भी उन पार्टियों में शामिल नहीं होती हैं, जहां कलाकारों के लिए प्रोजेक्ट बनाए जाते हैं। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें कोई पछतावा नहीं है। अभिनेत्री ने यह भी स्वीकार किया कि उनका पीआर गेम बाकी कलाकारों की तुलना में मजबूत नहीं है, लेकिन उन्हें खुद पर भरोसा है और वह चाहती हैं कि फिल्म निर्माता उनसे वही भूमिकाएं दें, जिन्हें वह करने में सक्षम हैं। परिणीति का कहना है कि उन्होंने अमर सिंह चमकीला जैसे मौके के लिए करीब 10 साल तक इंतजार किया। फिल्म में वह सिंगर अमरजोत यानी अमर सिंह चमकीला की पत्नी का किरदार निभाया है। एक बातचीत के दौरान परिणीति ने सही प्रोजेक्ट्स और भूमिकाओं से दूर रहने के लिए अवसरों की कमी के साथ-साथ अपने गलत करियर फैसलों को भी जिम्मेदार ठहराया। परिणीति का कहना है, मैं डिनर और लंच या पार्टियों में नहीं जाती, जहां बॉलीवुड में काम के अवसर मिलते हैं या भूमिकाओं पर चर्चा होती है। मैं चाहती हूं कि निर्देशक और निर्माता मुझे मेरे काम के लिए बुलाएं क्योंकि मैं कड़ी मेहनत करने को तैयार हूं। मैंने 10 साल पहले इशकजादे के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार जीता है। मैं अब भी वही अभिनेत्री हूं। अभिनेत्री ने आगे कहा, मैं उन कलाकारों के लिए आवाज बनना चाहता हूं जो गुटों का हिस्सा नहीं हैं। मुझे उम्मीद है कि हम बॉलीवुड में लॉबिंग की इस प्रणाली को तोड़ देंगे क्योंकि मैं समान अवसर और काम चाहती हूं। हो सकता है कि मैंने गलत फिल्में की हो, लेकिन मैं वैसी ही हूं, जिस अभिनेत्री ने 10 साल पहले शुरुआत की थी और वह सही मंच की तलाश में है।

## सीरीज पाताल लोक का अगला भाग नहीं लाना चाहते अभिषेक बनजी!



अमेजन प्राइम वीडियो की सुपरहिट वेब सीरीज 'पाताल लोक' के दूसरे सीजन की कहानी पर काम करीब करीब पूरा हो चुका है। सीरीज के लीड कलाकार जयदीप अहलावत अपने लोकप्रिय किरदार हाथीराम चौधरी के साथ फिर से वापसी की तैयारी शुरू कर चुके हैं। हालांकि, बता दें कि पाताल लोक 2 के बारे में सुनते ही सीरीज में हथौड़ा त्यागी उर्फ अभिषेक बनर्जी दुखी हो जाते हैं। आइए जानते हैं कि ऐसा क्यों है। हाल ही में, एक इंटरव्यू में हथौड़ा त्यागी की भूमिका निभाने वाले अभिषेक बनर्जी ने खुलासा किया है कि जब भी पाताल लोक 2 सीरीज के बारे में बात होती है तो उनका मन काफी दुखी हो जाता है। अभिनेता के इस बयान से फैंस काफी हैरान हो गए हैं। हालांकि, अभिषेक ने इसके पीछे की वजह का भी खुलासा किया है। अभिषेक बनर्जी ने कहा, मुझे इस बार पाताल लोक में न होने का बड़ा दुख है। मेरा किरदार तो पहले सीजन में ही मार दिया गया था। इस बारे में मैं निर्माता-निर्देशक कर्णेश शर्मा और सुदीप शर्मा को बोलता भी हूं कि आप मुझे पाताल लोक 2 के बारे में कुछ न बताएं, क्योंकि आप लोग मुझे जितना बताएंगे, मुझे उतना और अधिक दुख होता है कि मेरा किस्सा तो पहले सीजन में ही खत्म कर दिया था। मैं उसमें नहीं हूं। मुझे हथौड़ा त्यागी की भूमिका से बहुत प्यार मिला है और उसके लिए मैं हमेशा दर्शकों का आभारी रहूंगा। वहीं, बात करें सीरीज की तो मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो इस साल के अंत में दर्शकों के सामने इस सीरीज की स्ट्रीमिंग होगी। अमेजन प्राइम वीडियो ने अपनी आगामी सीरीज और फिल्म की एक लिस्ट जारी की थी, उसमें पाताल लोक का सीजन 2 भी शामिल था।

## प्रतीक गांधी ने साझा किया विद्या बालन के साथ काम करने का अनुभव

विद्या बालन और प्रतीक गांधी अभिनीत फिल्म दो और दो प्यार रोमांटिक ड्रामा फिल्म है, जिसमें प्रतीक विद्या बालन के पति की भूमिका में हैं। प्रतीक गांधी ने इस फिल्म में विद्या के साथ काम करने का अनुभव साझा किया है। उन्होंने इस दौरान अभिनेत्री की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने सेट पर चीजों को काफी आसान बना दिया। अभिनेता प्रतीक गांधी का कहना है कि सेट पर विद्या बालन से मिलने के बाद बेहद खुशी हुई। प्रतीक गांधी गुजराती सिनेमा का बड़ा नाम हैं। वह गुजराती थिएटर से भी जुड़े हुए हैं। हंसल मेहता की सीरीज स्कैम 1992 में भी वह नजर आ चुके हैं। प्रतीक गांधी ने कहा, जब मेरे पास फिल्म का प्रस्ताव आया, तो मुझे विद्या बालन से मिलने के लिए बुलाया गया, क्योंकि मेकर्स हमें साथ देखना चाहते थे। इसके बाद हमने कुछ देर स्क्रिप्ट पढ़ी। मैं उस दौरान विद्या बालन से मिलने के बाद अभिभूत था। प्रतीक गांधी ने आगे कहा, फिल्म दो और दो प्यार के फोटो शूट के दौरान विद्या बालन ने चीजों को काफी आसान बना दिया। चीजें काफी सहज तरीके से हुई। अभिनेता ने आगे कहा, विद्या बालन बिना किसी प्रयास के किरदारों को बहुत आसानी से निभा लेती हैं। उन्होंने जितने विविध किस्म के किरदार अदा किए हैं, मुझे वह बहुत पसंद हैं। वह बहुत आत्मविश्वास के साथ पर्दे पर आती हैं और हर किरदार में सहज रहती हैं।







**सिंघम अगेन में**

## डांस नंबर से भौकाल दिखाएगी करीना कपूर

भारतीय सिनेमा की चर्चित फ्रेंचाइजी सिंघम की अगली फिल्म सिंघम अगेन आने वाली है। इस फिल्म की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। लंबे ब्रेक के बाद रोहित शेट्टी सिंघम सीरीज की इस अगली फिल्म के साथ आ रहे हैं, जिसमें अजय देवगन मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। साथ ही अक्षय कुमार और रणवीर सिंह भी होंगें। इनके अलावा दीपिका पादुकोण भी फिल्म का हिस्सा हैं। इस फिल्म में एक डांस नंबर भी जोड़ा गया है। फिल्म सिंघम अगेन का डांस नंबर करीना कपूर कर रही हैं। खबर है कि अभिनेत्री ने मुंबई में आज इस हॉट डांस नंबर की शूटिंग की है। इस स्पेशल नंबर में वह टाइगर श्रॉफ और अजय देवगन के साथ नजर आएंगी। करीना कपूर इन दिनों फिल्म क्रू के चलते छाई हुई हैं। करीना, तब्बू और कृति सेनन अभिनीत इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा कलेक्शन किया है। करीना कपूर कई फिल्मों में मुख्य भूमिका निभाने के साथ-साथ आइटम नंबर का तड़का भी लगा चुकी हैं। दबंग 2 में फेविकॉल, हीरोइन का हलकट जवानी, डॉन का ये मेरा दिलऔर क्या लव स्टोरी है के इट्स रॉकिंग समेत कई गानों पर अपने डांस मूव्स से बेबो धमाल कर चुकी हैं। फिल्म सिंघम अगेन में दीपिका पादुकोण भी नजर आएंगी। हाल में सेट से उनकी कुछ तस्वीरें लीक हुई। दीपिका जल्द ही मां बनने वाली हैं। सामने आई तस्वीरों में उनका बेबी बंप साफ नजर आया। दीपिका सिंघम अगेन में कोई भारी-भरकम एक्शन सीक्वेंस खुद नहीं फिल्माती नजर आएंगी। इसके लिए रोहित शेट्टी ने उनकी बॉडी डबल को रखा हुआ है।



**पहले से भी ज्यादा जंगली**

## एनिमल बन लौटेंगे रणबीर कपूर

संदीप रेड्डी वांगा के जरिए निर्देशित और रणबीर कपूर अभिनीत एनिमल साल 2023 की ब्लॉकबस्टर फिल्म साबित हुई। इस फिल्म की दमदार सफलता के साथ ही निर्माताओं ने इसके दूसरे भाग की घोषणा कर दी थी, जिसे लेकर फैंस बेहद उत्साहित हैं। समय-समय पर फिल्म को लेकर नई और दिलचस्प जानकारियां सामने आ रही हैं, जिसका फैंस को भी बेसब्री से इंतजार रहता है। वहीं, अब फिल्म की शूटिंग और कहानी को लेकर नई जानकारी सामने आई है, जो खुद फिल्म के निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा ने दी है। एनिमल के दूसरे भाग एनिमल पार्क के लिए दर्शकों को अभी लंबा इंतजार करना होगा। फिल्म की शूटिंग थोड़ी देर से शुरू होने वाली है। दरअसल, एनिमल के निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा ने हाल ही में मुंबई में एक अवार्ड शो में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने फिल्म के सीक्वल के बारे में एक रोमांचक अपडेट साझा किया। साथ ही उन्होंने खुलासा किया कि फिल्म की शूटिंग साल 2026 में ही शुरू होगी। फिल्म के बारे में बात करते हुए संदीप रेड्डी वांगा ने कहा कि एनिमल पार्क फिल्म एनिमल से भी बड़ा और जंगली होने जा रहा है। फिल्म की शूटिंग 2026 तक शुरू होगी। अब ऐसे में उम्मीद जताई जा रही है कि फिल्म की कहानी पहले भाग से भी ज्यादा खतरनाक और ज्यादा एक्शन सीक्वेंस के साथ होगी। इस पर तेजी से काम होगा, जिस पर तैयारियां कुछ समय बाद शुरू होने की उम्मीद है। इससे पहले खबर आई थी कि एनिमल पार्क के निर्माता अपनी ब्लॉकबस्टर फिल्म के सीक्वल के लिए विक्की कौशल को शामिल कर सकते हैं। कथित तौर पर विक्की कौशल को एनिमल पार्क में एक नकारात्मक भूमिका के लिए विचार किया जा रहा है। हालांकि, अभी तक इस बारे में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन रणबीर के साथ विक्की की ऑनस्क्रीन भिड़ंत देखना दिलचस्प होगा। फिल्म के पहले भाग में बॉबी देओल ने ही नकारात्मक किरदार निभाया था। संदीप रेड्डी वांगा और भूषण कुमार ने ब्लॉकबस्टर फिल्म एनिमल का बहुप्रतीक्षित सीक्वल लाने के लिए हाथ मिलाया है। साथ ही खबर आई थी कि संदीप ने एनिमल पार्क की स्क्रिप्ट पर काम करना शुरू कर दिया है। उन्हें कहानी का मूल आर्क मिल गया है और एनिमल के कई प्रमुख किरदार एनिमल पार्क का भी हिस्सा होंगे, जहां रणबीर कपूर, रश्मिका मंदाना और तृप्ति डिमरी अपनी-अपनी भूमिका निभाने के लिए वापस आएंगे, वहीं एनिमल पार्क में उपेंद्र लिमये का भी एक मजबूत ट्रैक है। सीक्वल से कई नए कलाकारों के भी नाम जुड़ेंगे। संदीप प्रभास की स्पिरिट के बाद एनिमल पार्क की शूटिंग करेंगे।

## पुराने दिनों का याद कर भावुक हुए मनोज बाजपेयी



बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेताओं में से एक मनोज बाजपेयी आज किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। अपने बेहतरीन अभिनय कौशल से उन्होनें फिल्मी दुनिया में एक विशिष्ट पहचान बनाई हैं। उनकी 100वीं फिल्म भैयाजी भी जल्द ही सिनेमाघरों मे दस्तक देने वाली है। फिलहाल वह अपनी आगामी फिल्म साइलेंस 2 के प्रमोशन में व्यस्त हैं। इस दौरान वह अपने पुराने दिनों को याद करते हुए दिखाई दिए। उन्होनें बताया कि उस वक्त फिल्मों के लिए फीस उतनी नहीं थी, तो आने-जाने के लिए कुछ अतिरिक्त पैसे दिए जाते थे, जिससे वह आगे की प्लानिंग करते थे। मनोज बाजपेयी ने एक बातचीत के दौरान बताया, सैलरी काफी कम हुआ करती थी, हमारा सबसे बड़ा सपोर्ट आने-जाने के लिए मिलने वाला कैश होता था। हमें 150 रुपए मिलते थे और उस पैसे को कैसे खर्च करना है, इसको लेकर हम प्लानिंग किया करते थे। अभिनेता ने अफसोस जताते हुए बताया कि अब अब वह रुपये नहीं दिए जाते हैं। उन्होंने बताया कि पहले जो एक्टर्स अपनी गाड़ी से भी आना-जाना करते थे, उन्हें भी पेट्रॉल का खर्च मिलता था, लेकिन अब ऐसा बिलकुल भी नही है। अभिनेता का ये बयान तब सामने आया है जब फीस के तौर पर अभिनेताओं को मिलने वाली मोटी रकम पर लगातार सवाल उठते रहते हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अक्षय कुमार को फिल्म बड़े मियां छोटे मियां के लिए 165 करोड़ रुपए मिले हैं। करीब 350 करोड़ के बजट में बनी ये फिल्म पहले सप्ताह में 50 करोड़ ही कमा पाई।

# आईपीएल 2024 में सीएसके और सुपर जाइंट्स में होगी कड़ी टक्कर

**चेन्नई (एजेंसी)।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) आईपीएल 2024 में मंगलवार को अपने घरेलू मैदान पर लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ जीत के इरादे से उतरेगी। इससे पहले हुए मुकाबले में सीएसके को हार का सामना करना पड़ा था। ऐसे में उसका लक्ष्य इस मैच में जीत के साथ ही पिछली हार का हिसाब बराबर करना रहेगा। सीएके इस मैच को जीतकर अंकतालिका में भी ऊपर आना चाहेगी। पिछली बार दोनों टीमों का मुकाबला लखनऊ में हुआ था जिसमें सुपर जाइंट्स जीती थी। अभी दोनो ही टीमों के सात मैचों के बाद आठ अंक हैं।

सुपर जाइंट्स के लिए इस मैच में सीएसके को हराना आसान नहीं रहेगा क्योंकि उसके पास एक से बड़कर एक खिलाड़ी हैं और पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी भी जबरदस्त लय में हैं। दोनो ही टीमें इस मैच को जीतकर प्लेआफ के लिए अपनी दावेदार बनाने पर रहेंगी। सीएसके की कमजोरी उसके मध्यक्रम के बल्लेबाजों का लय में नहीं होना है। अभी तक टीम की ओर से कप्तान रूतुराज गायकवाड़ और शिवम दुबे के प्रदर्शन में ही निरंतरता दिखी है। लखनऊ के खिलाफ पिछले मैच में इन दोनो के विफल रहने के बाद मध्यक्रम दबाव में टूट गया था जिससे मैच में उसके हाथ से जीत निकल गयी। उसके सलामी बल्लेबाज रचिन रविंद्र भी अब तक अधिक रन नहीं बना पाये हैं।

सीएसके ने लखनऊ के खिलाफ पिछले मैच में अजिंक्य रहाणे को पारी की शुरुआत करने भेजा था। वहीं रूतुराज तीसरे नंबर पर आये थे। अब इस मैच में देखना होगा कि वह किस नंबर पर उतरते हैं। ऑलाराउंडर रविंद्र जडेजा और धोनी के अच्छे फार्म में होने का भी टीम को लाभ मिलेगा। सीएसके इस मैच में शीर्ष क्रम से बड़े स्कोर की उम्मीद कर रही है।

गेंदबाजी की बात करें तो सीएसके के पास मथीषा पथिराना जैसा गेंदबाज है। पथिराना ने अबतक काफी अच्छा प्रदर्शन किया है जबकि तेज गेंदबाज दीपक चाहर, तुषार देशपांडे और मुस्ताफिजूर रहमान से टीम को बेहतर प्रदर्शन की उम्मीदें रहेंगी। इसके अलावा जडेजा भी एक अच्छे स्पिनर हैं। दूसरी ओर सुपर जाइंट्स की बल्लेबाजी की जिम्मेदार कप्तान केएल राहुल और क्वींटन डिकॉक पर रहेगी। निकोलस पूरन ने भी अब तक अच्छा खेला है। टीम के तेज गेंदबाज मयंक यादव अगर फिट हुए तो इस मैच से वापसी कर सकते हैं। वह चोटिल होने के कारण पिछले कुछ मैचों से बाहर हैं।




वहीं तेज गेंदबाज मोहसिन खान और यश ठाकुर को भी बेहतर प्रदर्शन करना होगा। नये खिलाड़ी मैट हेनरी भी इस मैच में बेहतर कर टीम में जगह बनाना चाहेंगे। स्पिन गेंदबाजी की कमान रवि बिश्नोई और कृणाल पंड्या संभालेंगे। कुल मिलाकर देखा जाये तो ये मुकाबला रोमांचक होना तय है। सीएसके के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी अंतिम ओवरों में बेहद आक्रामक बल्लेबाजी करते हैं और उन्हें रोकना सुपर जाइंट्स के गेंदबाजाजों के लिए बेहद कठिन होगा। दोनो ही टीमों के पास अच्छे बल्लेबाज और गेंदबाज हैं। वहीं अगर सुपर जाइंट्स के मयंक वापसी करते हैं तो उनकी रफ्तार का सामना सीएसके के बल्लेबाज किस प्रकार करेंगे ये देखना होगा।

### टीम

**लखनऊ सुपर जाइंट्स-** केएल राहुल (कप्तान), क्विंटन डिकॉक, निकोलस पूरन, आयुष बदोनी, काइल मेयर्स, मार्कस स्टोइनिस, दीपक हुडा, देवदत्त पडिक्कल, रवि बिश्नोई, नवीन उल हक, क्रुणाल पंड्या, युद्धवीर सिंह, प्रेरक मांकड़, यश ठाकुर, अमित मिश्रा, शमर जोसेफ, मयंक यादव, मोहसिन खान, के गौतम, शिवम मावी, अर्शिन कुलकर्णी, एम सिद्धार्थ, एश्टन टर्नर, मैट हेनरी, मोहम्मद अरशद खान।

**चेन्नई सुपरकिंग्स-** रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), महेंद्र सिंह धोनी, अरावेली अवनीश, डेवोन कॉनवे, अजिंक्य रहाणे, शेख रशीद, मोईन अली, शिवम दुबे, आरएस हंगरगेकर, रविंद्र जडेजा, अजय जादव मंडल, डेरिल मिशेल, रचिन रवींद्र, मिचेल सेंटनर, निशांत सिंधू, दीपक चाहर, तुषार देशपांडे, मुकेश चौधरी, मुस्तफिजुर रहमान, मथीसा पथिराना, सिमरजीत सिंह, प्रशांत सोलंकी, शारदुल ठाकुर, महेश तीक्षणा और समीर रिज्वी।

## 17 साल के भारत के गुकेश बने फीडे कैंडिडेट्स शतरंज विजेता , बनाया विश्व रिकॉर्ड



**टोरंटो,कनाडा (एजेंसी)।** फीडे कैंडिडैट शतरंज के अंतिम राउंड में भारत के 17 वर्षीय ग्रांड मास्टर डी गुकेश नें आखिरकार इतिहास में सबसे कम उम्र में यह खिताब जीतकर नया विश्व रिकॉर्ड बना दिया है । गुकेश अब दुनिया के सबसे कम उम्र के विश्व चैंपियनशिप चैलेंजर बन गए है । गुकेश नें अंतिम राउंड में आधा अंक की बढ़त के साथ शुरुआत की और उनके सामने थे विश्व के नंबर 3 खिलाड़ी यूएसए के हिकारु नाकामुरा , काले मोहरो से खेल रहे गुकेश को कम से कम टाईब्रेक में बने रहने के लिए मैच को ड्रॉ पर रोकने की जरूरत थी , क्यूजीए ओपनिंग में गुकेश नें नाकामुरा को खेल में कभी भी बढ़त नहीं बनाने दी और शानदार एंडगेम दिखाते हुए 71 चालों तक चली बाजी को ड्रॉ करा लिया ।

अब गेंद यूएसए क फबियानों करूआना के पाले में थी जो रूस के यान नेपोमनिशी के खिलाफ बेहतर स्थिति में थे और जीतकर गुकेश को टाईब्रेक में चुनौती दे सकते थे पर वह ऐसा करने में असफल रहे और उनका मैच 109 चालों तक चलने के बाद बेनतीजा रहा और इस तरह गुकेश 9 अंको के साथ कैंडिडैट विजेता बन गए जबकि 8.5 अंको पर टाईब्रेक के आधार पर नाकामुरा दूसरे ,नेपोमनिशी तीसरे और करूआना चौंथे स्थान अपर रहे , अंतिम राउंड जीतकर 7 अंको के साथ भारत के प्रज्ञानन्दा पांचवे , 6 अंको के साथ विदित छठे , 5 अंको के साथ अलीरेजा सातवे और 3.5 अंको के साथ अबासोव आखिरी स्थान पर रहे ।अब गुकेश इस साल के अंत में या अगले वर्ष के शुरुआत में मौजूदा विश्व चैम्पियन चीन के डिंग लीरेन को विश्व खिताब के लिए चुनौती देंगे , और अगर गुकेश विश्व चैम्पियन बने तो वह 22 साल में विश्व चैम्पियन बनने के रूस के गैरी कास्पारोव का रिकॉर्ड तोड़ देंगे ।

# उथप्पा बोले मानसिक रुप से निराश हैं पांड्या



**नई दिल्ली (एजेंसी) ।** पूर्व क्रिकेटर रॉबिन उथप्पा ने कहा है कि ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या मानसिक रुप से परेशान होने के कारण आईपीएल सत्र में अबतक अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाये हैं। पांड्या को इस सत्र में मुम्बई इंडियंस की कप्तानी दी गयी थी पर वह गेंद और बल्ले के अलावा कप्तानी कौशल में भी सफल नहीं हुए हैं। उथप्पा के अनुसार रोहित शर्मा की जगह टीम की कप्तानी संभालने के बाद से ही पांड्या प्रशंसकों की हूटिंग का शिकार हुए हैं जिससे उनका मानसिक स्वास्थ्य खराब हुआ है। उन्हें प्रशंसकों की ओर से लगातार नकारात्मकता मिल रही है। पहले 7 मैचों में मुंबई ने नए कप्तान हार्दिक के नेतृत्व में केवल तीन जीत हासिल की हैं।

हार्दिक का बचाव करते हुए उथप्पा ने कहा कि प्रशंसकों का उनके प्रति व्यवहार सही नहीं है। उथप्पा ने कहा, वह एक ऐसा व्यक्ति है जिसमें भारतीय टीम के लिए सर्वकालिक महान बनने की क्षमता है। जिस टीम ने उसे खोजा था, उसने उसे जाने दिया, वह दूसरी फ्रेंचाइजी में चला गया। उनके साथ 3-4 खिताब जीतने के बाद वह चला गया। उसे थोड़ा बुरा लगा होगा, वह गुजरात टाइटंस में गया, एक खिताब जीता और दूसरे में उपविजेता रहा।

# टी20 वर्ल्ड कप 2024: सौरव गांगुली का विराट-रोहित को लेकर बयान, कही ये बात





**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल का 17वां सीजन जारी है। जबकि इसका आखिरी मुकाबला 26 मई को खेला जाना है। जिसके बाद टी20 वर्ल्ड कप का आगाज होगा। वहीं कुछ दिन में ही टी20 वर्ल्ड कप को लेकर भारत के स्क्वॉड का ऐलान होगा। दिल्ली कैपिटल्स और मुंबई इंडियंस मैच के लिए रोहित दिल्ली में होंगे, तब चीफ सिलेक्टर अजित अगरकर भी यहां होंगे और स्क्वॉड ऐलान से पहले सभी मीटिंग में शामिल होंगे। भारती के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने वर्ल्ड कप को लेकर विराट कोहली और रोहित शर्मा के बारे में बड़ी बात कही।

रोहित शर्मा टी20 वर्ल्ड कप में भारत के कप्तान होंगे, इसकी पुष्टि जय शाह पहले ही कर चुके हैं। विराट कोहली का भी स्क्वॉड में होना कन्फर्म है। आईपीएल खेल रहे विराट कोहली आरसीबी के लिए पारी की शुरुआत कर रहे हैं और अच्छी बल्लेबाजी कर रहे हैं। सौरव गांगुली की माने तो विराट और रोहित शर्मा को आगामी टी20 वर्ल्ड कप में भारत के लिए पारी की शुरुआत करनी चाहिए। पीटीआई से बातचीत में भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने कहा कि, विराट कोहली और रोहित शर्मा को भारत के लिए इस साल होने वाले टी20 वर्ल्ड कप में पारी की शुरुआत करना चाहिए। विराट कोहली 40 बॉल पर 100 रन भी बना सकते हैं। अंतर्राष्ट्रीय टी20 क्रिकेट में विराट कोहली सबसे ज्यादा रन बनाने वाले प्लेयर हैं। दूसरे नंबर पर रोहित शर्मा हैं। विराट कोहली ने 117 मैचों में 4039 रन बनाए हैं। उनका इस फॉर्मेट में सबसे ज्यादा स्कोर नाबाद 122 का है। रोहित शर्मा ने 151 मैचों में 3974 रन बनाए हैं। रोहित का इस फॉर्मेट में नाबाद 121 सर्वाधिक स्कोर है।

### पेरिस ओलंपिक के उद्घाटन समारोह में नावों पर परेड करेंगे प्रतिनिधि

पेरिस ।आमागी पेरिस ओलंपिक के लिए सीन नदी पर भव्य उद्घाटन समारोह होगा ।चार घंटे तक चलने वाले इस समारोह में सूर्यास्त और चंद्रमा की झलक लिखेगी ।इस दौरान कुल 205 देशों और क्षेत्रों के प्रतिनिधि सीन नदी पर नावों पर परेड करेंगे ।यह समारोह धीरे-धीरे पूर्व से पश्चिम की ओर, पुल से पुल तक, पोंट डी ऑस्टरलिट्ज़ से पोंट डी आइना तक छह किलोमीटर की दूरी तय करेगा ।

## विराट पर 50 फीसदी जुर्माना लगा

कोलकाता ।रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली को अंपायर से बहस करना भारी पड़ा है ।विराट के ऊपर अचार संहिता उल्लंघन को लेकर 50 फीसदी जुर्माना लगाया गया है ।इसका कारण है कि विराट ने कोलकाता नाइट राइडर्स के साथ हुए मैच में अंपायर के फैसले पर सवाल उठाये थे ।विराट को इस मैच में तीसरे ओवर में ही हर्षित राणा की एक फुल टॉस गेंद पर आउट करार दिया गया जबकि विराट का मानना था कि कमर से अधिक ऊंची होने के कारण वह नो बॉल थी। इससे वह अंपायर पर भड़क गये। इस दौरान डीआरएस भी लिया गया। थर्ड अंपायर माइकल गॉफ ने रिप्ले देखने के बाद फैसला दिया कि वह आउट हैं ।इसका कारण था कि कि विराट पहले ही क्रीज से बाहर खड़े थे तो ऐसे में गेंद उनके कमर के नीचे हिस्से पर लगती ।बॉल-ट्रैकिंग में भी गेंद नीचे जाती दिख रही थी ।जैसे ही तीसरे अंपायर का फैसला आया, कोहली निराश हो गए ।वह पवेलियन की ओर लौटते हुए गुस्से में दिख रहे थे ।इसी बीच वह मैदानी अंपायर के पास गए और फैसले पर नाराजगी जतायी ।कोहली के इस व्यवहार को बीसीसीआई ने आचार संहिता उल्लंधन माना है ।इसी कारण उनपर जुर्माना लगा गया ।



## नरेन को आईपीएल का सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज मानते हैं गंभीर



कोलकाता ।कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कोच गौतम गंभीर ने सुनील नरेन की जमकर प्रशंसा की है ।गंभीर ने कहा कि नरेन को वह आईपीएल का सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज मानते हैं। गंभीर के अनुसार साल 2011 में नरेन को भारत के खिलाफ एकदिवसीय मुकाबले में खेलने देखकर उन्हें पता चल गया था कि ये खिलाड़ी टी20 क्रिकेट में महान बनेगा। गंभीर ने कहा कि साल 2011 में नारायण को पदार्पण श्रृंखला में खेलते हुए देखने के बाद ही उन्होंने इस खिलाड़ी को आईपीएल के लिए शामिल करने का फैसला किया था. गंभीर ने कहा, 'मैंने तब नरेन की सात या आठ गेंदों का ही सामना किया था और तभी मुझे लगा कि यह का महान क्रिकेटर बनेगा ।नरेन ने अपने आईपीएल करियर में 170 विकेट लिए हैं और लीग में 168 मैच में एक शतक सहित 1322 रन भी बनाए हैं. नरेन ने दिसंबर 2011 में अहमदाबाद में तीसरे एकदिवसीय में भारत के खिलाफ वनडे पदार्पण किया था जिसमें उन्होंने विराट कोहली और आर अश्विन को आउट कर 34 रन देकर दो विकेट लिए थे ।गंभीर ने चौथे एकदिवसीय में पहली बार नरेन की गेंदों का सामना किया था ।नरेन हालांकि छह ओवर में 46 रन देकर कोई विकेट नहीं ले पाये थे । वहीं साल 2012 में नरेन केकेआर के रहस्यमयी गेंदबाज के तौर पर सामने आए और 24 विकेट लेकर मोर्नी मोर्कल के 25 विकेट के बाद दूसरे सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज बने थे ।इससे केकेआर की टीम 2012 में अपना पहला आईपीएल खिताब जीतने में सफल रही । केकेआर ने दूसरी बार जब 2014 में खिताब जीता तब भी नरेन ने 21 विकेट लिए थे ।इसके साथ ही वह बल्लेबाजी से भी टीम का सहयोग करते रहे हैं ।

# चैपमैन के तेज अर्धशतक से न्यूजीलैंड ने तीसरे टी20 में पाक को हराया



**रावलपिंडी (एजेंसी) ।** मार्क चैपमैन के तेज अर्धशतक से न्यूजीलैंड ने यहां खेले गये तीसरे टी20 मैच में पाकिस्तान को 7 विकेट से हरा दिया। इस मैच में पहले खेलते हुए पाकिस्तान ने सैम आयुब के 32, कप्तान बाबर आजम के 37, रिजवान के 22, इरफान खान के 30 और शादाब खान के 41 रनों से कुल 178 रन बनाए थे। इसके बाद कीवी टीम ने ये लक्ष्य तीन विकेट खोकर ही हासिल कर लिया। उसे टिम रोबिन्सन और टिम सेफर्ट ने अच्छी शुरूआत दी। इसके बाद मार्क चैपमैन ने 42 गेंदों पर ही 87 रन बनाकर 19वें ओवर में ही टीम को जीत दिला दी। इसी के साथ पांच मैचों की सीरीज में दोनों ही टीमें 1-1 से बराबरी पर आ गई है। सीरीज का पहला मैच बारिश के कारण नहीं हो पाया थ जबकि दूसरा पाक ने जीता था।

जीत के बाद न्यूजीलैंड के चैपमैन ने खुशी जताते हुए कहा कि सीरीज बराबर आने से उन्हें खुशी हुई है। पाकिस्तान के पास अच्छा गेंदबाजी आक्रमण है इससे लक्ष्य का पीछा करना आसान नहीं था। हमारे लिए 100 से अधिक रनों की साझेदारी करना लाभप्रद रहा। हम जानते हैं कि पाकिस्तान की डेथ ओवरों में गेंदबाज शानदार है इसके बाद भी हमारे बल्लेबाज सफल हुए।

दूसरे ओर हार से निराश पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने कहा कि बदकिस्मती से हम 10 रन कम रह गए। मुझे लगता है कि शादाब ने अच्छी रिकवरी की और अच्छी साझेदारी बनाई। मुझे लगता है कि 180-190 स्कोर होना चाहिये था। हमने हालातों के अनुसार खेलने का प्रयास किया था। शादाब ने योजना के अनुसार अपना स्वाभाविक खेल खेला। साथ ही कहा कि हमारा क्षेत्ररक्षण खराब रहा जिससे भी हमारे हाथ से मुकाबला निकल गया।

### भारत के साथ द्विपक्षीय श्रृंखला पर पीसीबी प्रमुख ने कहा, अभी हमारा लक्ष्य चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी




कराची ।पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने कहा है कि अगर भारत अगले साल आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए अपनी टीम पाकिस्तान भेजेगा तो पीसीबी उसके साथ द्विपक्षीय श्रृंखला खेलने के तैयार है ।लाहौर में एक कार्यक्रम में पत्रकारों से बात करते हुए नकवी से भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के हालिया साक्षात्कार के बारे में पूछा गया जिसमें उन्होंने पाकिस्तान क्रिकेट टीम की प्रशंसा की और कहा कि दोनों पड़ोसी देशों का विदेश में टेस्ट श्रृंखला खेलना 'शानदार' होगा ।नकवी ने कहा, ''देखिए, अगर इस संबंध में कोई विकल्प आता है तो हम उस पर विचार करेंगे लेकिन अभी हमारा लक्ष्य चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी करना है और पहले भारत को टूर्नामेंट के लिए आने देना है।'' उन्होंने कहा, ''फिलहाल चैंपियन्स ट्रॉफी तक कोई समय उपलब्ध नहीं है क्योंकि हमारी टीम का यात्रा कार्यक्रम तय हो चुका है ।एक बार वे पहले यहां आ जाएं तो जब भी कोई प्रस्ताव हमारे सामने आएगा, हम उस पर विचार कर सकते हैं ।'' दोनों टीमों ने पिछली बार 2012-13 में सीमित ओवरों की द्विपक्षीय श्रृंखला खेली थी जब पाकिस्तान ने भारत का दौरा किया था लेकिन भारत ने 2007 के बाद से पाकिस्तान के खिलाफ कोई भी टेस्ट खेलने से इनकार कर दिया है जब दोनों टीम भारतीय सरजमीं पर आपस में भिड़ी थीं ।पिछले साल भारत ने पाकिस्तान में एशिया कप मैचों के लिए अपनी टीम भेजने से इनकार कर दिया था और अंतत : एशियाई क्रिकेट परिषद (एससी) को इस प्रतियोगिता के लिए एक हाइब्रिड मॉडल अपनाना पड़ा था जिसके तहत अधिकांश मैचों का आयोजन श्रीलंका में होना था ।नकवी ने फरवरी में दुबई में आईसीसी बैठक के दौरान भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह से मुलाकात की थी ।

## बर्लिन में आखिरी बार लीवर कप में खेलेंगे रफेल नडाल

महान टेनिस खिलाड़ी रफेल नडाल ने सोमवार को कहा कि वह सितंबर में बर्लिन में लीवर कप में खेलेंगे जो 22 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन के आखिरी टूर्नामेंटों में से एक हो सकता है ।नडाल ने संकेत दिया है कि 2024 एटीपी टूर पर उनका आखिरी साल हो सकता है ।उन्होंने पिछले हफ्ते बार्सीलोना ओपन में एलेक्स डि मिनोर के खिलाफ दूसरे दौर में हार के बाद कहा था कि यह शायद यहां उनका आखिरी मैच था ।नडाल ने बार्सीलोना में 12 बार खिताब जता। नडाल ने बयान में कहा, ''अपने करियर के इस चरण में मैं वास्तव में वहां जाना चाहता हूं और मुझे दिए गए हर अवसर का अधिकतम लाभ उठाना चाहता हूं ।'' स्पेन का यह 37 वर्षीय सुपरस्टार लंबे समय से चोटों से जूझ रहा है और उन्होंने इस साल सिर्फ पांच प्रतिस्पर्धी मैच खेले हैं, तीन जनवरी में ब्रिसबेन में और दो पिछले हफ्ते बार्सीलोना में । इस साल 20-22 सितंबर तक आयोजित होने वाला लीवर कप एक इनडोर हार्डकोर्ट पुरुष प्रतियोगिता है जो गोल्फ के राइडर कप के समान प्रारूप में विश्व टीम और यरोप टीम के बीच खेली जाती है ।रोजर फेडरर के संन्यास से पहले नडाल और स्विट्जरलैंड के इस महान खिलाड़ी ने अपने आखिरी मैच के लिए लंदन में 2022 में लीवर लेवर कप में युगल जोड़ी बनाई थी ।नडाल ने कहा, ''मैं टीम यूरोप के लिए बर्लिन में लीवर कप खेलने को लेकर बहुत खुश हूं ।'' उन्होंने कहा, ''मेरे पास लीवर कप के अनुभवों की कुछ विशेष यादें हैं जिनमें दो साल पहले आखिरी बार रोजर के साथ लंदन में खेलना भी शामिल है ।



## एमएलएस लीग में मियामी ने नाशविले को हराया, मेसी ने किये दो गोल

न्यूजर्सी ।स्टार खिलाड़ी लियोनल मेसी के दो गोलों और सर्गियो बुस्कुवेट्स के एक गोल की सहायता से इंटर मियामी ने अमेरिका में जारी मेजर लीग फुटबाल (एमएलएस) में नाशविले एससी को 3-1 से हरा दिया। इससे पहले मेसी ने ओरलेंडो के खिलाफ मैच के दौरान भी दो गोल किये थे ।अब मेसी के इस लीग में कुल मिलाकर सात गोल हो गये हैं ।इस मैच में मियामी के डिफेंडर फ्रैंको नेरी के दूसरे मिनट में ही गलती से एक गेंद अपने ही गोल पोस्ट में मार दी ।इस आत्मघाती गोल से नाशविले की टीम को शुरुआत में ही बढ़त मिल गयी पर मेसी ने लुईस सुआरेज के पास पर एक गोली कर अपनी टीम को बराबरी पर ला दिया ।इसके बाद 39वें मिनट में बुस्कुवेट्स ने एक गोल दागते हुए अपनी टीम को 2-1 से बढ़त दिला दी ।मेसी ने इसके बाद 81वें मिनट में पेनल्टी किक को गोल में बदलकर अपनी टीम को 3-0 से आगे कर दिया ।

# अभिषेक ने अपनी आंक्रामक बल्लेबाजी का राज बताया

**मुम्बई (एजेंसी) ।** नई दिल्ली (ईएमएस)। सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से युवा सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने इस सत्र में जबरदस्त प्रदर्शन किया है। अभिषेक ने पारी की शुरुआत करते हुए कई आक्रामक पारियां खेली हैं। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ इस बल्लेबाज ने 12 गेंद में ही 46 रन बना दिये थे।अब अभिषेक ने अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के पीछे छिपा राज बताया है। अभिषेक ने कहा कि आईपीएल में प्रतिद्वंद्वी टीम के मुख्य गेंदबाजों को ध्यान में रखकर तैयारी करने से उन्हें लाभ हुआ है। अभिषेक ने ट्रेविस हेड के साथ केवल 38 गेंद में 131 रन की साझेदारी की थी। उन्होंने पावरप्ले में 125 रन बनाने का रिकॉर्ड भी इसी सत्र में अपने नाम किया है। उन्होंने इस सत्र में कुलदीप यादव को भी नहीं छोड़ा। उन्होंने चार छक्के कुलदीप की गेंद पर लगाये हैं। इसी को लेकर अभिषेक ने कहा कि कुलदीप की गेंदबाजी का वीडियो देखने का उन्हें लाभ हुआ। अभिषेक ने कहा, '' मैं स्पिनरों और विरोधी टीम के मुख्य गेंदबाजों के अनुसार तैयारी करता हूं। इस साल भी मैंने कुलदीप के खिलाफ खेलने की तैयारी की थी क्योंकि वे उनके मुख्य गेंदबाज है। मैं उनका वीडियो देखता हूं। मैं अभ्यास सत्र में विरोधी टीम के गेंदबाजों की तरह गेंद डालने वाले किसी गेंदबाज के खिलाफ अभ्यास भी करता हूं। इससे भी मुझे लाभ मिलता है।''

अपनी पारी में छह छक्के लगाने वाले इस बल्लेबाज ने कहा कि उनकी मौजूदा लय कड़ी मेहनत से आई है। उन्होंने कहा, ''आईपीएल से पहले मैंने कड़ी मेहनत की थी। सैयद मुश्ताक ट्रॉफी (घरेलू टी20 टूर्नामेंट) में भी मैंने काफी मेहनत की थी इससे मुझे काफी लाभ हो रहा है।'' अभिषेक ने कहा कि वह काफी समय से हेड के प्रशंसक रहे है और उनके साथ बल्लेबाजी करने का अनुभव शानदार रहता है। साथ ही कहा कि वह ऐसे खिलाड़ी है जिसका मैं अनुसरण करना चाहता हूं। मैं तीनों प्रारूप में हेड की बल्लेबाजी का प्रशंस हूं। उनके हमारी टीम में होने से भी मुझे लाभ मिला है। साथ ही कहा कि जब भी मुझे गेंदबाजी का मौका मिलेगा मुझे उसके लिए तैयार रहना चाहिये।''



## आईपीएल 2024 : केकेआर दूसरे और गुजरात छठे स्थान पर पहुंची

मुम्बई ।कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ आईपीएल सत्र में जीत के साथ ही अंक तालिका में अब दूसरे स्थान पर पहुंच गयी है। वहीं पंजाब किंग्स के खिलाफ जीत के साथ ही गुजरात टाइटंस भी 8वें से छठे स्थान पर पहुंच गयी है ।नंबर एक स्थान पर अभी भी 12 अंकों के साथ ही राजस्थान रॉयल्स बकररार है ।केकेआर 7 मैचों में 5 जीत के बाद 10 अंकों लेकर दूसरे स्थान पर आ गयी है। वहीं सनराइजर्स हैदराबाद 10 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर पहुंच गई है। इसके अलावा चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और लखनऊ सुपर जाइंट्स 8-8 अंकों के साथ चौथे और पांचवें स्थान पर फिसल गयी है। गुजरात टाइटंस छह अंकों के साथ ही छठे नंबर पर जबकि मुंबई 6 अंकों के साथ 7वें तथा दिल्ली इतने ही अंकों के साथ 8वें स्थान पर आ गई है। पंजाब किंग्स 4 अंकों के साथ 9वें स्थान पर और आरसीबी 2 अंक लेकर अंतिम स्थान पर खिसक गयी है।

## भारत में दिनों दिन बढ़ रहा है पानी का संकट

### – 2050 तक स्थिति होगी विकराल

नई दिल्ली। भारत की आबादी दुनिया के देशों में सबसे ज्यादा है। भारत का जल संकट भी बहुत भयावह होने जा रहा है। डीसीएम श्री राम और सत्य नॉलेज की एक रिसर्च रिपोर्ट में दावा किया गया है। 2050 तक भारत में प्रति व्यक्ति जल की मांग में 30 फ़ीसदी की वृद्धि होगी। बढ़ती आबादी और जल संसाधनों की कमी के कारण पेयजल के भयंकर संकट का सामना भारत को करना पड़ेगा। 2050 तक भारत में दुनिया की 17 फ़ीसदी आबादी होगी। रिसर्च में प्रति व्यक्ति जल की उपलब्धता को मापने वाले इंडेक्स के अनुसार प्रति व्यक्ति 1700 क्यूबिक मीटर से कम पानी वाले इलाके जल संकट से बुरी तरह प्रभावित होंगे। भारत की 76 फ़ीसदी आबादी के पास अभी भी पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं है। ऐसी स्थिति में 2025 से लेकर 2050 तक भारत का जल संकट बढ़ता जायेगा। भारत के 50 फ़ीसदी जिलों में पानी का भयावह संकट होने की चेतावनी रिसर्च रिपोर्ट में दी गई है।

## तिरुपति मंदिर की संपत्ति दुनिया के धार्मिक स्थलों में सबसे ज्यादा

### – 13287 करोड़ की एफडी, 11 टन सोना

हैदराबाद । दुनिया के सबसे अमीर मंदिर तिरुमला तिरुपति देवस्थानम ने इस साल 1161 करोड रुपए की एफडी कराई है। ट्रस्ट की बैंकों में कुल एफडी 13287 करोड रुपए की हो गई है। इसके अलावा मंदिर के अन्य ट्रस्ट के माध्यम से 5529 करोड रुपए एफडी में जमा किए हुए हैं। सभी बैंकों और सभी ट्रस्टों की नगदी 18817 करोड रुपए हो गई है। दुनिया भर के सभी धार्मिक स्थलों में सबसे ज्यादा धनी ट्रस्ट तिरुमला तिरुपति देवस्थानम है। हर साल जमा रकम के ब्याज से 1600 करोड रुपए की आय इस ट्रस्ट को होती है। हाल ही में ट्रस्ट ने बैंक में 1031 किलो सोना जमा किया है। ट्रस्ट के पास 11329 किलोग्राम सोना हो गया है। हर साल तिरुपति ट्रस्ट की एफडी और सोने के भंडार में वृद्धि हो रही है। कोरोना के समय में दान में कम नगदी प्राप्त हुई थी। 2013 से लेकर 2024 तक ट्रस्ट में दान की राशि में वृद्धि होती रही है। 2012 में ट्रस्ट की एफडी 4820 करोड रुपए की थी। जो 2024 में बढ़कर 13287 करोड रुपए की हो गई है।

## गाजीपुर लैंडफिल साइट पर आग, पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया

नई दिल्ली। गाजीपुर लैंडफिल साइट (कचरा एकत्र करने की जगह) पर आग लगने के कुछ घंटों बाद पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस के अनुसार, भारतीय दंड संहिता की धारा 336 (दूसरों के जीवन या व्यक्तिगत सुरक्षा को खतरे में डालना) और 278 (माहौल को स्वास्थ्य के लिए हानिकारक बनाना) के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। दिल्ली दमकल सेवा के अनुसार, कचरे के विशाल पहाड़ से उत्पन्न गैसों के कारण 'लैंडफिल' में भीषण आग लग गई। लैंडफिल के निकट रहने वाले शख्स ने कहा, आग लगने के बाद से 15 घंटे बीत चुके हैं। यह धुआं आम नहीं बल्कि बेहद जहरीला धुआं है। जलन की वजह से हम अपनी आंखें नहीं खोल पा रहे हैं और सांस लेने में भी दिक्कत हो रही है। वहीं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) और केंद्र शासित प्रदेश सरकार पर जनता को बेहतर जीवन दे पाने में विफल रहने का आरोप लगाया। दिल्ली की महापौर शैली ओबेरॉय ने कहा, जैसे ही मुझे पता चला, मैंने अधिकारियों को कार्रवाई करने और लैंडफिल साइट का निरीक्षण करने का निर्देश दिया। वे पूरी रात यहां थे। अब स्थिति बेहतर है। हालात बेहतर हैं। अगले पांच घंटों में धुएं पर काबू पा लिया जाएगा। भाजपा सिर्फ आरोप लगा रही है। यह राजीनित करने का वक्त नहीं है।

## पंजाब में भाजपा प्रत्याशियों को किसानों के विरोध का सामना करना पड़ रहा

चंडीगढ़ । बटाला में किसानों ने गुरदासपुर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी दिनेश बब्बू और बरनाला में पार्टी नेता अरविंद खन्ना के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। पंजाब की विभिन्न संसदीय सीट से भाजपा के उम्मीदवारों और नेताओं को किसानों के विरोध का सामना करना पड़ रहा है। फरीदकोट सीट से भाजपा उम्मीदवार हंस राज हंस, अमृतसर से तरनजीत सिंह संधू और पटियाला से परनीत कौर को भी किसानों के गुस्से का सामना करना पड़ा। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को उस स्थान की ओर जाने से रोकने की भी कोशिश की, जहां बब्बू और भाजपा समर्थक चुनाव प्रचार संबंधी कार्यक्रम कर रहे थे। फतेहगढ़ चूड़ियां में एक प्रदर्शनकारी ने कहा कि वे भाजपा नेताओं का विरोध करना जारी रखने वाले हैं। विरोध प्रदर्शन पर प्रतिक्रिया देकर भाजपा उम्मीदवार बब्बू ने कहा कि केवल उनकी पार्टी किसानों के मुद्दों को हल कर सकती है, जबकि अन्य राजनीतिक दल अपने निहित स्वार्थों के लिए उनका ''इस्तेमाल करने वाले हैं। बब्बू ने कहा, ''हम किसानों के साथ हैं और मैं भी एक किसान हूं। उनके मुद्दों को बातचीत के जरिए हल किया जा सकता है।'' एक अन्य घटना में, भाजपा नेता खन्ना को बरनाला में किसानों के विरोध का सामना करना पड़ा, जहां वह प्रचार करने गए थे।

## सलमान के घर फायरिंग.....आरोपियों ने बंदूक सूरत की तापी नदी में फेंकी , मुंबई क्राइम ब्रांच की टीम सूरत पहुंची

मुंबई (ईएमएस)। बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान के घर पर 14 अप्रैल की सुबह फायरिंग से हड़कंप मचा था। घटना में शामिल दोनों हमलावरों को पुलिस ने पकड़ लिया है। मामले की जांच तेजी से जारी है। इस बीच फायरिंग केस में नया अपडेट सामने आया है। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि उन्होंने वारदात को अंजाम देने के बाद बंदूक सूरत की नदी में फेंकी थी। उस बंदूक की तलाश के लिए क्राइम ब्रांच की टीम सूरत पहुंची है। आरोपियों ने पुलिस से तापी नदी में बंदूक फेंकने की बात कही है। इस केस में मुंबई पुलिस क्राइम ब्रांच ने गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई और उसके भाई अनमोल को मुख्य आरोपी बनाया है। अनमोल को वांटेड सूची में शामिल किया है। जांच पड़ताल के दौरान बिश्नोई भाइयों के खिलाफ कुछ सबूत मिले हैं। सूत्र बताते हैं क्राइम ब्रांच अनमोल बिश्नोई (जो कि अमेरिका में रहता है) के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी कर सकती है। दूसरी ओर जेल में बंद लॉरेंस बिश्नोई की कस्टडी के लिए कोर्ट में आवेदन देगी। गिरफ्तार हुए आरोपी विक्की गुप्ता (24 साल) और सागर पाल (21 साल) ने सलमान के घर पर फायरिंग करने से पहले बिहार के चंपारण में हथियार चलाने की प्रैक्टिस की थी। दोनों को 13 अप्रैल की रात बंदूकें सप्लाई की गई थीं। अनमोल दोनों आरोपियों के साथ इंटरनेट कॉलिंग के जरिए संपर्क में था। उन्हें सलमान के घर फायरिंग के लिए पहले ही 1 लाख रुपये दिए जा चुके थे। सलमान ने फायरिंग की घटना के बाद बड़ा फैसला लिया। वे काम पर लौट आए हैं। उन्होंने अपने प्रोजेक्ट्स की किसी भी डेट को आगे खिसकाने से मना किया है।

## रैली में भिड़े राजद और कांग्रेस के कार्यकर्ता... भाजपा नेता ने दिया नया नाम झगड़ालू गठबंधन

पटना। बिहार बीजेपी नेता और पटना साहिब से चुनाव लड़ रहे रविशंकर प्रसाद ने कहा कि रांची में इंडिया ब्लॉक की रैली में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और कांग्रेस के कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए। भाजपा नेता ने दावा किया कि दोनों दलों के लोगों ने एक-दूसरे पर कुर्सियां फेंकी। इस घटना के बाद उन्होंने गठबंधन का नया नामकरण किया। रविशंकर प्रसाद ने इंडिया ब्लॉक को झगड़ालू गठबंधन बताया। प्रसाद ने कहा कि गठबंधन व्यक्तिगत लाभ के लिए बनाया गया है और इसके घटकों के बीच कोई एकता नहीं है। उन्होंने कहा कि रांची की रैली में राजद और कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे पर कुर्सियों से हमला किया... हम पहले से ही कह रहे थे कि यह व्यक्तिगत लाभ का गठबंधन है। झड़प हो रही हैं, और लोग घायल हो रहे हैं। उन्होंने नसीहत के अंदाज में कहा कि भ्रष्टाचार के कारण लोगों को जेल भेजा जा रहा है... देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक स्थिर सरकार चाहता है। इस बीच, बीजेपी नेता शहजाद पूनावाला ने कहा कि रैली भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिए बुलाई गई थी। पूनावाला ने कहा कि भारतीय गठबंधन संविधान बचाने के लिए रांची में एकत्र हुआ था, लेकिन यह भ्रष्टाचार बचाने के लिए रैली थी। भारतीय गठबंधन के पास कोई विजन नहीं है।

# केंद्रीय गृहमंत्री शाह की नक्सलियों को नसीहत

### –समर्पण करें अन्यथा दो साल में नक्सलवाद को उखाड़ फेंकेंगे



**जगदलुपर (एजेंसी)।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सोमवार को यहां कहा कि जब तक नक्सलवाद है, तब तक आमजन तक सुख-सुविधाएं नहीं पहुँच सकतीं हैं। उन्होंने आगे नक्सलवादियों को चेतावनी देते हुए कहा, कि नक्सलवादी यदि आत्मसमर्पण करने के लिए ना समझे तो वे जान लें कि दो साल में नक्सलवाद को उखाड़ फेंक दिया जाएगा।

केंद्रीय गृहमंत्री शाह कांकेर लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी भोजराज नाग के समर्थन में चुनाव प्रचार करने पहुंचे थे, जहां उन्होंने एक सभा को संबोधित करते हुए यह बात कही। इसी बीच उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है, ताकि भारत दुनिया में तीसरी अर्थव्यवस्था बनकर उभरे। उन्होंने कहा कि पिछले 10 सालों में देश में बड़ा बदलाव हुआ है। इसी दोरान उन्होंने प्रमुख विपक्षी कांग्रेस को निशाने पर लेते हुए कहा कि कांग्रेस को राम मंदिर के उद्घाटन के अवसर पर निमंत्रण पत्र भेजा गया, लेकिन वे राम के दरबार तक में नहीं आए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे कहते हैं कि कश्मीर का बाकी राज्यों से क्या लेना-देना, शायद उन्हें मालूम नहीं कि छत्तीसगढ़ का बच्चा-बच्चा कश्मीर के लिए अपनी जान कुर्बान कर सकता है। सभा को संबोधित कर रहे गृह मंत्री ने दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी ने जिस तरह से आतंकवाद समाप्त कर दिया है, वैसे ही नक्सलवाद को समाप्त कर दिया जाएगा। आंकड़ों के मुताबिक पिछले चार माह में 90 से ज्यादा नक्सली मारे जा चुके हैं और 250 ने आत्मसमर्पण किया है। उन्होंने कहा कि 02 साल के अंदर में ही छत्तीसगढ़ से नक्सलियों को उखाड़ फेंकेंगे। उन्होंने नक्सलियों को आत्मसमर्पण करने की भी सलाह दी और साथ ही चेतावनी देते हुए कहा, कि अन्यथा वे लड़ाई के लिए तैयार रहें। उन्होंने कहा विश्वास दिलाया कि जल, जंगल जमीन के साथ आदिवासियों की सुरक्षा और सम्मान की गारंटी भी प्रधानमंत्री मोदी देते हैं। संसाधन पर पहला हक आदिवासियों और गरीबों का है, लेकिन कांग्रेस की सोच इससे अलग है।

## ममता सरकार को झटका, हाईकोर्ट ने रद्द की 24 हजार शिक्षकों की भर्ती

कोलकाता। ममता बनर्जी सरकार को कलकत्ता हाईकोर्ट ने शिक्षक भर्ती घोटाला मामले में झटका दिया है। हाईकोर्ट ने पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग द्वारा की शिक्षक भर्ती को रद्द कर 2016 का पूरा जॉब पैनल रद्द कर दिया है और लगभग 24 हजार नौकरियां रद्द कर दीं। इस भर्ती में 5 से 15 लाख रुपये की रिश्वत लेने तक की आरोप हैं। बता दें कि भर्ती घोटाले में पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी और कई टीएमसी पदाधिकारियों के साथ ही राज्य शिक्षा विभाग के कई अधिकारी जेल की हवार खा चुके हैं। कोलकाता हाईकोर्ट के आदेश के बाद ईडी और सीबीआई दोनों इस कथित अनियमितताओं की जांच कर रही हैं। यह घोटाला 2014 का है। तब पश्चिम बंगाल स्कूल सर्विस कमिशन (एसएससी) ने सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की भर्ती निकाली थी। यह भर्ती प्रक्रिया 2016 में शुरू हुई थी। उस समय पार्थ चटर्जी शिक्षा मंत्री थे। इस मामले में कई शिकायतें कोलकाता हाईकोर्ट में दाखिल की गई थीं। याचिकाकर्ताओं का आरोप था कि जिन उम्मीदवारों के नंबर कम थे उन उम्मीदवारों को मेरिट लिस्ट में सबसे ऊपर स्थान दिया गया था। इनमें कुछ शिकायतें ऐसी भी थीं, जिनमें कहा गया था कि कुछ लोगों का मेरिट लिस्ट में नाम नहीं होने के बाद भी नौकरी दे दी गई। याचिकाकर्ताओं ने दावा किया कि कुछ ऐसे भी उम्मीदवारों को नौकरी दी गई, जिन्होंने टीईटी परीक्षा भी पास नहीं की थी। जबकि शिक्षक भर्ती के लिए टीईटी की परीक्षा पास करना अनिवार्य है। इसी तरह से राज्य में 2016 में एसएससी द्वारा ग्रुप-डी की 13000 भर्ती के मामले में शिकायतें मिली थीं। हाईकोर्ट ने इन सभी याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए सीबीआई जांच के आदेश दिए थे। इसके बाद ईडी ने शिक्षक भर्ती और कर्मचारियों की भर्ती के मालमे में मनी ट्रेल की जांच शुरू की थी। सीबीआई ने इस मामले में पिछले साल 18 मई को पार्थ चटर्जी से पूछताछ भी की थी।

# पहले चरण के मतदान के बाद साफ हुआ ... इंडिया' गठबंधन के पक्ष में लहर चल रही



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के बाद दावा किया कि देश भर में 'इंडिया' गठबंधन के पक्ष में लहर चल रही है और अब भाजपा दक्षिण भारत में साफ और उत्तर भारत में 'हाफ (आधी) है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने दावा भी किया कि पहले चरण के मतदान के बाद से भाजपा के नेता घबरा गए हैं और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का ट्वीट इसका संकेत है। लोकसभा चुनाव के पहले चरण में 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 102 सीट पर शुक्रवार को लगभग 63 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया।

पहले चरण का मतदान समाप्त होने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उन्हें जबरदस्त प्रतिक्रिया मिल रही है और यह स्पष्ट है कि पूरे भारत में लोग रिकॉर्ड संख्या में भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को वोट दे रहे हैं। रमेश ने पोस्ट किया, भाजपा का ग्राफ-दक्षिण में साफ, उत्तर में हाफ। उन्होंने दावा किया, ''पहले चरण में 21 राज्यों की 102 सीटों पर वोटिंग हुई। जमीन की रिपोर्ट से साफ हो रहा है कि इंडिया गठबंधन भाजपा से कहीं आगे है। इंडिया गठबंधन ने तमिलनाडु और महाराष्ट्र में क्लीन स्वीप किया है। बिहार, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में हमारा प्रदर्शन शानदार रहा है।''

उनके मुताबिक, भाजपा के प्रत्याशियों ने खुले तौर पर स्वीकार किया है कि इस बार उन्हें कड़ी मेहनत करनी होगी, क्योंकि मोदी की कोई हवा नहीं है?। कांग्रेस नेता ने दावा किया, ''चुनाव अभियान के दौरान प्रधानमंत्री अपने भाषणों और साक्षात्कारों में बिल्कुल निष्प्रभावी नज़र आ रहे हैं। इंडिया गठबंधन पर उनके हमले थके हुए से लग रहे हैं और बेतुकेपन से भरे हैं। वह कुछ भी बोल रहे हैं।

कांग्रेस नेता रमेश ने कहा, गारंटी को लागू करने के मामले में हमारी राज्य सरकारों के शानदार ट्रैक रिकॉर्ड हैं। इससे कांग्रेस की गारंटी देशभर में लोकप्रिय हो रही है और चर्चा का विषय बनी हुई हैं। देशभर में अंडर करंट मजबूत हो रहा है। अब एक लहर चल रही है।

## आप नेता का आरोप......ये मोदी वाशिंग पाउडर चुटकियों सारे भष्ट्राचार के दाग धो देता

नई दिल्ली । आप नेता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने रांची में विपक्षी इंडिया ब्लॉक की रैली को संबोधित कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सत्तारूढ़ भाजपा पर तीखा हमला किया। रैली को संबोधित कर आप नेता सिंह ने कहा, नरेंद्र मोदी भ्रष्टाचार के खिलाफ बोलते हैं। उन्होंने गलत आरोप लगाकर हेमंत सोरेन और अरविंद केजरीवाल को जेल में डाल दिया। जब वह भ्रष्टाचार के खिलाफ बोलते हैं, तब ऐसा लगता है जैसे ओसामा बिन लादेन और गब्बर सिंह अहिंसा का उपदेश दे रहे हो। रैली आप सांसद ने आरोप लगाया कि भाजपा में शामिल होने के बाद विपक्षी नेताओं के खिलाफ मामलों को खारिज कर दिया गया। आप नेता सिंह ने कहा, 2014 के बाद एक मोदी वाशिंग पाउडर आया है, जो आपके सारे भ्रष्टाचार साफ कर देता है। यह मोदी वाशिंग पाउडर चुटकियों में सारे दाग मिटा देता है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के आरोपी कई नेता भाजपा में शामिल हो गए या एनडीए का हिस्सा बन गए।

## असदुद्दीन ओवैसी ने की मुस्लिम महिलाओं को आरक्षण देने की मांग

### – एआईएमआईएम प्रमुख ने बिहार के किशनगंज में रैली को किया संबोधित

**किशनगंज (एजेंसी)।** ऑल इंडिया मज्लिस-ए-इत्तेहाद-उल-मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने संसद में अल्पसंख्यक समुदाय की महिलाओं के कम प्रतिनिधित्व को दर्शाते हुए मुस्लिम महिलाओं को आरक्षण देने की मांग की। सांसद ओवैसी ने बिहार की मुस्लिम बहुल सीट किशनगंज में एक रैली को संबोधित करते हुए यह बात कही। आवैसे ने बिहार विधायक अख्तरुल ईमान को इस सीट से उम्मीदवार बनाया है।

दिवंगत नेता हुमेरा अजीज का जिक्र करते हुए ओवैसी ने कहा कि भाजपा और आरएसएस ने एआईएमआईएम पर राजनीति में महिलाओं की भागीदारी के खिलाफ होने का झूठा आरोप लगाया है। 2004 की शुरुआत में, हमने सिकंदराबाद में एक महिला उम्मीदवार को अपना उम्मीदवार बनाया था। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद से देश में 17 लोकसभा चुनाव हुए हैं लेकिन सांसद बनने वाली मुस्लिम महिलाओं की संख्या सिर्फ 20 ही है, तो फिर मुस्लिम महिलाओं के लिए आरक्षण क्यों नहीं।

ओवैसी ने केंद्र की मोदी सरकार द्वारा लाए नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर लोकसभा में एक संशोधन पेश किए जाने को लेकर कहा कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मुझसे कहा कि आप एक संशोधन लाना चाहते हैं, लेकिन आपका समर्थन करने वाला ही कोई नहीं है। मैंने जवाब दिया कि अल्लाह मेरे साथ है। ओवैसी ने कहा कि मेरा तर्क है कि मुस्लिम और पिछड़ा वर्ग मिलकर कुल आबादी का लगभग 65 प्रतिशत हिस्सा हैं। हम इस विशाल सामाजिक वर्ग की महिलाओं को उनके अधिकारों से वंचित नहीं कर सकते।

ओवैसी ने दावा किया कि उनकी बातें जब कई ओबीसी संगठनों तक पहुंचीं तो उनके नेता उन्हें धन्यवाद देने आए और कहा कि ओवैसी साहब, केवल आपने और आपकी पार्टी के सांसद इम्तियाज जलील ने पिछड़े वर्गों की महिलाओं के लिए आरक्षण का मुद्दा उठाया। एआईएमआईएम ने बिहार की 40में से एक दर्जन से अधिक लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ने की घोषणा की है। ओवैसी लोकसभा चुनाव का प्रचार करने बिहार आए थे।

## अब भारतीय सेना हवाई खतरों को आसमान में ही करेगी खत्म

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चीन और पाकिस्तान की सीमा पर हवाई खतरों और हमलों को आसमान में ही खत्म करने के लिए भारतीय सेना ने नई तैयारी कर ली है। सेना ने 6800 करोड़ रुपए से दो हथियार प्रणाली को एक्वायर करने का फैसला किया है। सेना 500 से ज्यादा लॉन्चर्स के साथ दोनों सीमाओं पर 3000 हजार से ज्यादा मिसाइलों को तैनात करेगी।

पहली मिसाइल कंधे से दागी जाने वाली मैन पोर्टेबल लेगला-एस मिसाइल. इसे रूस के साथ समझौते के तहत लाइसेंस लेकर भारत में ही बनाया जाता है। दूसरी मिसाइल है वेसहोरडा। यह स्वदेशी मिसाइल सिस्टम है। दोनों ही कम रेंज के लिए उपयुक्त हथियार प्रणाली है। इन मिसाइलों से दुश्मन के ड्रोन, हेलिकॉप्टर, फाइटर जेट्स, मिसाइलों को ढेर किया जा सकता है।

इग्ला-एस एंटी-एयरक्राफ्ट मिसाइल का वजन 10.8 किलोग्राम है। जबकि पूरे सिस्टम का वजन 18 किलोग्राम सिस्टम की लंबाई 5.16 फीट होती है। व्यास 72 मिलिमीटर. इस मिसाइल की नोक पर 1.17 किलोग्राम वजन का विस्फोटक लगाते हैं। लेगला-एस की रेंज 5 से 6 किलोमीटर है। अधिकतम 11 हजार फीट तक जा सकती है। यह मिसाइल 2266 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से टारगेट की तरफ बढ़ती है. यानी दुश्मन को बचने का मौका कम ही मिलता है। नई इग्ला-एस हैंड-हेल्ड एंटी-एयरक्राफ्ट मिसाइल भारतीय सेना में शामिल पुरानी इग्ला मिसाइल को बदलेगी।

वेरी शॉर्ट रेंज एयर डिफेंस सिस्टम को चीन और पाकिस्तान सीमा पर तैनात किया जाना है. इसके कई सफल परीक्षण हो चुके हैं। वेसहोरडएयर डिफेंस सिस्टम रूस के एस-400 जैसा है। अभी तक इसे जमीन पर रखे मैन पोर्टेबल लॉन्चर से दागा जाता था। अब इस लॉन्चर को ट्रक, बख्तरबंद वाहन, टैंक आदि पर भी लगा सकते हैं।

# 15 मई से पहले केजरीवाल के खिलाफ सप्लीमेंट्री चार्जशीट दायर कर सकती है ईडी !



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ईडी 15 मई से पहले सप्लीमेंट्री चार्जशीट दायर कर सकती है, जिसमें आम आदमी पार्टी को भी आरोपी बनाया जा सकता है। जानकारी के मुताबिक ईडी यदि आम आदमी पार्टी को आरोपी बनाती है तो यह पहली बार होगा जब किसी राजनीतिक दल के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग ऐक्ट में मुकदमा चलाया जाएगा। इससे आप के लिए बड़े संकट की शुरुआत हो सकती है।

रिपोर्ट में बताया गया है कि चार्जशीट को ड्राफ्ट किए जाने का काम फाइनल होने वाला है। यह भी बताया गया है कि पुराने चार्जशीट्स में आरोपी लगाए गए लोगों के अलावा इस बार 4-5 और नए नाम हो सकते हैं। अरविंद केजरीवाल और के कविता के अलावा सप्लीमेंट्री चार्जशीट में गोवा के राजनीतिक कार्यकर्ता चनप्रीत सिंह का भी नाम हो सकता है। सिंह को 15 अप्रैल को गिरफ्तार किया गया था। आरोप है कि वह गोवा विधानसभा चुनाव में उन्होंने आप की फंडिंग का प्रबंधन किया था। ईडी का दावा है कि घोटाले की रकम का इस्तेमाल गोवा में चुनाव प्रचार के लिए किया गया।

ईडी का कहना है कि इसके दायरे में राजनीतिक दल समेत कोई भी संगठन आ सकता है। जानकारों का मानना है कि यदि आप को आरोपी बनाया जाता है तो यह पार्टी के लिए अब तक का सबसे बड़ा संकट होगा। इससे पार्टी के बैंक अकाउंट से लेकर अन्य संपत्ति को सीज किया जा सकता है। कुछ जानकार तो यह भी कहते हैं कि ऐसा करना केजरीवाल की गिरफ्तारी से भी झटका होगा। पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को कथित शराब घाटोले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में 21 मार्च को गिरफ्तार किया गया था।

अधिकारियों के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है कि हवाला लेनदेन में शामिल कुछ और लोगों नाम भी चार्जशीट में सामने आ सकते हैं। ईडी अधिकारियों ने कहा कि राजनीतिक दल को आरोपी बनाना अभूतपूर्व है, लेकिन उन्होंने इसके लिए कानूनी सलाह ली है। दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने भी संकेत दिए थे कि आम आदमी पार्टी को आरोपी बनाया जा सकता है।

अदालतों में अलग-अलग आवेदनों की सुनवाई के दौरान ईडी के वकील ने बताया है कि आम आदमी पार्टी के खिलाफ पीएमएलए की धारा 70 के तहत कार्रवाई हो सकती है। इसका इस्तेमाल किसी कंपनी के खिलाफ किया जाता है।

# तारीख पर तारीख...लेकिन गाजीपुर लैंडफिल साइट आज भी प्रदूषण की निशानी बनी हुई

**अमेठी (एजेंसी)।** नई दिल्ली (ईएमएस)। गाजीपुर लैंडफिल दुनियाभर में जाना-पहचाना जाता है। आए दिन लैंडफिल को खत्म करने की मांग जोर पकड़ती रहती है, लेकिन इस बार ये तब चर्चा में आया जब इस पर भयंकर आग लग गई। इससे पूरा इलाका जहरीली गैस और धुएं से भर गया है। 70 एकड़ में फैली गाजीपुर लैंडफिल साइट की शुरुआत साल 1984 में शुरू हुई थी। इसकी ऊंचाई कुतुब मीनार के बराबर करीब 65 मीटर हो चुकी थी। हालांकि, अब ये घटकर 50 मीटर ऊंची है। पहले यहां करीब 140 लाख टन कचरा पड़ा हुआ था। साल 2024 में इस लैंडफिल को खत्म करने का लक्ष्य था, लेकिन अब साल 2026 तक बढ़ा दिया गया है।

साल 2019 में गाजीपुर लैंडफिल साइट पर जमे कूड़े को हटाने का काम शुरू हुआ था, तब वहां 140 मैट्रिक टन कूड़ा मौजूद था। उसके बाद एलजी की निगरानी में तय हुआ था कि साल 2024 तक लैंडफिल साइट को खत्म करके यहां पार्क विकसित किया जाएगा पर अब तक ऐसा नहीं हो पाया है। दिल्ली नगर निगम के आंकड़े के मुताबिक, 5 साल में 25 ट्रामेल मशीन की मदद से करीब 46 मैट्रिक टन कूड़े का ही निपटारा हो पाया है। इसकारण कूड़े के पहाड़ की ऊंचाई कम हुई है, लेकिन पूरी तरह खत्म नहीं हुई है और अभी तक इस पर 84 मैट्रिक टन कूड़ा बचा है।

अभी तक कूड़े के पहाड़ को खत्म करने के लिए 1 ही एजेंसी काम कर रही है, क्योंकि दूसरी एजेंसी के चयन की प्रक्रिया के लिए अब तक टेंडर नहीं आया है और इसका कारण है निगम की सबसे पावरफुल कमिटी स्टैंडिंग का गठन ही नहीं हो पाना क्योंकि दिल्ली नगर निगम एक्ट के मुताबिक, कोई भी टेंडर सबसे



पहले स्टैंडिंग कमिटी से अप्रूवल के बाद ही लाया जाता है। इसकारण गाजीपुर कूड़े के पहाड़ पर कचरा निस्तारण का काम 1 ही एजेंसी कर रही है। काम की गति धीमी होने के कारण कचरे के पहाड़ को पूरी तरह से खत्म करने की समय सीमा बढ़ाकर साल 2026 करनी पड़ी है।

## भाजपा एक पार्टी नहीं, एक पंथ बन गई जिसमें मोदी को पूजा जा रहा : चिदंबरम

तिरुवनंतपुरम । कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री पी.चिदंबरम ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार पर निशाना साधकर कहा कि भाजपा अब एक राजनीतिक पार्टी नहीं रही, बल्कि एक ऐसा पंथ बन गई है, जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पूजा करता है। कांग्रेस नेता चिदंबरम ने केंद्र पर निशाना साधकर कहा कि मोदी के 10 साल के शासन में भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता गंभीर रूप से कमजोर हुई है। उन्होंने लोगों से लोकतंत्र को बहाल'' करने की अपील की। चिदंबरम ने कहा कि भले ही कांग्रेस के घोषणापत्र में विवादास्पद नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) का उल्लेख नहीं किया गया है, लेकिन इंडिया गठबंधन के सत्ता में आने पर सीएए को निरस्त कर दिया जाएगा। चिदंबरम ने यह उम्मीद भी जाहिर कि'इंडिया गठबंधन तमिलनाडु की सभी 39 सीट और पुडुचेरी की एक सीट पर जीत हासिल करेगा। उन्होंने कहा, ''भाजपा ने 14 दिन में घोषणापत्र तैयार किया, जिसका शीर्षक घोषणापत्र नहीं है। उन्होंने अपने घोषणपत्र को मोदी की गारंटी कहा। भाजपा अब कोई राजनीतिक दल नहीं है। यह एक पंथ बन गई है और यह पंथ नरेन्द्र मोदी की पूजा करता है।'' चिदंबरम ने दावा किया कि 'मोदी की गारंटी' उन देशों की याद दिलाती है, जहां पंथ पूजा होती है। उन्होंने कहा, ''भारत में पंथ पूजा को ताकत मिलनी शुरू हो चुकी है, इससे तानाशाही को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा, यदि मोदी तीसरी बार सत्ता में आते हैं, तब वे संविधान में संशोधन कर सकते हैं.... हमें लोकतंत्र को बहाल करना होगा।''